फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 20 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -209, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ट्रंप मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा : कमला हैरिस 16

फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा 2

गृह विभाग के भी प्रमुख बने दीपक कुमार

- चुनाव आयोग ने तीन वरिष्ठ अफसरों के पैनल से चुना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर मंगलवार को वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने गृह विभाग की बागडोर भी संभाल ली। उन्हें इस पद पर तैनात रहे प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने लोकभवन स्थित कार्यालय में विधिवत कार्यभार सौंपा।

भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को उप्र समेत छह राज्यों के मुख्यमंत्री सचिवालय में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों से गृह विभाग का दायित्व वापस लेने का आदेश दिया था। यह विभाग सौंपने के लिए मुख्य सचिव से तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का पैनल मांगा गया था। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सोमवार को ही अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव खेल आलोक कुमार और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान के नाम का पैनल चुनाव आयोग को भेज दिया था।

निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश कुमार ने मंगलवार को जारी आदेश में मुख्य सचिव को पैनल में पहले स्थान पर शामिल दीपक कुमार को गृह विभाग का कार्यभार शाम पांच बजे तक सौंपने का आदेश दिया। इसकी मुख्य सचिव के साथ राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से भी रिपोर्ट मांगी गई। आदेश के अनुपालन में नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग की ओर से कार्यभार ग्रहण कराने का निर्देश आते ही कार्यभार सौंप दिया गया। दीपक कुमार 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं, वे वित्त विभाग के प्रमुख बने रहेंगे। जबकि संजय प्रसाद मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मुखिया बने रहेंगे।

पश्चिम बंगाल में फिर बदलाव, अब संजय मुखर्जी नए डीजीपी

कोलकाता। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय मुखर्जी को तत्काल प्रभाव से पश्चिम बंगाल का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त कर दिया। इससे पहले, सोमवार को डीजीपी राजीव कुमार को पद से हटाकर उनकी जगह विवेक सहाय को नया डीजीपी नियुक्त किया गया था लेकिन उन्हें भी 24 घंटे के भीतर पद से हटा दिया गया है। आयोग ने एक अधिसूचना में कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिरीक्षक एवं महानिदेशक पद के लिए संजय मुखर्जी के नाम को मंजूरी दे दी है। आयोग ने मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा भेजे गए तीन अधिकारियों के पैनल में से संजय मुखर्जी के नाम को मंजूरी दे दी।

पशुपति पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा पर सीट बंटवारे में नाइंसाफी करने का आरोप

केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्र सरकार से इस्तीफा दे दिया और आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में सीट बंटवारे की बातचीत में शामिल नहीं करके उनकी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के साथ नाइंसाफी कर रही है। पारस ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। इससे एक दिन पहले ही भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में अपने सीट-बंटवारा समझौते की घोषणा की थी और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) को पांच सीट देने का एलान किया था। पारस ने संवाददाता सम्मेलन में अपने इस्तीफे के बारे में संक्षिप्त बयान दिया, लेकिन अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में कुछ नहीं बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल भाजपा के किसी सहयोगी दल के एकमात्र नेता पारस ने सीट-बंटवारे को लेकर नाखुशी जताने से पहले प्रधानमंत्री को बड़ा नेता बताते हुए उनका आभार जताया। पारस ने कहा कि उन्होंने ईमानदारी और निष्ठा के साथ राजग की सेवा की लेकिन उनके साथ नाइंसाफी हुई। पारस की पार्टी के प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने कहा कि पार्टी नेता जल्द मिलकर आगे की कार्रवाई के बारे में निर्णय लेंगे। उन्होंने साफ किया कि पारस चुनाव लड़ेंगे।

झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुईं सीता सोरेन

रांची/नई दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और जामा से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक सीता सोरेन ने पार्टी को झटका देते हुए मंगलवार को इस्तीफा दे दिया और लोकसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी सुप्रीमो और अपने ससुर शिबू सोरेन को लिखे इस्तीफे में सीता ने कहा कि उनके पति दुर्गा सोरेन के निधन के बाद पार्टी ने उन्हें तथा उनके परिवार को पर्याप्त सहयोग नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वह झामुमो में उपेक्षित महसूस कर रही थीं।

एक नजर

संजय सिंह ने राज्यसभा सदस्यता की ली शपथ

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जेल में बंद हैं और शपथ लेने के लिए उन्हें जेल से लाया गया था। शपथ लेने के बाद उन्हें दोबारा जेल ले जाया गया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संजय सिंह को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पिछले वर्ष अक्टूबर से जेल में हैं। इससे पहले भी सिंह ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ लेने के लिए अदालत से अनुमति ली थी लेकिन उस समय उन्हें तकनीकी कारणों से शपथ नहीं दिलायी जा सकी थी।

कार से पांच किग्रा अफीम बरामद, एक गिरफ्तार

अजमेर। राजस्थान में अजमेर संभाग के केकड़ी जिले के भिनाय थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को कार से पांच किलोग्राम अफीम बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग से एक कार में मादक पदार्थ परिवहन किया जा रहा है। पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 बांदनवाड़ा सीमा से निकल रही कार को रुकवा कर जब तलाशी ली तो उसमें से मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई।

सुप्रीम कोर्ट का सीएए पर रोक से इनकार, केंद्र सरकार को नोटिस

- तीन सप्ताह में पक्ष रखने को कहा अगली सुनवाई नौ अप्रैल को
- 237 याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को केंद्र ने मांगे 4 सप्ताह

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)-2019 और नागरिक संशोधन नियम- 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर मंगलवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तारीख नौ अप्रैल मुकर्रर की। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तत्काल रोक लगाने से इनकार करते हुए केंद्र सरकार को जवाब देने का निर्देश दिया।

पीठ ने सीएए अधिनियम और नियमों के तहत नागरिकता देने से केंद्र सरकार को रोकने का निर्देश देने की याचिकाकर्ताओं की गुहार ठुकराते हुए कहा कि हम कोई प्रथम दृष्टया विचार व्यक्त नहीं कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने हालांकि, केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके उसे अपना पक्ष तीन सप्ताह के भीतर रखने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील देते हुए जबाव के लिए चार सप्ताह का समय देने की गुहार लगाई। उन्होंने पीठ के समक्ष कहा कि दो सौ 37 याचिकाएं हैं। रोक (सीएए पर) लगाने की मांग करते हुए 20 आवेदन हैं। मुझे जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। कहा कि अधिनियम (सीएए) किसी की नागरिकता नहीं छीनता है। याचिकाकर्ताओं के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है।

..तो अपरिवर्तनीय हो जाएगी पूरी प्रक्रिया

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, इंदिरा जयसिंह और विजय हंसारिया ने चार सप्ताह का समय देने की केंद्र के अनुरोध का विरोध किया। अधिवक्ताओं ने पीठ से बार -बार अनुरोध किया कि कहा कि वह सॉलीसीटर जनरल मेहता से बयान देने को कहें कि इस बीच (याचिकाओं पर फैसला होने तक) किसी को नागरिकता नहीं दी जाएगी, क्योंकि एक बार नागरिकता मिलने के बाद पूरी प्रक्रिया अपरिवर्तनीय हो जाएगी और मामला निरर्थक हो जाएगा। इस पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि ''मैं कोई बयान नहीं देने जा रहा हूं।

मुस्लिम लीग व अन्य ने दायर की हैं याचिकाएं

याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी करते हुए मामले को नौ अप्रैल के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाएं इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अन्य की ओर से दायर की गई थी। शीर्ष अदालत ने 15 मार्च को इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का पक्ष रख रहे सिब्बल की शीघ्र सुनवाई की गुहार स्वीकार करते हुए मामले को 19 मार्च के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। याचिका में अदालत से केंद्र सरकार को यह निर्देश देने की गुहार लगाई गई है कि मौजूदा रिट याचिका पर फैसला आने तक किसी भी धर्म या संप्रदाय के सदस्य के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं हो सकती।

पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन से संबंधित मामला

मानहानि नोटिस का जवाब नहीं देने पर सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु को किया तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- अदालत ने कहा-बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर रखें अपना पक्ष

सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु बाबा रामदेव को पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों के मामले में उनके खिलाफ अदालत की अवमानना कार्रवाई के तहत जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल नहीं करने पर व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के जवाब दाखिल करने में विफलता पर नाराजगी व्यक्त की और उनके बारे में कहा कि वे विज्ञापन के मामले में प्रथम दृष्ट्या दोषी करार दिए गए थे। इस पर उनका पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कड़ी आपत्ति जताई।

पीठ ने रोहतगी से कहा कि आप हमारे आदेशों की अवहेलना कैसे कर सकते हैं...पहले हमारे हाथ बंधे हुए थे। पीठ ने उनसे कहा कि आप नोटिस का जवाब नहीं दे रहे और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। शीर्ष अदालत ने रोहतगी की राहत देने संबंधी तमाम दलीलें खारिज करते हुए कहा कि आदेश में संशोधन का कोई सवाल ही नहीं है। शीर्ष अदालत ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर 29 फरवरी को सुनवाई करते हुए संबंधित कंपनी और उसके एमडी आचार्य बालकृष्ण को कारण बताओ अवमानना नोटिस जारी करते हुए कहा था कि पूरे देश को धोखा दिया जा रहा है। पीठ ने केंद्र सरकार को विज्ञापन मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई नहीं करने लिए फटकार लगाई थी और कहा था कि चेतावनी के बावजूद भ्रामक विज्ञापनों के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने पतंजलि को बीपी, मधुमेह, अस्थमा और कुछ अन्य बीमारियों से संबंधित सभी विज्ञापन जारी करने पर अंतरिम रोक लगा दी थी। शीर्ष अदालत ने कथित तौर पर भ्रामक विज्ञापन जारी रखने के लिए पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण को अदालत की अवमानना का कारण बताओ नोटिस जारी किया था। पीठ ने कहा था कि अदालत बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को अवमानना कार्रवाई मामले में पक्षकार बनाएगी, क्योंकि दोनों की तस्वीरें विज्ञापन में हैं। शीर्ष अदालत ने पतंजलि आयुर्वेद को कई बीमारियों के इलाज के लिए उसकी दवाओं के विज्ञापनों में झूठे और भ्रामक दावे करने के लिए पिछले साल नवंबर में आगाह किया था।

फर्रुखाबाद रोड पर हादसा, बारातियों की कार डंपर में घुसी, 3 लोगों की मौत

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

- मृतकों में दूल्हे का मामा भी शामिल, एक घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया
- तालग्राम के पलिया बूंचपुर गांव से फर्रुखाबाद गई थी बारात डंपर चालक फरार

अमृत विचार : छिबरामऊ-फर्रुखाबाद रोड पर काली नदी पुल के पास सोमवार रात एक बजे बारातियों से भरी कार रोड के किनारे खड़े डंपर में पीछे से घुस गई। हादसे में दूल्हे के मामा व कार चालक समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद डंपर चालक फरार हो गया।

तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया बूंचपुर से तिलक सिंह शाक्य के बेटे प्रवीण की बारात सोमवार की शाम फर्रुखाबाद के सातनपुर मंडी गांव में गई थी। देर रात कुछ बाराती कार से घर लौट रहे थे। फर्रुखाबाद-छिबरामऊ मार्ग पर काली नदी पुल के पास चालक को झपकी आने से एक कार रोड के किनारे खड़े डंपर में घुस गई। हादसे में छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कसावा निवासी कार चालक रामखेलावन उर्फ दीपू कश्यप, तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम बूंचपुर निवासी रामजीत प्रजापति तथा दूल्हे के मामा विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मोहकमपुर निवासी अनमोल शाक्य की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम नगला नुनार असेह निवासी शिवम शाक्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटनास्थल फर्रुखाबाद जिले के थाना जहानगंज के अंतर्गत आता है, इसलिए एफआईआर वहीं दर्ज की जाएगी।

पहले चरण के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

लोकसभा चुनाव

लखनऊ। प्रदेश में पहले चरण चरण में 8 लोकसभा सीटों के लिए बुधवार (20 मार्च) को चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी। इस चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए 20 मार्च से चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है। प्रथम चरण में 8 सीटों के लिए निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही, इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

मोदी की गारंटी का हश्र इंडिया शाइनिंग वाला होगा : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीडब्ल्यूसी की बैठक में लोस चुनाव के घोषणा पत्र पर हुआ मंथन
- घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटी, कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि देश बदलाव चाहता है तथा इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की गारंटी का वही हश्र होगा जो वर्ष 2004 में ''इंडिया शाइनिंग'' (भारत उदय) नारे का हुआ था। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के घोषणापत्र को घर-घर तक ले जाना होगा। कार्य समिति ने खरगे को लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र को मंजूरी देने और इसे जारी करने की तिथि निर्धारित करने के लिए भी अधिकृत किया। पार्टी का कहना है कि यह उसका सिर्फ एक चुनावी घोषणापत्र नहीं, बल्कि न्याय पत्र होगा तथा वह घर-घर गारंटी लेकर जाएगी। कार्य समिति की बैठक में घोषणापत्र के उस मसौदे पर विस्तृत चर्चा की गई जिसे पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अध्यक्षता वाली समिति ने तैयार किया है। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय- भागीदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा। इनमें 25 गारंटी होंगी जिनकी घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले ही कर चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि अगले कुछ दिनों के भीतर कांग्रेस अपना घोषणापत्र जारी कर सकती है। कार्य समिति की बैठक में पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, घोषणापत्र समिति के प्रमुख पी चिदंबरम और कार्य समिति के कई अन्य सदस्य शामिल हुए। बैठक के बाद वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस कार्य समिति ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र पर विस्तृत चर्चा की। करीब साढ़े तीन घंटे तक चर्चा हुई। चर्चा के बाद कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत किया गया कि वह घोषणापत्र को अनुमोदित करें और इसे जारी करने की तिथि निर्धारित करें।

चीनी वीजा घोटाले में कार्ति चिदंबरम कोर्ट में तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईडी के आरोप पत्र पर कांग्रेस सांसद व अन्य को समन

दिल्ली की एक अदालत ने कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मंगलवार को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य को समन जारी कर पांच अप्रैल को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए आरोपियों को तलब किया। न्यायाधीश ने कार्ति चिदंबरम, उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस भास्कर रमन को और कुछ कंपनियों के प्रतिनिधियों सहित छह अन्य को पांच अप्रैल को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। आरोपियों में पदम दुगार, विकास मखारिया, मंसूर सिद्दीकी, दुगार हाउसिंग लिमिटेड, एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड और तलवंडी साबो पावर लिमिटेड भी शामिल हैं। ईडी ने 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने से संबंधित कथित घोटाले में आरोपियों के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। कथित घोटाले के समय कार्ति के पिता पी चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात

एनडीए गठबंधन में शामिल हो सकती है मनसे

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा भी महाराष्ट्र में गठबंधन को मजबूत करने को इच्छुक

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता राज ठाकरे ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह मुलाकात इस बात का संकेत है कि भाजपा महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में अपने गठबंधन को मजबूत करने के लिए राज ठाकरे के साथ गठबंधन की इच्छुक है। ठाकरे सोमवार को यहां पहुंचे और जब वह शाह से मिले तब भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े भी मौजूद थे। अगर गठबंधन हो जाता है तो मनसे को मुंबई में एक सीट दी जा सकती है जहां उनके चचेरे भाई उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले शिवसेना के गुट का कुछ प्रभाव है। जब शिवसेना एकजुट थी तब राज ठाकरे ने इससे नाता तोड़ लिया था। बाद में शिवसेना की अगुवाई उद्धव ठाकरे ने की। राज ठाकरे के अच्छा वक्ता होने के बावजूद उनकी मनसे खासा प्रभाव नहीं डाल सकी। राज ठाकरे की ओर से उत्तर भारतीयों को लेकर अतीत में दिए गए विवादित बयानों की भाजपा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने तीखी आलोचना की थी।

महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने मंगलवार को कहा कि अगर राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) भाजपा नेतृत्व की महायुति में शामिल हो जाती है तो इससे सत्तारूढ़ गठबंधन और मजबूत होगा और राज्य विधानसभा एवं स्थानीय निकाय चुनावों में उसकी संभावनाएं बढ़ जाएंगी। महायुति में सत्तारूढ़ भाजपा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं।

राज ठाकरे-शाह की मुलाकात आश्चर्यजनक नहीं : राकांपा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने कहा कि राज ठाकरे की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि पहले से ही महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख की भाजपा से निकटता के संकेत थे। राकांपा प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने दावा किया कि मनसे नेता ठाकरे केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं और वह अपनी पार्टी को बचाने की कोशिश करते रहे हैं। दावा किया कि ठाकरे की मनसे लड़खड़ा रही है और बैठक उन्हें बचा सकती है।

वाणिज्य कर के उपायुक्त घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सतर्कता अधिष्ठान ने की कार्रवाई, दो लाख मांगे थे

अमृत विचार : सतर्कता अधिष्ठान ने वाणिज्य कर उपायुक्त को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई अधिष्ठान द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर एक कंपनी की शिकायत पर की गई। जीएसटी में संसोधन कर लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उपायुक्त पर दो लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप था।

अधिकारियों ने बताया कि रिश्वत विरोधी हेल्प लाइन पर एक एक्पोर्ट कम्पनी के प्रतिनिधि ने कॉल करके बताया कि वाणिज्य कर के डिप्टी कमिश्नर (जीएसटी) धनेंद्र कुमार पांडेय द्वारा उनकी कम्पनी के जीएसटी रिफण्ड पास करने के एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायतकर्ता को कार्यालय बुलाकर पुलिस अधीक्षक, अभिसूचना डॉ.अरविन्द चतुर्वेदी ने पूछताछ की, कंपनी प्रतिनिधि ने बताया कि उनकी कंपनी आर्डेम डेटा सर्विसेज प्रालि कई वर्षों से अमेरिका की कम्पनी से उपलब्ध कराए गए स्कैन्ड डाटा शीट्स को एक डैशबोर्ड में डिजिटल फार्म में तैयार कर वापस भेजती है। उक्त कार्य के लिए कंपनी ने जीएसटी में 20 लाख रिफण्ड क्लेम किया था।

एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी करेंगे सिद्धू

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल के जरिए एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी के लिए तैयार पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि इस लीग से केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य देशों को भी अपनी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मदद मिलेगी। कमेंट्री बॉक्स में वापसी से तीन दिन पहले हमेशा की तरह उत्साहित सिद्धू ने कहा कि क्रिकेट मेरा पहला प्यार है। अगर आपका शौक आपका पेशा बन जाए तो इससे बेहतर कुछ नहीं। एक बत्तख का बच्चा कभी तैरना नहीं भूलेगा, मैं कमेंट्री में उसी तरह उतरूंगा जैसे मछली पानी में उतरती है।

सिद्धू ने कमेंट्री में खास पहचान बनाई थी लेकिन इसके बाद वह राजनीति में व्यस्त हो गए थे। अब वह आईपीएल के साथ अपनी पुरानी पारी शुरू करने को तैयार हैं।

● इस लीग से भारत ही नहीं अन्य देशों को भी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मिलेगी मदद

आईपीएल के तुरंत बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप खेला जाएगा। सिद्धू ने कहा कि आईपीएल विश्व कप के लिए माहौल तैयार करेगा। इस दौरान कोई अन्य क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं होगा। दुनिया की नजरें आईपीएल पर टिकी रहेंगी। इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने पर केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशी खिलाड़ी भी टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में जगह बना सकते हैं।

सिद्धू ने भारतीय टीम के पिछले वनडे विश्व कप में प्रदर्शन के बारे में कहा कि विश्व कप में वे बहुत अच्छा खेले। केवल एक मैच उनके अनुकूल नहीं रहा। एक खराब मैच से टीम का भविष्य तय नहीं हो सकता है। भारतीय टीम लंबे समय तक राज करेगी क्योंकि क्रिकेटरों को तैयार करने की प्रणाली बहुत अच्छी और अनुकूल है। हमारे समय में खराब फॉर्म के बावजूद खिलाड़ी को टीम में रखा जाता था क्योंकि कोई नया खिलाड़ी तैयार नहीं रहता था। अब हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में कप्तान के रूप में भारतीय कप्तान की जगह ले रहा है क्योंकि उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

रोहित और विराट के टी-20 भारतीय टीम में चुने जाने की पैरवी की

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने पिछले टी-20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप में बहुत अधिक मैच नहीं खेले हैं, लेकिन उनकी आगामी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना है। सिद्धू ने इन दोनों का टीम में चयन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों की वहां जरूरत पड़ेगी। वह क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी हैं। फॉर्म सुबह की ओस की तरह होती है जो कुछ समय के लिए रहती है, लेकिन कौशल हमेशा बना रहता है। मैं कोहली को भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों की सूची में शामिल करूंगा और इसका एकमात्र कारण उनकी फिटनेस है। उम्र बढ़ने के साथ वह अधिक फिट होते जा रहे हैं। तकनीकी तौर पर वह शानदार बल्लेबाज हैं तथा तीनों प्रारूप में खुद को ढालने की उनकी क्षमता अद्भुत है। यही बात रोहित पर भी लागू होती है।

कोहली ने भारत के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है: मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी

आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि उनकी टीम डब्ल्यूपीएल में खिताबी जीत के संदर्भ में विराट कोहली की बेंगलुरु फ्रेंचाइजी के लिए हासिल की गई उपलब्धियों को कम करके आंकना गलत होगा। मंधाना की अगुवाई में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में ही चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया जबकि उसकी पुरुष टीम 16 वर्षों में आईपीएल का खिताब जीतने में नाकाम रही। इस दौरान एक दशक तक कोहली टीम के कप्तान रहे।

मंधाना ने कहा कि खिताब अलग चीज है, लेकिन कोहली ने देश के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है। इसलिए मैं अभी करियर के जिस मोड़ पर हूं और उन्होंने जो कुछ हासिल किया है, उसे देखते हुए मुझे नहीं लगता की तुलना करना सही है। मैं तुलना करना इसलिए सही नहीं मानती क्योंकि उन्होंने जो हासिल किया है उसका कोई सानी नहीं है। वह प्रेरणादायी हैं। एक खिताब कई चीजों को परिभाषित नहीं करता है। हम सभी उनका सम्मान करते हैं। मंधाना और कोहली दोनों 18 नंबर की जर्सी पहनते हैं। उन्होंने कहा कि इस आधार पर दोनों के बीच तुलना करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं इसे 18 नंबर की जर्सी की तुलना नहीं कहूंगी। जर्सी नंबर केवल व्यक्तिगत पसंद होती है। मेरे जन्मदिन की तारीख 18 है और मेरा जर्सी नंबर 18 है। इससे इस बात का पता नहीं चलता है कि वह कैसे खेलते हैं और मैं कैसे खेलती हूं।

खेल डायरी

काउंटी चैंपियनशिप में फिर ससेक्स से खेलेंगे उनादकट

होव, एजेंसी। भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट इस साल काउंटी चैंपियनशिप में इंग्लैंड के क्लब ससेक्स से अंतिम पांच मैचों में खेलेंगे। भारत की तरफ से चार टेस्ट खेलने वाले उनादकट ने पिछले सत्र में ससेक्स से काउंटी चैंपियनशिप में चार मैच में 11 विकेट लिए थे। उनकी टीम तब डिवीजन दो में तीसरे स्थान पर रही थी। उनादकट ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के रूप में खेला था। सौराष्ट्र ने 2019-20 में उनादकट की अगुवाई में रणजी का खिताब जीता था। पिछले सत्र में उनादकट ने लीस्टरशर के खिलाफ दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर टीम को 15 रन से जीत दिलाने में भूमिका निभाई थी और वह फिर से यह प्रदर्शन दोहराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अंतिम क्वालीफाइंग के लिए चुनी 12 सदस्यीय टीम

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह, मेराज अहमद खान और विश्व कप विजेता गनेमत सेखों को ओलंपिक के लिए दोहा में 19 से 29 अप्रैल तक होने वाले अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए मंगलवार को 12 सदस्यीय शॉटगन टीम में चुना गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने जुलाई अगस्त में होने वाले कई अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए टीम की घोषणा की। इसमें चार कोटा दाव पर लगे होंगे, जिसमें पुरुष और महिला टीम के लिए ट्रैप एवं स्कीट में एक एक कोटा होगे। तीन टीम में पुरुष ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडाईमान और विवान कपूर जबकि महिला ट्रैप के लिए श्रेयसी और मनीषा कीर तथा मेराज और शीराज शेख पुरुष स्कीट और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में शामिल होने वाले निशानेबाज हैं।

चोट से अमेरिका में मैत्री मैच नहीं खेल पाएंगे मेसी

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी दाहिने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव से अमेरिका में इस महीने होने वाले दो मैत्री मैचों में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने यह जानकारी दी। मेसी पिछले सप्ताह इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए चोटिल हो गए थे। अर्जेंटीना को शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर के खिलाफ मैच खेलना है जबकि इसके चार दिन बाद वह लॉस एंजेलिस में कोस्टारिका का सामना करेगा। छत्तीस वर्षीय मेसी इन दोनों मैच में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना इस साल जून जुलाई में अमेरिका में होने वाले कोपा अमेरिका की तैयारियों के सिलसिले यह मैच खेल रहा है। अर्जेंटीना के स्ट्राइकर पाउलो डायबाला और मिडफील्डर एक्सक्विल पलासियोस भी चोटिल होने के कारण इन मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला की रद

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान में महिलाओं की खराब स्थिति का हवाला देते हुए इस साल अगस्त में अफगानिस्तान की पुरुष टीम के खिलाफ होने वाली तीन टी-20 मैच की घरेलू श्रृंखला रद कर दी है। तालिबान ने अफगानिस्तान में सत्ता में लौटने के बाद लड़कियों के स्कूल और कॉलेज जाने पर रोक लगा दी। यही नहीं उसने महिला सहायता कर्मचारियों को काम करने से रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया का आगामी श्रृंखला स्थगित करने का मतलब है कि उसने अफगानिस्तान को लेकर अपना कड़ा रवैया जारी रखा है। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले नवंबर 2021 में होबार्ट में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच को भी रद कर दिया था। इसके बाद उसने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली तीन मैच की वनडे श्रृंखला भी स्थगित कर दी थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि पिछले 12 महीनों में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान की स्थिति को लेकर ऑस्ट्रेलिया की सरकार के साथ परामर्श जारी रखा था। सरकार ने सलाह दी है कि अफगानिस्तान में महिलाओं की स्थिति बदतर होती जा रही है। इस कारण हमने अपनी पूर्व की स्थिति को बरकरार रखा है और अफगानिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला स्थगित कर देंगे। अफगानिस्तान आईसीसी का एकमात्र पूर्णकालिक सदस्य देश है, जिसने दक्षिण अफ्रीका में खेले गए अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में अपनी टीम नहीं भेजी थी क्योंकि देश ने महिलाओं पर क्रिकेट खेलने से रोक लगा दी है।

रोहित ने हार्दिक और बुमराह का समर्थन किया: पटेल

पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की

मुंबई, एजेंसी

पूर्व भारतीय क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने मंगलवार को कहा की हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह जब आईपीएल में मुंबई इंडियंस की तरफ से संघर्ष कर रहे थे तब रोहित शर्मा ने उनका पूरा समर्थन किया था। पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की और कहा कि मुंबई के क्रिकेटर ने कभी कोई गलती नहीं की जबकि चेन्नई के कप्तान ने आईपीएल में अपने लंबे करियर के दौरान कुछ गलतियां की।

पार्थिव ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि रोहित ने हमेशा अपने खिलाड़ियों का समर्थन किया। इसका सबसे अच्छा उदाहरण हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह हैं। बुमराह 2014 में मुंबई इंडियंस से जुड़े और 2015 तक उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। उन्होंने कहा कि वे यहां तक की आधे सत्र के बाद उन्हें वापस भेजने पर विचार कर रहे थे, लेकिन रोहित शर्मा को उनकी योग्यता पर भरोसा था और 2016 के बाद उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा। पार्थिव ने कहा कि ऐसा ही हार्दिक पंड्या के साथ हुआ। वह 2015 में आया और लोकप्रिय बन गया। 2016 में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था लेकिन मुंबई इंडियंस ने उन पर भरोसा बनाए रखा। इस पूर्व विकेटकीपर ने रोहित शर्मा की कप्तानी की प्रशंसा भी की।

उन्होंने कहा कि मैच में जब तनावपूर्ण पल होते हैं तो कुछ गलत फैसले या गलतियां हो सकती हैं लेकिन रोहित शर्मा की कप्तानी की विशेषता यह है कि पिछले 10 वर्ष में उन्होंने कोई गलती नहीं की। यहां तक की धोनी ने भी गलतियां की, लेकिन आपने रोहित शर्मा को कभी गलती करते हुए नहीं देखा होगा।

हैदराबाद के पहले तीन आईपीएल मैच नहीं खेलेंगे हसारंगा

कोलंबो, एजेंसी। आल राउंडर वानिंदु हसारंगा को 22 मार्च से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए श्रीलंकाई टीम में शामिल किया गया है, जिससे वह सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल के कम से कम पहले तीन मैच नहीं खेल पाएंगे। हसारंगा श्रीलंका के लिए चार टेस्ट मैच खेल चुके हैं और उन्होंने पिछले साल अगस्त में सफेद गेंद के क्रिकेट पर ध्यान लगाने के लिए लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी थी, लेकिन मंगलवार को इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को श्रीलंका की 17 सदस्यीय टीम में चुना गया। पहला टेस्ट 22 से 26 मार्च तक सिलहट में और दूसरा टेस्ट 30 मार्च से तीन अप्रैल तक चटगांव में खेला जाएगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने हसारंगा को 1.5 करोड़ रुपये में उनके आधार मूल्य में खरीदा था। आईपीएल का अभी दो हफ्तों का ही कार्यक्रम घोषित हुआ है, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद का सामना 23 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा जबकि 27 मार्च को उसे हैदाराबाद में मुंबई इंडियंस से खेलना है। फिर 31 मार्च को उसका सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। देखना होगा कि यह स्पिनर पांच अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उपलब्ध होगा या नहीं।

दिल्ली के लिए पंत के साथ मैच में जीत पाना कुशाग्र का लक्ष्य

विशाखापत्तनम, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए आईपीएल अनुबंध मिलना ही सपना साकार होना था और अब वह ऋषभ पंत के साथ खेलने को बेताब हैं क्योंकि वह उन जैसे स्टार खिलाड़ियों को खेलते हुए देखकर ही बड़े हुए हैं। झारखंड के बोकारो के कुशाग्र ने 19 प्रथम श्रेणी मैच में 1245 रन बनाए हैं और इस समय वह टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्हें फ्रेंचाइजी ने 7.2 करोड़ में खरीदा था। कुशाग्र के साथ आल राउंडर सुमित कुमार और रिकी भुई टीम के नए खिलाड़ियों में शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि मैं पहली बार आईपीएल का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा। मेरा उद्देश्य टीम के लिए मैच जीतना होगा। मैंने पहली बार ऋषभ पंत के साथ बल्लेबाजी की और उन्होंने मेरे खेल के लिए काफी कुछ गुर दिए। वह एक हाथ से शॉट लगा रहे थे और छक्के जड़ रहे थे। वह गेंद अच्छी तरह हिट कर रहे थे, उम्मीद है कि हम दोनों मिलकर दिल्ली के लिए मैच जीतेंगे। सुमित को तीन साल के इंतजार के बाद आईपीएल अनुबंध मिला और इस खिलाड़ी ने 2019 में हरियाणा में प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। वहीं भुई को लगता है कि वह सही समय पर लय में आ रहे हैं जो पहले हैदराबाद के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि घरेलू मैदान में मुझे आईपीएल खेलने को मिलेगा। मैं यहां की परिस्थितियों से वाकिफ हूं। अपने परिवार और दोस्तों के सामने खेलना शानदार होगा। मैं टीम के लिए ज्यादा से ज्यादा मैच जीतना चाहूंगा। दिल्ली कैपिटल्स अपना पहला मैच 23 मार्च को चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगी।

मियामी ओपन में जीते नागल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराकर शानदार शुरुआत की। इस खिलाड़ी ने क्वालीफायर के पहले दौर में डायलो को 7-6(3) 6-2 से पराजित किया।

पिछले महीने चेन्नई ओपन की जीत के बाद विश्व के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले नागल अगले दौर में कोलमैन वोंग का सामना करेंगे। नागल ने पहले सेट को टाई ब्रेकर में जीतने के बाद दूसरे सेट में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने इस सेट के पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ी। इस जीत से नागल सर्वश्रेष्ठ 92वीं रैंकिंग पर पहुंच सकते हैं। नागल ने राफेल नडाल के हटने से अपने पिछले टूर्नामेंट इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी लेकिन तब वह पहले दौर में मिलोस राओनिच से हार गए थे। इस खिलाड़ी ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में भी जगह बनाई थी।

विनेश-साक्षी का पीएम से बृजभूषण को बाहर करने का आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बृजभूषण शरण सिंह जैसे लोगों को खेलों से बाहर करने का आग्रह करते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को प्रशासनिक अधिकार सौंपने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की निंदा की।

इन दोनों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कड़े शब्दों का उपयोग किया है तथा प्रधानमंत्री से इस हस्तक्षेप की अपील की है। ये दोनों उन प्रदर्शनकारी पहलवानों में थीं जिन्होंने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। अगले महीने 50 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक क्वालीफायर्स में भाग लेने की तैयारी में जुटी फोगाट ने पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री जी स्पिन मास्टर हैं, अपने प्रतिद्वंदियों के भाषणों का जवाब देने के लिए 'महिला शक्ति' का नाम लेकर बात को घुमाना जानते हैं। नरेंद्र मोदी जी, हम महिला शक्ति की असल सच्चाई भी जान लीजिए। महिला पहलवानों का शोषण करने वाला बृजभूषण फिर से कुश्ती पर काबिज हो गया है। उम्मीद है कि आप महिलाओं को ढाल बनाकर इस्तेमाल नहीं करेंगे, बल्कि खेल संस्थाओं से ऐसे अत्याचारियों को बाहर करने के लिए कुछ करेंगे। साक्षी मलिक ने कहा कि महासंघ के पदाधिकारी ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे कानून से ऊपर हैं। इतिहास गवाह है कि इस देश के ताकतवर लोगों ने महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ किया है, लेकिन संपन्न दुराचारी इतना ताकतवर है कि वो सरकार, संविधान और न्यायपालिका सबसे ऊपर है। सरकार द्वारा कुश्ती संघ को निलंबित करने के बाद बृजभूषण व संजय सिंह ये बयान देते रहे कि यह निलंबन सिर्फ़ दिखावा है, कुछ दिन बाद हम बहाल हो जाएंगे और हमारा ही कुश्ती संघ पर क़ब्ज़ा रहेगा। साक्षी ने कहा कि ये बात सच साबित हुई और संघ के पत्र ने इस पर मुहर लगाया कि इस नये भारत में भी नारियों के अपमान की पुरानी परंपरा क़ायम रहेगी। इन पहलवान की यह कड़ी प्रतिक्रिया भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा देश में कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति को भंग करने और बृजभूषण के करीबी सहयोगी संजय सिंह के नेतृत्व में डब्ल्यूएफआई को बागडोर सौंपने के एक दिन बाद आई है।

बॉलीवुड हलचल

कुणाल ने लिखा फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं...

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है। कुणाल मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है।गाना के साथ कुणाल ने गायन-गीत लेखन के क्षेत्र में डेब्यू किया है। हम यहीं गाना कुणाल द्वारा सह-संगीतबद्ध, गाया और लिखा गया है। गाना हम यहीं दोस्तों के अनमोल यादों को याद दिलाता है, जिसमें साझेदारी और खुशी का एहसास है। गाने का संगीत अंकुर तिवारी कंपोज किया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी मडगांव एक्सप्रेस एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा

मुंबई, एजेंसी। जी बायोस्कोप प्रस्तुत फिल्म बड़की माई में जय यादव के साथ बंगाली ब्यूटी मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता मुख्य किरदार में नजर आएगी। फिल्म के निर्माता दीपक शाह जबकि निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। निर्माता दीपक शाह ने कहा कि बड़की माई शानदार फिल्म है और इसमें जय यादव की भूमिका महत्वपूर्ण है। जय यादव इंडस्ट्री के बेहतरीन कलाकारों में से है और उनकी फिल्म को दर्शकों से खूब सराहना मिलती है। उम्मीद हैं कि वे फिल्म में भी अपनी अदाकारी से सबों का दिल जीत लेंगे। निर्देशक सुजीत वर्मा ने कहा कि फिल्म की पटकथा दर्शकों को लुभाने वाली है। जय जैसे कलाकार के होने से फिल्म बेहद अच्छी बन रही है। जय का अभिनय इन दिनों दर्शकों में बेहद लोकप्रिय है और उनके साथ सेट पर काम करने वाले लोग भी बेहद सहज हैं। इसलिए हमें लगता है कि हम सब मिलकर बेहतरीन फिल्म लेकर आने वाले हैं जो भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी। वहीं, जय ने बताया कि बड़की माई की कहानी सामाजिक सरोकारों से जुड़ी है और यह दर्शकों के दिलों दिमाग पर छा जाने वाली है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में हर किरदार जरूरी है और जिसका एक दूसरे के साथ सामान्य से भी बेजोड़ देखने को मिलेगा। निर्देशक सुजीत वर्मा के साथ काम करने का अनुभव बेहद खास होने वाला है। वह इससे पहले कई हिट फिल्में दे चुके हैं और अब हम लोग एक बड़े प्रोजेक्ट पर पूरे की जान से लगे हैं। उम्मीद करते हैं कि जब यह फिल्म सिनेमाघर में रिलीज होगी। फिल्म बड़की माई में विमल पांडे, माया यादव, राजेश तोमर और नीलम पांडे की भी अहम भूमिका है।

सुमन राज और काजल त्रिपाठी का नया गीत रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका सुमन राज और अभिनेत्री काजल त्रिपाठी का नया होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' रिलीज हो गया है। होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को सुमन राज ने गाया है जबकि काजल त्रिपाठी पर फिल्माया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को शुभदयाल सोहरा एवं कृष्णा संगम ने लिखा है, जबकि संगीतकार विक्की वॉक्स हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है।

हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में 29 को रिलीज होगी महादेव का गोरखपुर



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में बनी भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार रवि किशन की मल्टीलैंग्वेज फिल्म महादेव का गोरखपुर हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में भी 29 मार्च को रिलीज होगी। रवि किशन अभिनीत फिल्म महादेव का गोरखपुर 29 मार्च से एक-साथ देश-विदेश में प्रदर्शन के लिए तैयार है। फिलहाल इस फिल्म को बिहार में 72, उत्तरप्रदेश में 52, पश्चिम बंगाल और आसाम के 23 थियेटर में सिनेपोलिस द्वारा रिलीज किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनावों में महादेव भक्त रवि किशन इस बार पुन: गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। रवि किशन ने बताया कि गोरखपुर वास्तव में शिव जी की ही नगरी है और फिल्म महादेव का गोरखपुर में महादेव प्रभु की जिस तरह से भक्ति स्तुति की गई है, वह अवर्णनीय है। पूरी शूटिंग गोरखपुर और आसपास के लोकेशन पर ही की गई है, जिसमें महादेव की गोरखपुर के प्रति आस्था भी बखूबी दिखाई गई है। महादेव का गोरखपुर एक बेहद ही शानदार फिल्म है और इसमें दर्शकों को भरपूर आनंद भी मिलेगा। रवि किशन के होम प्रोडक्शन रवि किशन प्रोडक्शन्स और वाया फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म के लेखक साई नारायण हैं, फिल्म का निर्देशन दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर निर्देशक राजेश मोहनन ने किया है। महादेव का गोरखपुर के निर्माता प्रितेश शाह और सलिल शंकरन, वहीं फिल्म के सह निर्माता अरविंद सिंह, अमरजीत दहिया ,एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शंकर नारायण, सिनेमेटोग्राफर अरविंद सिंह हैं। संगीत निर्देशन अगम अग्रवाल और रंजिम राज ने किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

ट्रेन से कटकर युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

रूरा। थाना क्षेत्र के पतरा रेलवे स्टेशन के पास दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन पर खंभा नंबर 157 के पास सोमवार रात अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे दरोगा रामपुत्र सिंह ने छानबीन की और मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन उसके पास कोई वस्तु न मिलने से पहचान नहीं हो सकी। दरोगा ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष के आसपास है। शव काफी क्षत-विक्षत होने के कारण पहचान नहीं हो पा रही है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

बकरियां चोरी करने में नामजद रिपोर्ट दर्ज

मूसानगर। थाना क्षेत्र के नयापुरवा गांव से चोर दो बकरी व एक बकरा चोरी पार कर ले गए। नयापुरवा गांव निवासी कमलेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की सुबह उसके घर के बगल में बंधी दो बकरी व एक बकरा को रस्सी काट कर मूसानगर कस्बा के छिपैठी मोहल्ला निवासी निजाम चोरी कर ले गया है। पूर्व में भी उसने एक बकरा चोरी किया था। थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्जकर चोर की तलाश की जा रही है।

तमंचा और कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने बताया कि वह पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। तभी अमरौधा कस्बा के समीप एक युवक संदिग्ध हालत में आता दिखाई दिया। शक होने पर उसे रोककर नाम पता पूछा तो वह घबराने लगा। शक होने पर उसकी तलाशी ली तो एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम सौरभ कुशवाहा निवासी अहरौली शेख थाना भोगनीपुर बताया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

राजपुर। सट्टी व राजपुर थाना पुलिस ने न्यायालय से गैर हाजिर चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। राजपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि जल्लापुर सिकंदरा निवासी अमरदीप के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज है। उसके खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी का वारंट जारी हुआ था। मंगलवार को उपनिरीक्षक अभिषेक चौहान ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं सटटी थानाध्यक्ष शिवशंकर ने बताया कि नवीपुर निवासी प्रमोद कुमार के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। मंगलवार को नवीपुर नहर बंबी से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

खांसी की दवा खत्म, प्रसूताओं को चादर नहीं

रूरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीमारदार घर से चादर और कंबल लाकर प्रसूता व नवजात के बेड पर बिछाते

संवाददाता, रूरा

अमृत विचार। स्वास्थ्य महकमे के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण रूरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों बदइंतजामी व्याप्त है। हालत यह है कि मरीजों को बदलते मौसम में खांसी की दवा तक अस्पताल से नहीं मिल पा रही है और एक सप्ताह से स्टॉक खत्म है। साथ ही प्रसूताओं को बेड पर चादर व कंबल भी नहीं दिया जाता।

मरीजों की बढ़ती भीड़ के चलते पिछले दिनों रूरा प्राथमिक स्वास्थ्य को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्चीकृत किया गया है, जिससे लोगों को सीएचसी में समुचित इलाज व पर्याप्त सुविधाओं की आस जगी थी, लेकिन अफसरों की अनदेखी के चलते मरीजों को यहां स्वास्थ्य सेवाओं का पूरी तरह से लाभ नहीं मिल पा रही है। अस्पताल की फार्मेसी में पिछले एक सप्ताह से खांसी की दवा तक नहीं है। वहीं डाक्टर जो दवा मरीजों को लिख कर दे रहे हैं। उनमें से आधी दवा ही अस्पताल से मिलती है। बाकी दवा के लिए मरीजों को बाहर के चिंहित मेडिकल स्टोरों पर टरका दिया जाता है।

ऐसे में मरीज व तीमारदार जेब ढीली करने को मजबूर होते हैं। जबकि इस समय अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन करीब सौ मरीज पहुंच रहे हैं। सुबह सात बजे अस्पताल आने के बाद मरीज डाक्टर कक्ष में लंबी कतार लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। इसके बाद उन्हें दोबारा दवा काउंटर पर लंबी लाइन लगानी होती है। घंटों नंबर के बाद उन्हें केवल आधी दवा ही मिलती है। मौजूदा समय में सीएचसी में कफ सीरप, चोट व हाथ पैर में सूजन की दवा नहीं है।

शासन की ओर से प्रसूताओं को बेड में साफ व धुली हुई चादर और कंबल दिए जाने के निर्देश हैं, लेकिन रूरा के नए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र में प्रसूताओं व नवजातों को ओढने के लिए न तो कंबल दिए जाते हैं और न ही पलंग पर बिछाने के लिए चादर दी जाती है। ऐसे में प्रसूताएं पुराने फटे हुए गद्दों पर ही उपचार कराने को मजबूर होती हैं।

रूरा सीएचसी की फार्मेसी में दवा लेने के लिए मरीजों की लगी भीड़। अमृत विचार

रूरा सीएचसी में बिना चादर लेटीं महिलाएं। अमृत विचार

"अस्पताल में कुछ दवाओं का स्टॉक खत्म हो गया है। फार्मासिस्ट से इस बारे में उच्चाधिकारियों को पत्र लिखने को बोला गया है। ऊपर से ही दवा नहीं रही है। जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

-डॉ. प्रतीक पांडेय
चिकित्सक रूरा सीएचसी

सीएचसी में सुविधाओं का बुरा हाल है। बुखार व खांसी आने के पिछले कई दिनों से इलाज कराने आईं थी, लेकिन यहां कभी भी पूरी दवा नहीं मिलती। अधिकारी भी मरीजों की समस्या नहीं सुनते और शिकायत करने पर पल्ला झाड़ लेते हैं।
-पूनम देवी

डॉक्टर ने बुखार, खासी की कुल पांच दवा लिखी थी। इनमें से सिर्फ दो ही दवा मिली हैं और बाकी बाहर से खरीदने को कह रहे हैं। प्राइवेट मेडिकल स्टोर में दवा बहुत महंगी आती है। इसके बावजूद अस्पताल में दवाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।
-हरिशंकर

रूरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कभी भी पूरी दवाएं नहीं मिलती हैं। अब तो और भी बुरा हाल हो गया है। सामान्य खांसी व अन्य बीमारियों की दवा भी नहीं है। डॉक्टर खुद चिंहित मेडिकल स्टोरों पर दवा खरीदने को कहते हैं।
-गुड्डी देवी

परिषदीय स्कूलों में आज से होंगी वार्षिक परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जनपद के 1925 परिषदीय स्कूलों में पौने दो लाख बच्चे देंगे परीक्षा

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के तहत परिषदीय विद्यालयों में बुधवार से वार्षिक परीक्षाएं शुरू होंगी। जिले के 1925 स्कूलों में करीब पौने दो लाख बच्चे शामिल होंगे। परीक्षा परिणाम 31 मार्च को जारी किया जाएगा।

बेसिक षिक्षा परिषद द्वारा संचालित आठवीं तक के परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम संशोधित करने के बाद 20 मार्च से दो पालियों में होगी। जिसको लेकर बीएसए ने आवश्यक निर्देश कर दिए हैं। परीक्षा 27 मार्च तक चलेगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 09.15 बजे से 11.45 बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 12.15 बजे से 02.45 बजे तक चलेगी। कक्षा एक की परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा दो व तीन में परीक्षा लिखित एवं मौखिक दोनों स्तर पर होगी। लिखित व मौखिक परीक्षा में अंकों का अधिभार 50-50 प्रतिशत रखा गया है। जबकि कक्षा चार व पांच की परीक्षा भी लिखित एवं मौखिक होगी। लिखित व मौखिक परीक्षा का अधिभार 70 एवं 30 प्रतिशत रहेगा। कक्षा छह से आठ तक की परीक्षा लिखित होगी। लिखित वार्षिक परीक्षा 50 अंकों की होगी। इसमें बहुविकल्पीय, अति लघुउत्तरीय, लघु उत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होंगे। मौखिक परीक्षा की अवधि प्रधानाध्यापक निर्धारित करेंगे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में बुधवार से वार्षिक परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कक्षा पांच की वार्षिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन संकुल (न्याय पंचायत) स्तर पर अन्य विद्यालय के अध्यापकों से कराया जाएगा। कक्षा आठ की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन विकास खंड स्तर पर अन्य संकुल के अध्यापकों से कराने के निर्देश परिषद सचिव द्वारा जारी किए गए हैं। परीक्षाफल के आधार पर छात्र-छात्राओं को 31 मार्च को परीक्षा परिणाम वितरित किया जाएगा।

दुकानों में घुसा डंपर, चालक की मौत

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। गिट्टी लादकर जा रहा डंपर अनियंत्रित होकर ट्रक, बोलेरो व विद्युत ट्रांसफार्मर में टक्कर मारता हुआ हार्डयेवर दुकानों में जा घुसा। हादसे में डंपर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बोलेरो चालक घायल हो गया। हादसे से लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

कुलदीप सिंह।

कस्बे के सिकंदरा रोड स्थित गेस्ट हाउस के सामने मंगलवार सुबह करीब पांच बजे भोगनीपुर की ओर से गिट्टी लादकर आ रहे डंपर ने सिकंदरा से राजपुर जा रहे ट्रक में टक्कर मार दी। इसके बाद बेकाबू हुए डंपर ने सड़क किनारे लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त करते हुए किनारे खड़ी बोलेरो को टक्कर मार दी और शैलेश मिश्रा व नन्हे कटियार की हार्डवेयर दुकान में जा घुसा। टक्कर से बोलेरो के परखच्चे उड़ गए।

हादसे में डंपर चालक मध्य प्रदेश के थाना पृथ्वीपुर के बिरौरा गांव निवासी कुलदीप सिंह परमार (22) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बोलेरो में बैठे दुर्वेश कटियार (30) घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग डंपर की चपेट में आने से बच गए।

डंपर चालक के परिजनों से जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

चालक की दो महीने बाद थी शादी

डंपर चालक के पिता देवेंद्र सिंह ने बताया कि दो बेटों में बड़ा बेटा कुलदीप डंपर चालक था। मंगलवार सुबह वह झांसी से गिट्टी लादकर इटावा जा रहा था। उसकी ललितपुर में शादी तय हो चुकी थी। दो महीने बाद बारात जानी थी।

बिजली न आने से टला बड़ा हादसा

मंगलवार सुबह करीब पांच बजे हादसे के दौरान विद्युत आपूर्ति बंद थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के समय नगर पंचायत का सफाई कर्मी झाड़ू लगा रहा था। उसने बोलेरो में बैठे चालक से बोलेरो हटाने को कहा था। इसी दौरान डंपर ने बोलेरो में टक्कर मार दी। सफाई कर्मी ने भाग कर अपनी जान बचाई।

बीस लीटर कच्ची व तीस क्वार्टर शराब समेत दो गिरफ्तार

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों से शराब बरामद करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज पुखरायां धीरेंद्र सिंह ने बताया कि वह गश्त पर थे। तभी अकोढ़ी मोड़ के समीप सामने की ओर से एक व्यक्ति संदिग्ध हालात में आता दिखाई दिया। शक होने पर उसे रोककर उसके पास मौजूद पिपिया की तलाशी ली तो 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम श्याम निवासी सनाया खेड़ा थाना मूसानगर बताया है। इसी प्रकार देवीपुर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि वह पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। तभी बरौर रोड पर एक युवक संदिग्ध हालात में आता दिखाई दिया। शक होने पर झोले की तलाशी लेने पर 30 क्वार्टर ट्विन टावर शराब के बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम रजत संखवार निवासी भज्जापुर थाना भोगनीपुर बताया है। दोनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

भट्ठा मजदूर ने फांसी लगा दी जान

संवाददाता, सिकंदरा

अमृत विचार। महटौली गांव के पास ईंट भट्ठा मजदूर ने पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

अमराहट थाना क्षेत्र के महटौली गांव में नेशनल ईंट भट्ठा के समीप सोनू (25) पुत्र अजय उर्फ़ कालूराम निवासी सिचौरा थाना कबरई जनपद महोबा ने कच्चे चकरोड किनारे खड़े आम के पेड़ से रस्सी का फंदा बनाकर जान दे दी। मंगलवार की सुबह उसका शव फंदे पर लटकता मिला तो लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल की और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए।

पड़ोस में रहने वाली सोनम ने बताया कि वह लोग कच्ची मिट्टी की ईंट पाथ कर मजदूरी करते हैं। करीब तीन माह पहले नेशनल भट्टे पर मजदूरी करने आए थे। मृतक सोनू शराब ज्यादा पीता था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच आए दिन कहासुनी होती रहती थी। मृतक सोनू की बीते साल दीपावली त्योहार के आसपास ही शादी हुई थी। उसके चार माह की एक बेटी है। जानकारी पर मृतक की पत्नी लाली का रो-रो कर बुला हाल हो गया है। थाना प्रभारी जीतमल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

युवक की मौत पर मौजूद पुलिस व महिलाओं की भीड़। अमृत विचार

युवक ने लगाई फांसी

संदलपुर। बलाई बुजुर्ग गांव के युवक ने खेत में पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। डेरापुर थाना क्षेत्र की बिहारघाट चौकी के बलाई बुजुर्ग निवासी धीरेंद्र कुमार (22) ने अज्ञात कारणों के चलते खेत के पास खड़े बबूल के पेड़ में फंदा लगाकर जान दे दी। मंगलवार की सुबह लोगों ने शव को देखा तो जानकारी हुई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षक हत्याकांड के विरोध में मूल्यांकन का बहिष्कार

शिक्षक की हत्या के विरोध में पुखरायां जीजीआईसी में नारेबाजी करते शिक्षक।

संवाददाता, पुखरायां

- जीजीआईसी पुखरायां में शिक्षकों ने की नारेबाजी डीआईओएस ने समझाया

अमृत विचार। मुजफ्फरनगर में यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर शिक्षक की साथी पुलिस कर्मी द्वारा हत्या के विरोध में कार्रवाई की मांग को लेकर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार कर दिया। मौके पर पहुंचे डीआईओएस ने शिक्षकों को समझाया। वहीं अकबरपुर मूल्यांकन केंद्र पर लगे शिक्षकों ने डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा।

वाराणसी से बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर मुजफ्फरनगर के इंटर कालेज में आए एक शिक्षक की पुलिस के एक आरक्षी ने आपसी विवाद के गोली मार कर सोमवार को हत्या कर दी थी। मंगलवार को जीजीआईसी पुखरायां में यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का बहिष्कार कर दिया। शिक्षकों ने नारेबाजी की और आरोपी पुलिस कर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।

डीआईओएस अचल कुमार मिश्र व पर्यवेक्षक विमल कुमार अग्निहोत्री ने समझाकर कहा कि शिक्षक की हत्या के आरोपी को हिरासत में लेकर कर्रवाई किए जा रही है। इस दौरान प्रधानाचार्य कल्पना शुक्ला, बीके मिश्र, प्रदीप कुमार, विनोद कुमार मिश्र, बृजपाल सिंह, दृगपाल सिंह, सत्येंद्र यादव, इंद्रभूषण सिंह, प्रशांत त्रिवेदी, सुरेंद्र यादव, कमला देवी, रूबी पाल समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

अकबरपुर इंटर कालेज में मूल्यांकन कर रहे शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया कि मुख्य आरक्षी ने नशे की हालत में गोली मारकर शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की हत्या कर दी। शिक्षकों ने मांग कि आश्रितों को पांच करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। साथ ही हत्यारोपी पुलिस कर्मी के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कठोर कार्रवाई की जाए। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि मांग तत्काल नहीं मानी गई तो जनपद के सभी शिक्षक मूल्यांकन कार्य को रोक देंगे। ज्ञापन देने वालों में माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह भदौरिया, राजेश श्रीवास्तव, जयराम बाबू, अनिल कुमार सिंह, राजेंद्र सिंह भदौरिया, आदर्श सचान आदि रहे।

अधीक्षण अभियंता ने किया निरीक्षण

रूरा। बिजली उपकेंद्र कार्यालय का अधीक्षण अभियंता व एक्सईएन ने निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र की बिजली व्यवस्था की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मंगलवार को अधीक्षण अभियंता एमपी सिंह, एक्सईएन सुमित व्यास ने निरीक्षण के दौरान बिलिंग काउंटर पर रखे रजिस्टर व ट्रांसफार्मर के रखरखाव, विद्युत लोडिंग का गहन निरीक्षण किया। इसके साथ ही उपभोक्ताओं के घरों में जाकर विद्युत मीटर एवं बिलों से मीटर रीडिंग का मिलान किया। कैश काउंटर पर बिलिंग असिस्टेंट से संबंधित विषय पर जानकारी भी ली। उन्होंने रूरा कस्बे की पुरानी विद्युत लाईनों को जल्द बदलने का निर्देश भी दिए। इस दौरान एसडीओ राकेश सोनी, जेई संतोष भारती, लाइनमैन रामजी तिवारी आदि मौजूद रहे।

प्रभु की प्राप्ति को निष्काम भाव जरूरी

संवाददाता, संदलपुर

अमृत विचार। ब्लाक क्षेत्र के जलालपुर डेरापुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक पंडित शिवम कृष्ण महाराज ने गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया।

मंगलवार को जलालपुर डेरापुर में श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ ग्राम प्रधान निधि कटियार ने आरती कर किया। कथा में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के नामकरण और पूतना वध के साथ माखनचोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। कथावाचक पंडित शिवम कृष्ण महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया। कथावाचक ने गोवर्धन पर्वत की कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण की पूजा करने से कुपित होकर देवराज इंद्र ने ब्रज में मूसलाधार बारिश शुरू कर दी थी। जिससे चारो तरफ हाहाकार मच गया था। ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को एक उंगली पर उठा लिया था। आचार्य ने सामाजिक कुरीतियों को मिटाने एवं निष्काम कर्म के जरिए अपना जीवन सफल बनाने का उपदेश दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कटियार, ओंकार नाथ, दीपक कटियार, नरेंद्र सविता, बबलू प्रधान, अजय कटियार, छोटेलाल, फूल सिंह किरण देवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा में दान देतीं ग्राम प्रधान निधि कटियार व कथा सुनाते आचार्य।

यज्ञ से देवता होते प्रसन्न और देते मनवांछित फल

संवाददाता, रसूलाबाद

अमृत विचार। क्षेत्र के मित्रसेनपुर कहिंजरी गांव स्थित विश्वेश्वर शिव मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा समापन के बाद हवन-पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण किया। मंगलवार को यज्ञ के दौरान आचार्य सुभाष पांडेय जी ने बताया कि यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। उन्होंने प्रसाद का अर्थ बताते हुए कहा कि प्र का अर्थ प्रभु से, सा का अर्थ साक्षात से व तीसरे अक्षर द का अर्थ दर्शन से होता है। जिससे हम लोग प्रसाद कहते हैं। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग में जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। भंडारे में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान अजय पाल राजपूत, शीला राजपूत, शिवराम सिंह राजपूत, गया प्रसाद, नाथूराम, श्री कृष्ण राजपूत, भीखालाल, रामसेवक, अंकुर राजपूत, नागेंद्र प्रताप, नीरज राजपूत, आशीष राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बुराइयों से दूर रखकर इंसानियत का पैगाम देता है रमजान

राजपुर। रमजान का मुबारक महीना रहमतों और बरकतो वाला है। रमजान बुराइयों से दूर रखकर इंसानियत का पैगाम देता है। रमजान में खुद को खुदा की राह में इबादत के लिए लगाना अपनी दुनियां और आखिरत को सवांरना है। रमजान प्यार, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है। इस पाक महीने में अल्लाह अपने रहमतों का खजाना लुटाता है। यह बातें राजपुर की नूरी जामा मस्जिद के इमाम सैय्यद अजमत अली ने कही।

उन्होंने कहा कि हमे रमजान के महीने में एक दूसरे को मोहब्बत का पैगाम देकर इंसानियत मजबूत करना चाहिए। रोजा रखने और नमाज पढ़ने से ईमान मजबूत होता है। गरीबों की मदद कर दुआएं हासिल करें। रोजे का असल मकसद महज भूख प्यास बर्दाश्त करना नहीं, बल्कि रोजे की रुह नफ्स (मन) पर काबू करना है। रोजे के दौरान झूठ बोलने, चुगली करने किसी पर बुरी निगाह डालने और हर छोटी से छोटी बुराई से दूर रहना जरूरी है। इसलिए मुकददस महीने की इन बरकतों व रहमतों को हासिल करने में कोताही न करें। अल्लाह को राजी करने के लिए इबादतों में मशगूल रहें।

होली की परंपरा | विलुप्त हो रहे पारंपरिक डेढ़ ताल और चौताल, डीजे के शोर तक सिमट गया त्योहार

ढोलक की थाप पर फाग के राग की गूंज खत्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। बसंत पंचमी से होली के बाद दुर्गाष्टमी तक करीब पौने दो माह तक चलने वाला होली का त्योहार अपनी पुरानी पहचान खो चुका है। आधुनिक होली का त्योहार डीजे के शोर तक सीमित रह गया है। एक समय था कि बसंत पंचमी का त्योहार होते ही होली का रंग बूढ़े, जवान, महिलाओं समेत सभी के सिर पर चढ़कर बोलने लगता था। गांव में टोलियों में लोग ढफली की थाप पर होली के गीतों के साथ थिरकते देखे जाते थे।

होली के मौसम में गाए जाने वाले गीत डेढ़ताल, चौताल, धवांरी, होरी, फाग-फगुआ, होली, कबीर जैसे परंपरागत गीत पूरी तरह विलुप्त हो चुके हैं। बुजुर्गों का कहना है कि पहले के समय 'सुगना बैरि लिहे जाय मोर मन बैइरी का ललकाय' व 'होरी के दिन चारि नइहरवा से कोउ न आवा, जैसे पारंपरिक गीत गाये जाते थे। लेकिन अब तो ढफली की वह थाप भी सुनाई नहीं देती है।

कभी समय था जब शाम को देवी मंदिरों पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण इकट्ठा होकर होली गीत गाते थे और भरपूर होली का आनंद लेते थे। लेकिन आज के समय में लोग एक साथ जुटते ही नहीं हैं।
-राम भरोसे कुशवाहा, निवासी गुजराईं

फिल्मी धुनों पर होली गीत जरूर सुनाई देते हैं, लेकिन गांव की विधा के होली गीत खासकर जो आल्हा की तर्ज पर धंवारी गीत गाए जाते थे, वह आज विलुप्त हो रहे हैं। इसपर नई पीढ़ी को ध्यान देना चाहिए।
-राजकुमार द्विवेदी, निवासी धरमंगदपुर

डेढ़ताल, चौताल विधा के होली गीत शास्त्रीय संगीत पर आधारित होते थे, जिन्हें आज के गायकों द्वारा प्रस्तुत कर पाना ही टेढ़ी खीर है। होली से जुड़े अधिकांश परंपरागत गीत हमारी संस्कृति पर आधारित होते थे।
-रमेश कुमार, निवासी कुईतखेड़ा

पहले के समय बसंत पंचमी से लेकर होली तक ढोलक की थाप पर पारंपरिक गीत गाए जाने का चलन था। यह टोली गांव के घर-घर जाती थी। जिससे आपसी भाईचारा की भावना भी बढ़ती थी, लेकिन चकाचौंध में सब खत्म होता जा रहा है।
-ओमजी पांडेय, निवासी दुर्गापुरवा

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

एक नजर

क्रेडिट कार्ड से 49 हजार ठगे

कानपुर। बाबूपुरवा बगाही निवासी राकेश कुमार के क्रेडिट कार्ड से 49 हजार रुपये निकल गये। पीड़ित के मुताबिक उन्होंने क्रेडिट का कार्ड का उपयोग नहीं किया फिर भी तीन माह पहले उनके खाते से रुपये निकल गये। बैंक से फोन आने पर जानकारी हुई। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया आईटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

अपहरण के आरोप में रिपोर्ट

कानपुर। बाबूपुरवा थानाक्षेत्र निवासी युवक ने 14 वर्षीय भतीजी के अपहरण के आरोप में विजय नगर निवासी करन नागर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक आरोपी भतीजी को साथ ले गया था। काफी ढूंढ़ने के बाद भतीजी डरी सहमी मिली। पीड़ित ने उसके साथ कुछ गलत होने की आशंका जताई है। बाबूपुरवा थाना प्रभारी ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पुष्पा अग्रवाल अध्यक्ष अनिल दादू बने सचिव

कानपुर। भारत विकास परिषद की बजरंग शाखा का स्थापना दिवस समारोह साकेत नगर स्थित कमला वधावन इंटर कॉलेज में मनाया गया। संगठन के चुनाव भी हुए। इसमें पुष्पा अग्रवाल को अध्यक्ष, अनिल दादू को सचिव, रवि जौहरी को उपाध्यक्ष, आनंद पुरवार को वित्त सचिव, अर्चना गुप्ता को संगठन सचिव व अर्चना रानी को महिला संयोजिका बनाया गया।

अब हैलट में डिवाइस तकनीक से हार्निया का ऑपरेशन होगा आसान

प्रदेश में पहली बार फासिओटेंस एब्डोमेन डिवाइस से होंगे हार्निया के ऑपरेशन

एक्सक्लूसिव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हैलट अस्पताल में अब फासिओटेंस एब्डोमेन डिवाइस तकनीक से हार्निया के ऑपरेशन होंगे। इन तकनीक का लाभ उन मरीजों को सबसे अधिक मिलेगा, जिनके हार्निया काफी बड़े हो जाते हैं। डिवाइस की मदद से हार्निया का ऑपरेशन करना आसान होगा।

प्रदेश के किसी भी जिले में अभी तक फासिओटेंस एब्डोमेन डिवाइस की सुविधा नहीं है। मेडिकल कॉलेज में बड़े हार्निया की ओपन सर्जरी या लेप्रोस्कोप विधि से सर्जरी की जाती है। नई तकनीक की मदद से एब्डोमेन के सिकुड़े वॉल को चिपकाना आसान होता है। सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ.जीडी यादव ने बताया कि बड़े हार्निया का ऑपरेशन कर उनकी वॉल आपस में चिपकाना काफी कठिन होता है। कुछ हिस्सा सिकुड़कर पीछे चला जाता है। ऐसे में यह डिवाइस सहायक होगी।

किसी को भी हो सकती है यह बीमारी

- विभागाध्यक्ष डॉ .जीडी यादव ने बताया कि हर्निया एक ऐसी बीमारी है, जो बच्चों से लेकर वृद्ध किसी को भी हो सकती है। ज्यादा वजन के मोटे व वयस्क लोगों में यह बीमारी ज्यादा पाई जाती है। इसका इलाज ऑपरेशन से ही संभव है। कुछ वर्ष पहले तक पेट में लंबा चीरा लगाकर हर्निया का ऑपरेशन किया जाता था। अब लेप्रोस्कोपिक से छोटा सा चीरा लगाकर ऑपरेशन किया जाता है।

इस वजह से होती दिक्कत

- हार्निया की समस्या तब होती है, जब पेट के अंदर से कोई अंग या मांसपेशी या ऊतक किसी छेद के जरिए बाहर आने लगता है। उदाहरण के लिए बहुत बार आंत, पेट की कमजोर दीवार में छेद करके बाहर आ जाती है। पेट में हार्निया होना आम बात है, लेकिन यह जांघ के ऊपरी हिस्से, पेट के बीच और ग्रोइन क्षेत्रों (पेट और जांघ के बीच के भाग) में भी हो सकता है। मांसपेशियों की कमजोरी हार्निया की मुख्य वजह है।

विदेशी डॉक्टर देंगे प्रशिक्षण

- विभागाध्यक्ष डॉ .जीडी यादव ने बताया कि 13 व 14 अप्रैल को हैलट अस्पताल में फासिओटेंस एब्डोमेन वॉल रिपेयर के संबंध में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें यूएस व अन्य विदेशी डॉक्टर शामिल होंगे। विदेश से आकर डॉक्टर फासिओटेंस एब्डोमेन डिवाइस की जानकारी देंगे और मरीजों का ऑपरेशन डिवाइस की मदद से करना मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों को सिखाएंगे।

हार्निया के कारण

- चोट लगना, गर्भावस्था, मोटापा, उम्र बढ़ना, ज्यादा वजन उठाना, लंबे समय तक खांसी आना, पेट में तरल पदार्थ जमा हो जाना, ज्यादा वजन उठाकर व्यायाम करना, पालीसिस्टिक ओवरी डिजीज, जन्म के दौरान शिशु का वजन कम होना, धूम्रपान, सर्जरी के दौरान जटिलता, कब्ज व लगातार छींक आना या आनुवंशिक कारणों से यह बीमारी होती है।

मर्ज के लक्षण

- पुरुषों में दर्द सहित या दर्द रहित हार्निया प्रभावित हिस्से का उभरना, मल-मूत्र त्याग में समस्या, कमर व शरीर के अन्य भाग में सूजन, भारीपन महसूस होना, ज्यादा समय तक खड़े रहने में परेशानी, प्रभावित हिस्से में दर्द महसूस होना, जी मिचलाना, बार-बार उल्टी होना, पेट साफ न होना, मल के साथ खून आना, सीने में दर्द रहना आदि इसके लक्षण हैं।

चरस तस्कर को 10 साल कैद, एक लाख जुर्माना

कानपुर। बिहार निवासी चरस तस्कर को मंगलवार को एडीजे 12 की कोर्ट ने 10 साल कैद व एक लाख जुर्माने की सजा सुनाई। वर्ष 2020 में एसओजी व बेकनगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी को पेंचबाग रोड से गिरफ्तार किया था। उससे पुलिस ने चार किलो चरस बरामद की थी।

तत्कालीन यतीमखाना चौकी इंचार्ज नईम खान ने 24 फरवरी 2020 को बेकनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नईम खान ने बताया कि 24 फरवरी रात करीब आठ बजे एसओजी के दरोगा मो. आसिफ के साथ मिलकर संदिग्ध युवक को पेंचबाग वाली रोड के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना नाम बिहार, गोपाल गंज के मतियान नंदलाल निवासी मैनुद्दीन आलम बताया। तलाशी में आरोपी के पास से नौ पैकेट में चार किलो 700 ग्राम चरस बरामद हुई। मामला एडीजे 12 परमेश्वर प्रसाद की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी इंद्रलता शुक्ला ने बताया कि कोर्ट ने मैनुद्दीन को दोषी पाते हुए 10 साल का कारावास व एक लाख जुर्माने की सजा सुनाई।

एडीजे 12 की कोर्ट ने सुनाया फैसला

नवीन मार्केट-चुन्नीगंज के बीच ट्रैक निर्माण शुरू

मंगलवार से शुरू की गई ट्रैक स्लैब की ढलाई। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रेल पटरियों की वेल्डिंग के बाद शुरू की गई ट्रैक स्लैब की ढलाई

अमृत विचार। कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के पहले कॉरिडोर (आईआईटी से नौबस्ता) के अंतर्गत निर्माणाधीन चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन में टनल निर्माण का कार्य पूरा हो गया है। मंगलवार से अब ट्रैक निर्माण का कार्य भी शुरू हो गया है। बड़ा चौराहा से नवीन मार्केट के बीच 'अप-लाइन' पर ट्रैक निर्माण की ढलाई का कार्य के बाद नवीन मार्केट से चुन्नीगंज स्टेशन के बीच ट्रैक स्लैब की ढलाई शुरू की गई है।

इस सेक्शन पर नयागंज से बड़ा चौराहा मेट्रो स्टेशन के बीच लगभग एक किमी. लंबे भूमिगत टनल के 'अपलाइन' और 'डाउन लाइन' में ट्रैक निर्माण पहले ही पूरा किया जा चुका है।

बड़ा चौराहा से नवीन मार्केट के बीच 'अप-लाइन' पर ट्रैक निर्माण भी पूरा हो चुका है। चुन्नीगंज स्टेशन से नवीन मार्केट तक लगभग 730 मीटर लंबे 'अपलाइन' टनल में रेल की पटरियों के वेल्डिंग और उन्हें बिछाने की प्रक्रिया पूरी की गई। पटरियों के नीचे स्लैब के ढलाई का कार्य भी शुरू कर दिया गया।

मिल-जुल कर मनाएं होली का त्योहार

संवाददाता, रनियां

रनियां थाने में बैठक करते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

अमृत विचार। होली और रमजान के त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए रनियां थाना परिसर में मंगलवार को सदर एसडीम व सीओ की अध्यक्षता में संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई।

मंगलवार को रनियां थाने में सदर एसडीएम अवनीश सिंह व सीओ तनु उपाध्याय ने बैठक करते हुए कहा कि क्षेत्र के हिंदू व मुस्लिम समुदाय के लोग हमेशा मिल-जुल कर त्योहार मनाकर भाई-चारे की मिसाल कायम करते रहे हैं। इस बार भी सभी लोग मिलकर त्योहार मनाएं। जिस पर प्रांगण में मौजूद थाना क्षेत्र के लोगों ने उन्हें पूर्ण रूप से आश्वस्त किया कि आप बिल्कुल चिंता न करें। वह लोग होली व रमजान आपस में मिल-जुलकर मानाएंगे और हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल कायम करेंगे। जिसपर अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों का उत्साहवर्धन किया। थाना प्रभारी महेंद्र सिंह पटेल को क्षेत्राधिकारी द्वारा सतर्क रहने को कहा गया। निर्देश दिए कि यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह तुरंत अधिकारियों को अवगत कराए। इस दौरान रायपुर के पूर्व प्रधान महेश तिवारी, सोनू मिश्रा, प्रवेश मिश्रा, बाबू सिंह, अनूप त्रिवेदी, जगतपाल सिंह, दीपू सिंह, विमल कुमार, रोहित शर्मा, मोहम्मद फरहान, मोहम्मद इलियास, मुस्ताक अहमद, इसरार एजाज आदि मौजूद रहे।

चाचा की हत्या में भतीजे को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- घाटमपुर क्षेत्र के तिलसड़ा में सात साल पहले हुई थी घटना

अमृत विचार। घाटमपुर क्षेत्र के तिलसड़ा में साढ़े छह साल पहले पेड़ के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में भतीजे ने चाचा की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। इस मामले में जिला जज ने आरोपी भतीजे को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बताया कि घाटमपुर क्षेत्र के तिलसड़ा निवासी रामजीवन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 मई 2017 को तेजपुर जाने वाली रोड पर रामकुमार उर्फ बग्गड़ का अपने भतीजे मनोज से नीम के पेड़ के बंटवारा को लेकर विवाद हो रहा था। उसने मनोज को समझाने का प्रयास किया, लेकिन मनोज ने कुल्हाड़ी से रामकुमार पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने विवेचना कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। जिला जज जय प्रकाश तिवारी ने मंगलवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी मनोज को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

कंटेनर को डाक पार्सल बना तस्करी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी पुलिस ने घेराबंदी कर रोका तो गाड़ी चढ़ाकर जान से मारने का प्रयास
- पुलिस ने दो शातिरों को किया गिरफ्तार, कंटेनर में 54 मवेशी ठूंसकर भरे थे

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में पुलिस ने घेराबंदी करके डाक पार्सल कंटेनर रोका तो शातिरों ने गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिस ने रोकने के बाद दो मवेशी तस्करों को गिरफ्तार किया। डाक पार्सल लिखे कंटेनर में 54 मवेशी ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। पुलिस को चकमा देने के लिए सामान्य कंटेनर को रंगकर डाक पार्सल बनाया गया था। पशु तस्करी का कार्य एक संगठित अपराधी गिरोह तथा कथित पत्रकारों की मिलीभगत से किया जा रहा था।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चकेरी पुलिस ने अहिरवां में कंटेनर को रोकने का प्रयास किया तो तस्करों ने गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी करके कंटेनर रोक लिया और उसमें मौजूद दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। तस्करों ने अपनी पहचान जिला मुरादाबाद के थाना मनाठेर निवासी भीगनपुर निवासी मुस्तफा हुसैन और बिहार थाना शामली निवासी तौफीक बताई। मवेशियों को स्लाटर हाउस में काटने के लिए भेजा जा रहा था। सामान्य कंटेनर को डाक पार्सल लिखकर पोत दिया था। डीसीपी ने बताया कि कंटेनर खोला गया तो 54 मवेशी ठूंस-ठूंस कर भरे गए थे। सींघ और पैर रस्सी से बंधे हुए थे। कंटेनर ऊपर से काटकर जाली लगाई गई थी जिससे मवेशी सांस ले सकें। आरोपियों को हत्या के प्रयास, पशु क्रूरता अधिनयम समेत अन्य गंभीर धाराओं में गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

चकेरी पुलिस ने पकड़े मवेशी तस्कर।

चुनाव सामग्री का ब्योरा देंगे प्रिंटिंग प्रेस संचालक

अधिकारियों के साथ बैठक करते उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार।

कानपुर देहात। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह व उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के साथ बैठक हुई। इस दौरान निर्देश दिए गए कि जो भी प्रत्याशी चुनाव सामग्री का मुद्रण उनके यहां से कराता है। उसका पूरा ब्योरा प्रेस संचालक जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को अवश्य दें। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दल व प्रत्याशियों के साथ ही प्रिंटिंग प्रेस के लिए भी निर्देश जारी किए हैं। इसमें चुनाव प्रचार संबंधी सामग्री जैसे पोस्टर, पंपलेट आदि प्रकाशित कराई जाती है तो उस पर होने वाले व्यय के संबंध में पूरी सूचना देने में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का अनुपालन करेंगे। मुद्रित होने वाली सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम, पता, मोबाइल नंबर तथा प्रतियों की संख्या स्पष्ट रूप से उल्लेख की जाएगी।

सरकारी दफ्तरों से हटेंगी राजनीतिक फोटो और पोस्टर

कानपुर देहात। लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। ऐसे में योजनाओं के प्रचार में लगी राजनीतिक नेताओं की फोटो व नाम हटाए जाने का आदेश अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार ने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों एवं जिलाधिकारियों को दिया है।

राष्ट्रपति एवं राज्यपाल की तस्वीर के अतिरिक्त अन्य समस्त राजनेताओं की तस्वीरें सभी जगह से हटाई जाएगी। आदेश के बाद से सक्रिय विभाग के कर्मचारी होर्डिंग्स से फोटो और नाम हटाने में लग गए हैं। वहीं जनपद में पोस्टर-बैनर हटाने का कार्य चल रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश के अनुसार राजनीतिक दृष्टिकोण से किसी भी प्रकार का स्लोगन, प्रचार, सामग्री, बैनर, पंपलेट, पोस्टर एवं फोटो आदि प्रदर्शित नहीं होगा। जहां भी पोस्टर, बैनर अथवा होर्डिंग्स लगी हैं, उन्हें हटाया जाएगा।

स्कूली बच्चों ने बिस्किट बनते देखा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

बिस्किट फैक्ट्री का भ्रमण करते परिषदीय स्कूलों के बच्चे। अमृत विचार

- उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को कराया गया एक्सपोजर विजिट

अमृत विचार। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चिंतन उत्पन्न करने आधुनिक तकनीक से परिचित कराने, नेतृत्व क्षमता व भाईचारे की भावना का विकास करने के उद्देश्य से परिषदीय स्कूलों के बच्चों को एक्सपोजर विजिट कराया गया।

मंगलवार को सरवनखेड़ा के परिषदीय विद्यालयों के उच्च प्रथामिक स्तर के सौ छात्र-छात्राओं को एक्सपोजर विजिट के लिए बीईओ अजीत प्रताप सिंह ने रवाना किया। जाने से पूर्व सभी छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन किया गया और उनके अभिभावकों से सहमति पत्र लिया गया। देखरेख के लिए विपिन त्रिवेदी, अनीता तोमर, रश्मि सिंह, प्रीती त्यागी, रूपी त्रिपाठी, अजय यादव की ड्यूटी लगाई गई। बच्चों को पेन, नोट पैड, बैग, कैप व टीशर्ट दी गई। बच्चों ने सबसे पहले पारले जी प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की स्वाति बिस्किट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी दादा नगर पनकी कानपुर नगर का विजिट किया। कंपनी के एजूकेशन कोऑर्डिनेटर प्रदीप मिश्रा ने बच्चों को बिस्किट बनाए जाने की जानकारी दी। बताया कि बिस्किट को 300 डिग्री तापमान पर पकाया जाता है। तैयार होने में करीब साढ़े तीन मिनट लगते हैं। कोऑर्डिनेटर ने बच्चों को बताया कि टाफी और कैंडी में क्या अंतर होता है। इसके बाद छात्र छात्राओं ने कानपुर मेट्रो ट्रेन में बैठकर लुफ्त उठाया। उसके बाद बच्चे सभी गंगा बैराज पहुंचे। वहां पर उन्होंने देखा कि किस प्रकार से नदी मे डैम बनाकर बाढ़ आने से रोका जा सकता है और नहरों को निकाल कर सूखाग्रस्त क्षेत्र में सिंचाई का साधन उपलब्ध कराया जा सकता है। इस मौके पर एआरपी रुचिर मिश्रा, संजय शुक्ला, ऋषभ बाजपेई प्रदीप, प्रिया, साहू, गौरी, आदर्श, खुशी, रिया, रागनी, काजल, कृष्णा, संगम आदि ने प्रतिभाग किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

पहले मेरा नाम MAHESH था अब मैने बदलकर अपना नाम MAHESH KANAUJIYA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: CHANTU R/O: GADIYA KHEDA POST KADSADA PS MALIHABAD, LUCKNOW

सूचना

यह कि मेरे पुत्र अवनीश कुमार का चाल चलन सही न होने कारण उससे संबध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा। **अनीता पत्नी स्व. राधेलाल निवासी भखरा, तहसील तिर्वा, जनपद कन्नौज**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे चार पुत्र हैं। मेरा तीसरे नंबर का बेटा राम बहादुर सिंह का चाल चलन ठीक नहीं है। वह घर पर भी नहीं रहता है। मेरे कहने सुनने में नहीं है। पैतृक संपत्ति बेच डाला है। अपनी पत्नी व बच्चों से भी कोई वास्ता नहीं रखता है। यदि राम बहादुर सिंह के द्वारा कोई लेनदेन या अनैतिक कृत्य/आपराधिक कृत्य किया जाता है, तो मुझसे व मेरे अन्य बेटों से कोई लेना देना नहीं है। मैं उसे अपनी संपत्ति से बेदखल करती हूं। **–पारसपती पत्नी स्वर्गीय कालीचरन सिंह, निवासी– ग्राम–मलेथू, बुजुर्ग मजरे जगदीशपुर, थाना इनायत नगर, तहसील–मिल्कीपुर, जिला– अयोध्या**

सूचना

सूचित हो कि मैं वीरेन्द्र प्रसाद शुक्ला एवं सुरेन्द्र प्रसाद शुक्ला पुत्रगण स्व0 श्री रामेश्वर प्रसाद शुक्ला, निवासी– 536/265क, मदेहगंज, सीतापुर रोड, लखनऊ, मकान सं0 एम.एस.– 102, सेक्टर–डी, अलीगंज, लखनऊ को श्री विजय कुमार पुत्र स्व0 श्री रामेश्वर सहाय एवं श्रीमती ऊषा पत्नी श्री विजय कुमार से दिनांक 19.01.2013 को बजरिये बैनामा क्रय किया था। उक्त मकान का मूल आवंटन पत्र वास्तव में खो गया है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मुकेश रावत और पुत्रवधू प्रीति रावत को उनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल और अचल संपत्ति बेदखल कर दिया भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवार का कोई लेनदेन नहीं होगा। – **जुगरा पत्नी भगवानदीन, निवासी– 307, उत्तरधोना, तिवारीगंज, लखनऊ**

सूचना

सूचित हो कि मैं **अश्वनी कुमार, पता–107, बलुआ घाट, प्रयागराज,** मेरी पुत्री का घर में पुकराने वाला नाम (Nitya Kasera) है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक व सही नाम (Anushree Kasera) है जो कि पुत्री के आधार कार्ड में भी अंकित है। अतः मेरी पुत्री को आज से (Nitya Kasera) के स्थान पर (Anushree Kasera) के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना

सूचित हो कि मैं **चांदनी त्रिपाठी पत्नी अभय कुमार त्रिपाठी, निवासी– ग्राम व पोस्ट–जगतापुर, थाना– हुजूरपुर जनपद बहराइच** का आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से 5 लाख रूपया कर्जा हो रहा है। अभय कुमार त्रिपाठी की गाटा संख्या 159 को गारंटी के तौर पर लिया जा रहा है। यदि किसी भी बैंक को आपत्ति हो तो 7 दिन के अंदर प्रस्तुत कर सकता है। **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड बहराइच**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2007 अनुक्रमांक 1917304 अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। – **शंशाक शेखर अवस्थी पुत्र चन्द्र शेखर अवस्थी, निवासी– धन्नी पुरवा नेवादा, थाना– राम गांव, जिला– बहराइच**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रिलाइन्स निपान लाइफ एन्श्योरेंश को लि. पालिसी संख्या 19798957 में रफीक अहमद पुत्र कुदरत अली दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली है। अतः मेरा सही नाम शफीक अहमद ही पढ़ा व समझा जाये। – **शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली, पता – 438 गुल्लावीर रोड पानी टंकी सलारगंज, बहराइच**

स्क्वैश टूर्नामेंट | चार दिनी टूर्नामेंट में लगेगा प्रतिभाओं का मेला, सोशल मीडिया पर होगा लाइव प्रसारण

17 राज्यों के 200 से ज्यादा खिलाड़ी आएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

पत्रकारों से बात करते हब के निदेशक पीके श्रीवास्तव व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार। शहर में पहली बार 17 राज्यों के 200 से अधिक पुरुष व महिला खिलाड़ी द स्पोर्टस हब टीएसएच में स्क्वैश टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अखिल भारतीय स्क्वैश प्रतियोगिता का आयोजन टीएसएच में 21 से 24 मार्च तक होगा।

द स्पोर्टस हब के डायरेक्टर पीके श्रीवास्तव व स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के सचिव विनय पांडेय ने प्रेसवार्ता में बताया कि शहर में पहली बार स्क्वैश टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। प्रतियोगिता में 11 कैटेगरी खेलों में महिला व पुरुष और अंडर-15 गर्ल्स, अंडर-15 ब्वायज, अंडर-11 ब्वायज, अंडर-13 ब्वायज, अंडर-17 ब्वायज, अंडर-19 ब्वायज, पुरुष ओवर 35 व 45 और 65 की प्रतियोगिता होगी। टूर्नामेंट नाकआउट आधारित होगा। पुरुष कैटेगरी में एशियाई खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले रवि दीक्षित का भी खेल देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ी नेशनल स्क्वैश टूर्नामेंट में खेल चुके हैं। आंशू और अंजली चंडीगढ़ से आ रहीं हैं। प्रयागराज के मोहम्मद साबिर व कादिर को नेशनल फेडरेशन ने टूर्नामेंट ऑब्जर्बर नियुक्त किया है। मास्टर्स कैटेगरी में कैश प्राइज दिए जाएंगे। स्पोर्टस हब के निदेशक प्रणीत अग्रवाल ने कहा कि यहां खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलने के बाद उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन का अवसर मिलेगा।

टीएसएच के डायरेक्टर आपरेशंस पीके श्रीवास्तव ने बताया कि स्क्वैश रैकेट एसोसियेशन से मान्यता प्राप्त फर्स्ट ऑल इंडिया द स्पोर्ट्स हब स्क्वैश टूर्नामेंट का उद्घाटन 21 मार्च को पुलिस आयुक्त अखिल कुमार करेंगे, सीआईआई के पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रतियोगिता का समापन और पुरस्कार वितरण 24 मार्च को होगा। इस मौके पर कानपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह मुख्य अतिथि और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन विशिष्ट अतिथि होंगे।

शिक्षकों ने बिना जांच के कॉपियां वापस कीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शिक्षक की हत्या के विरोध में मूल्यांकन का बहिष्कार

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ 'शर्मा गुट' की ओर से मंगलवार को मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया गया। शिक्षकों ने बिना जांचे कॉपियों को वापस कर दिया। केंद्रों में शिक्षकों ने शोक सभाएं कीं। सभा के बाद मांग की गई कि शिक्षक की हत्या के बाद उनके परिवार को सरकार आर्थिक सहायता प्रदान करे। शिक्षक की पत्नी को राजकीय सेवा में नौकरी दी जाए। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा।

सभा में शिक्षकों ने कहा कि बोर्ड परीक्षा संबंधी कार्यों में लगे चंदौली निवासी सहायक अध्यापक धर्मेंद्र कुमार के साथ में ड्यूटी कर रहे आरक्षी चंद्रप्रकाश ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। इसके विरोध में मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया गया है। नगर के पांचों मूल्यांकन केंद्रों में एक भी कॉपी नहीं जांची गई है। मांग की कि मृतक के परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की जाए। सभा के दौरान संगठन के प्रदेशीय उपाध्यक्ष हेमराज सिंह गौर, राकेश तिवारी, अनिल सचान, मोहित मनोहर तिवारी, एनपी सिंह गौर, मनीष मिश्रा, रामकुमार रहे।

पित्ताशय में पथरी का दर्द दवा से दबाना पड़ सकता भारी

अधिक समय तक पित्त की थैली में पथरी रही तो हो सकता कैंसर, ऑपरेशन विकल्प

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। पित्त की थैली में पथरी को बिना ऑपरेशन के निकाला जाना संभव नहीं है। यह जानते हुए भी मरीज दर्द की दवा खाकर आपरेशन से बचते रहते हैं। ऑपरेशन में ऐसे लोगों की पित्त की थैली इस तरह पिचक जाती है मानों सूख गई हो। होम्योपैथी व आयुर्वेद के डॉक्टर भी पित्त की थैली वाली पथरी को दवा से निकलने का इंतजार करने की बजाय ऑपरेशन से निकालने की सलाह दे रहे हैं। अधिक समय तक पथरी बने रहने पर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का खतरा बताया जा रहा है।

जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन तकरीबन 40 मरीज सर्जरी की ओपीडी में आ रहे हैं। डॉ. नरेश विशाल के मुताबिक इसमें से करीब 15 मरीज पित्त की थैली वाले होते हैं। एक दिन में पथरी के औसतन दो ऑपरेशन ही हो रहे हैं। मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा होने के बावजूद आधे से अधिक मरीज ऑपरेशन कराने में बहुत देर कर दे रहे हैं। बताया कि जो मरीज पथरी का ऑपरेशन कराने अस्पताल आ रहे हैं उनमें से कई मरीज ऐसे भी होते हैं जो काफी समय से दर्द की दवा खाकर पथरी का दर्द बर्दाश्त कर रहे थे। ऐसे लोगों की पित्त की थैली पथरी सहित पूरी तरह से पिचक जाती है। इससे आसपास भी इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।

मंगलवार को पर्चा बनवाने के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

- होम्योपैथी व आयुर्वेद के डॉक्टर भी देते हैं ऑपरेशन की सलाह

किडनी या शरीर के दूसरे अंग की पथरी का होम्योपैथी में इलाज उपलब्ध है, लेकिन पित्त की थैली वाली पथरी में इसका स्थायी इलाज ऑपरेशन ही होता है। अधिक समय तक पित्त की थैली में पथरी रहने पर कैंसर का भी खतरा पैदा हो जाता है।
–डॉ. नरेश विशाल, सर्जन

ऑपरेशन से पाचन तंत्र पर पड़ता है असर

ऑपरेशन में पित्त की थैली से पथरी ही नहीं निकाली जाती बल्कि पित्त की थैली ही निकाल दी जाती है। पित्त खाना पचाता है। शरीर में बनने वाला पित्त इस थैली में भरा रहता है। खाना पेट में जाने पर थैली पिचककर पित्त को लीवर में धकेल देती है, जहां खाना पचता है। इस थैली को निकाल देने से लीवर को अतिरिक्त पित्त की सप्लाई नहीं हो पाती। खाना पचना ऑपरेशन के पहले की अपेक्षा कुछ कठिन हो जाता है। इसलिए डॉक्टर ऑपरेशन के बाद तैलीय व चिकना खाना मना करते हैं।

बदलते मौसम में खुजली के साथ दर्द के भी बढ़ने लगे मरीज

फतेहपुर। मौसम में जो उतार-चढ़ाव चल रहा है उससे लोगों की सेहत बिगड़ रही है। खुजली के साथ दर्द के मरीज बढ़ रहे हैं। मंगलवार को ओपीडी में पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टर कक्ष तक भीड़ थी। डॉक्टर को दिखाने के लिए मरीजों में धक्का मुक्की हुई। 900 से अधिक मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचे। सुबह नौ बजे के बाद से ओपीडी में भीड़ बढ़नी शुरू हुई। सुबह 11 बजे पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टर कक्ष तक भीड़ थी। मरीज, डॉक्टर को दिखाने के लिए लाइन में लगे थे तो कहीं फर्श पर बैठकर इंतजार कर रहे थे। ऐसे में कई मरीज दर्द से कराहते हुऐ नजर आए। चेस्ट फिजीशियन और हड्डी रोग के डॉक्टर को दिखाने के लिए मरीजों की लंबी लाइन थी। डॉक्टर को दिखने के लिए मरीज आपस में धक्का मुक्की भी कर रहे थे। हृदय रोग के डॉक्टर के पास भी मौसमी बीमारी के मरीज पहुंचे थे। बताया कि इस समय मौसम में जो उतार चढ़ाव चल रहा है उससे खांसी के साथ साथ खुजली के भी मरीज आ रहे हैं। ओपीडी में बाल रोग विशेषज्ञ के साथ-साथ सर्जन के पास भी मरीजों की भीड़ थी। बाल रोग विशेषज्ञ ने बताया कि अभी बच्चों में वैसे तो कोई बीमारी नहीं है लेकिन अभी तक मौसमी बीमारी की चपेट में जो बच्चे आए हैं उन्हें अभिभावक इलाज के लिए लेकर आए हैं। ऐसे बच्चों को देखकर दवा दी जा रही है। अभी कोई गंभीर बीमार नहीं आया है। बच्चों के अभिभावकों को बचाव के तरीके बता दिए गए हैं। हड्डी के डॉक्टर ने बताया कि इस समय पुरानी दर्द के उभरने से लोग परेशान हो रहे हैं।

भाजपा नेत्री पर रणजी ट्राफी में चयन के नाम पर ठगी का आरोप

संवाददाता, फतेहपुर

- साढ़े चार लाख रुपये हड़पने का आरोप

अमृत विचार। भाजपा नेत्री ने रणजी ट्रॉफी में चयन कराने के नाम पर क्रिकेट खिलाड़ी से 4.50 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर भाजपा नेत्री व उसके दो बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

मलवां थाना क्षेत्र के गांव इटरौरा पिलखनी निवासी अरविंद कुमार ने बताया कि वह शहर के शांतिनगर में किराए पर रह कर क्रिकेट का अभ्यास करता है। कुछ दिनों पूर्व शांतिनगर में उसकी मुलाकात भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री वंदना द्विवेदी से हुई। उन्होंने बताया कि उनके बेटे अमित द्विवेदी का हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में रणजी टीम में चयन हो गया है। भाजपा नेत्री ने कहा कि वह उसका भी रणजी टीम में चयन करा देंगीं। इसके लिए दस लाख रुपये देने होंगे। कहा कि बेटे अमित के खाते में रुपये ट्रांसफर कर दो। एक माह में सेलेक्शन हो जाएगा। अरविंद ने महिला के बेटे के बैंक खाते में अलग-अलग किस्तों में साढ़ चार लाख रुपये भेज दिए। एक माह बाद भी उसका चयन नहीं हुआ। धोखाधड़ी की आशंका पर अरविंद ने खुद हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में पता किया तो मालूम हुआ कि अमित द्विवेदी नाम का कोई भी खिलाड़ी चयनित नहीं हुआ है। बाद में पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो भाजपा नेत्री और उसके बेटे सुमित व अमित द्विवेदी ने उसे जान से मारने की धमकी देकर जातिसूचक गाली- गलौज की। पीड़ित ने कोतवाली और एसपी कार्यालय में मामले की शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। कोतवाल ने बताया कि रिपोर्ट लिख ली गई है।

पीसीएफ के कनिष्ठ सहायक पर रिश्वत मांगने की दर्ज हुई रिपोर्ट

संवाददाता, फतेहपुर

- आईजी के आदेश पर की गई कार्रवाई
- कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

अमृत विचार। शहर के पीसीएफ गोदाम में तैनात कनिष्ठ सहायक पर 50 हजार रुपये रिश्वत मांगने का मुकदमा दर्ज हुआ। आरोप है कि उसने साथी महिला कनिष्ठ सहायक के स्थानांतरण के संबंध में रिपोर्ट में हेरफेर कर फर्जी मेल भेज दी। बाद में निलंबन की धमकी देकर रुपये मांग रहा था। आईजी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है।

कोतवाली क्षेत्र के कलक्टरगंज निवासी सुल्तान ने बताया कि पत्नी श्वेता अग्निहोत्री कनिष्ठ सहायक के पद पर जिला कार्यालय पीसीएफ प्रयागराज में तैनात है। वह पूर्व में पीसीएफ फतेहपुर में तैनात थी। उसका स्थानांतरण फतेहपुर से अप्रैल 2023 में प्रयागराज के लिए हुआ। 30 जून 2023 को प्रयागराज से फतेहपुर के लिए दोबारा स्थानांतरण हो गया, लेकिन प्रबंध निदेशक यूपी कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड ने 14 जुलाई 2023 को स्थानांतरण निरस्त कर दिया था। महिलाकर्मी ने स्थानांतरण निरस्त होने का पत्र रिसीव कर प्रयागराज में दोबारा ड्यूटी ज्वाइन कर ली। 17 जुलाई 2023 को उसे स्थानांतरण निरस्त होने के संबंध में पीसीएफ की तरफ से एक मेल भेजा गया। करीब डेढ़ महीने बाद पता चला कि भेजे गए मेल में राधेश्याम कनिष्ठ सहायक पीसीएफ ने अपनी रिपोर्ट लगाई थी। मेल में स्थानांतरण निरस्त होने का पत्र महिला कर्मी द्वारा रिसीव न करने का उल्लेख था और इसे बड़ी लापरवाही मानी गई। आशंका पर प्रिंट निकालकर देखा गया तो पता चला कि पत्र में पूर्व में लगाई गई रिपोर्ट को मिटा कर नई रिपोर्ट राधेश्याम ने बनाकर पीसीएफ की ओर से मेल किया। जानकारी पर महिला कर्मी के पति ने राधेश्याम से मुलाकात की। राधेश्याम ने धमकी दी कि रुपये न मिलने वह इस रिपोर्ट के आधार पर उसकी पत्नी को निलंबित करा देगा। कोतवाल राजेंद्र सिंह ने बताया कि आईजी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। विवेचना की जा रही है।

छापे में 210 लीटर कच्ची शराब बरामद

फतेहपुर। होली पर्व के दृष्टिगत चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी और बकेवर पुलिस ने कच्ची शराब बनाने वालों के यहां छापेमारी कर 210 लीटर कच्ची शराब और लहन बरामद किया है। टीम ने पांच लोगो के खिलाफ कार्रवाई की हैं।

होली पर्व को देखते हुए जिले में कच्ची शराब बड़ी मात्रा में बनवाई जा रही हैं। जिसको देखते हुए डीएम के निर्देश पर आबकारी अवैध शराब बनाने वालों के खिलाफ कार्यवाई कर रही हैं। आबकारी निरिक्षक मनोज कुमार तथा बकेवर थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र के कंजरन डेरा, बेंता, बकेवर, आम्बापुर, मुरांव, गौरा में छापेमारी की। छापेमारी से शराब कारोबारी में हड़कंप मच गया। शराब बना रहे सभी लोग टीम को देख भाग खड़े हुए।

आरटीई : प्रवेश न लेने पर निजी स्कूलों की छिनेगी मान्यता

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। अनिवार्य शिक्षा आरटीई के तहत निजी स्कूलों में बच्चों का मुफ्त प्रवेश न लेने वाले स्कूलों की मान्यता समाप्त की जाएगी। पहले चरण में 305 बच्चों को प्रवेश के लिए चयनित किया गया है।

दुर्बल आय वर्ग और निर्धन परिवारों के बच्चों का आरटीई के तहत जिले के निजी स्कूलों में प्री प्राइमरी और कक्षा एक में हर साल निशुल्क प्रवेश कराया जाता है। बच्चों की फीस और अन्य मद का पैसा शासन द्वारा निजी स्कूलों के खातों में भेजा जाता है। इसके बावजूद भी कई स्कूल निर्धन बच्चों का प्रवेश अपने विद्यालय में लेने में आनाकानी करते हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने सभी निजी स्कूलों को चयनित बच्चों का अपने यहां समय से प्रवेश देने के निर्देश भी जारी किए हैं। डीएम ने भी निजी स्कूलों में निर्धन बच्चों के आरटीई के तहत प्रवेश न लेने पर मान्यता प्रत्याहरण की चेतावनी दे रखी है। अभी तक पहली लॉटरी में 305 बच्चों का निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए चयन किया गया है। एक अप्रैल से निजी स्कूलों में मुफ्त प्रवेश दिलाया जाएगा।

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में बच्चों को प्रवेश दिलाने को पहली लॉटरी में 305 बच्चों को चयन हुआ है। एक अप्रैल से निजी स्कूलों में मुफ्त दाखिला कराया जाएगा। दूसरे चरण की प्रक्रिया चल रही है। लॉटरी निकाल कर बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए चयनित किया जाएगा।
–पंकज यादव, बीएसए

सार-संक्षेप

रामलीला में कलाकारों ने किया भावपूर्ण मंचन

बहुआ। रामलीला का आयोजन हर साल की भांति इस वर्ष भी किया गया। रामलीला का चौथा दिन रहा। रामलीला में कलाकारों के माध्यम से लंका दहन समेत अन्य लीलाओं का बावपूर्ण मंचन किया गया। बहुआ नगर के जवाहर नगर स्थित रामलीला मैदान में रामलीला का आयोजन रखा गया। जिसके अध्यक्ष कन्हैया सिंह उर्फ शैलेंद्र प्रताप सिंह गौतम, संरक्षक धर्मपाल सिंह गौतम, कोषाध्यक्ष बबलू सिंह कछवाह, सदस्य वेद प्रकाश शुक्ला, कमल पासवान, दादू सिंह, जानकी लाइट हाउस द्वारा लगातार 40 वर्षों से रामलीला का आयोजन कराया जा रहा है। कलाकारों में विनय व्यास, चित्रकूट बुंदेलखंड से आई हुई कमेटी आयोजन कलाकारों के माध्यम से मंचन किया गया।

रामलीला का मंचन करते कलाकार।

रामपुर मामले में तीन गिरफ्तार

फतेहपुर। बकेवर क्षेत्र के रामपुर गांव में पिछले दिनों राजस्व टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया था। लेखपाल के साथ जमकर मारपीट और तहसील प्रशासन की गाड़ी पर पथराव हुआ था। पुलिस ने 16 नामजद सहित दस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन को गिरफ्तार किया है। रामपुर के ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। 2021 से गांव के लोग दबंगों के खिलाफ स्थानीय थाने से लेकर तहसील और मुख्यालय के अधिकारियों से शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि इतना सब होने के बाद भी आरोपी सुघर यादव और उसका भाई कमल यादव का ग्राम समाज और घूर गड्ढे की जमीन पर कब्जा है। ग्रामीणों की मांग है कि लेखपाल को निलंबित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए, क्योंकि लेखपाल ने शिकायतकर्ताओं को ही अपनी तहरीर में आरोपी बना डाला है।

चोरी के मामले में संदिग्धों से पूछताछ

फतेहपुर। सोमवार रात दयालपुर गांव में हुई आधा दर्जन घरों में चोरी को लेकर फौजी के घर में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव दयालपुर में रचना तिवारी, संतू तिवारी समेत आधा दर्जन घरों के ताले तोड़कर चोरों ने नकदी समेत करीब पांच लाख के जेवरात चोरी हो गया था। अवधेश फौजी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में करीब छह लोग चोरी की घटना के बाद कैद हो गए। कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हाईवे से घुमंतू प्रजाति के चार लोगों को हिरासत में लेते हुए पूछताछ कर रही है। मामले में कोतवाली प्रभारी तेजबहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

रूट मार्च कर सुरक्षा का भरोसा दिया

फतेहपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की टीम पूरी तरह से अलर्ट है। मंगलवार को जिले भर में अलग अलग स्थानों पर अद्र्धसैनिक बलों को साथ में लेकर पुलिस ने रूट मार्च किया। आम जन को सुरक्षा का भरोसा दिया। सीओ खागा के नेतृत्व में सुल्तानपुर घोष पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल के साथ थाना क्षेत्र के संवेदनशील गांव नौबस्ता मजरे बैगांव, ऐरायां सादात, ऐराया मशायक, बहेरा सादात, अल्लीपुर बहेरा, अमोहा, मोहम्मदपुपर गौती, इजूरा बुजुर्ग के हिस्ट्रीशीटरों को चेक किया गया। मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर भी पुलिस की नजर रही। रूट मार्च कर पुलिस की टीम ने आमजन को सुरक्षा का अहसास कराया। कहा कि कोई व्यक्ति संदिग्ध लगे तो जानकारी दें। होली के त्योहार को देखते हुए पुलिस ने ग्रामीणों से बातचीत की और सुरक्षा का भरोसा दिया।

निःशुल्क राशन लेने में सर्वर बन रहा बाधक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- प्रक्रिया पूरी करने में लगता काफी समय, तब तक इंतजार

अमृत विचार। राशन की दुकानों में चार दिन पूर्व निःशुल्क राशन वितरण का कार्य शुरू हो चुका है। सुबह से दोपहर बाद तक महिलाएं राशन लेने के लिये पहुंचती हैं। लेकिन सर्वर न आने के कारण घंटों लाइनों में खड़ी रहती हैं। राशन न मिलने से कार्डधारकों में रोष देखने को मिल रहा है। नई वितरण कार्य प्रणाली को कोस रहे हैं।

शहर की राशन की दुकानों में राशन लेने के लिये सुबह से ही महिलाएं, बच्चे, पुरूष पहुंच जाते हैं। दुकानदार बताता है कि सर्वर काम नहीं कर रहा है। जिससे परेशान लोग वापस हो रहे हैं। इधर 15 मार्च से वितरण शुरू है लेकिन सर्वर न आने के कारण कार्डधारकों को राशन नहीं मिल पा रहा है। रोज-रोज राशन की दुकानों पर चक्कर लगाने में कार्डधारकों में रोष भी देखने को मिल रहा है। राशन लेने पहुंची कई महिलाओं ने कहा कि मोदी सरकार ने नई वितरण प्रणाली लागू कर हम लोगों को परेशान कर रखा है। इससे अच्छे पहले वितरण हो रहा था। वहीं राशन दुकानदार बताते हैं सर्वर कभी आता है तो कभी चला जाता है। हम लोग सर्वर न आने के कारण मजबूर हो जाते हैं। कार्डधारक अपनी गुस्सा हम लोगों पर उतारते हैं। हालांकि सर्वर काम करता है लेकिन कभी कभी इतना धीमा चलता है कि एक कार्डधारक की प्रक्रिया पूरी करने में 15 से 20 मिनट का समय लगता है।

मिर्च व्यापारी के लापता होने से मचा हड़कंप

औंग। बेटे से मिलने जाने के लिए घर से निकला मिर्चा व्यापारी घर नहीं लौटा तो हड़कंप मच गया। परिजनों को उसकी बाइक हाईवे में खड़ी मिली है। परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

कस्बा निवासी दिनेश कुमार प्रजापति मिर्चा व्यापारी है। परिजनों ने बताया कि दिनेश का पुत्र शहर में रहकर पढ़ाई करता है। उसी से मिलने वह रविवार दोपहर में बाइक से फतेहपुर जाने के लिए निकले थे। शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। कल्यानपुर क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित हंस पब्लिक स्कूल के पास सोमवार को उसकी बाइक खड़ी मिली। बताया जा रहा है कि बाइक में चाबी लगी थी और बाइक पूरी तरह से सुरक्षित थी।

दिव्यांग बच्चों के साथ खेली होली

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन, समाजसेवी डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मंदिर दिव्यांग एवं पुनर्वास आवासीय विद्यालय के दिव्यांग बच्चों को होली के उपहार पिचकारी, अबीर,रंग, मुखौटे व खाद्य सामग्री में गुझिया, मिठाई, समोसे, बिस्किट, टॉफी, आदि का वितरण कर बच्चों को खुशियां बांटने का प्रयास किया गया।

डॉ अनुराग द्वारा सभी दिव्यांग बच्चों को अबीर गुलाल लगाकर व उन्हें होली की टोपी पहनाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। साथ ही सभी बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के लिए होमियोपैथिक औषधि भी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान पूरे विश्व में उसकी अनमोल विरासत व संस्कृति है। जिस कारण यहां विविधता में एकता नजर आती है। हमारी इस भारतीय संस्कृति को सुंदर व गौरवशाली बनाया है हमारी परंपरा ने, जिसमें त्यौहारों का योगदान महत्वपूर्ण है। रंगों से भला किसे परहेज हो सकता है क्योंकि बिना रंगों के शायद जीवन भी इतना सुंदर न हो पाता।

इस अवसर पर प्रबंधक सीताराम यादव, मनीष कुमार सिंह, डॉ वकील अहमद सिद्दीकी, सुमन देवी, कंचन, आयुष्मान, मुन्नू लाल, चैतन्य कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

होली से सामग्री पाकर खुशी का इजहार करते दिव्यांग बच्चे। अमृत विचार

- श्री कृष्ण विद्या मंदिर में रंग अबीर व पिचकारी के साथ गुझिया भी बांटी

होली का बाजार | रंगों व पिचकारियों के साथ मुखौटे व हैप्पी होली लिखी टोपी भी खूब बिक रही

फायर सिलेंडर से अबीर–गुलाल की बौछार करेगी सराबोर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। रंगों का त्योहार होली में रंग बरसाने के लिए विभिन्न वैरायटी की पिचकारियां बाजार में मौजूद हैं। नए तरह की पिचकारी, फायर सिलेंडर से पटाखे की तरह चलने वाला गुलाल इस बार लोगों को अधिक रोमांचित करेगा। रंग और पिचकारी बनाने वाली कंपनियों ने इस बार बाजार में कुछ नया प्रयोग किया है।

इसमें जलाने के लिए पटाखे भी बनाए हैं, जिससे गुलाल निकलेगा। इसके अलावा पानी में घुलने वाले रंगों के साथ कलरफुल फॉग स्प्रे, सुगंध लिए गुलाल भी मस्ती के पर्व के उत्साह को दोगुना कर देगा। वहीं कपड़ों के व्यापारियों ने भी नए वेरायटी के रेडीमेड कपड़ों के अलावा आकर्षक कुर्ता पजामा भी मंगाया है।

पर्व को लेकर शहर का बाजार सज गया है। बाजार में तरह-तरह की पिचकारियों के अलावा फायर सिलेंडर भी आया है। इससे गुलाल की बौछार होगी। केसरिया रंग की टोपी और पगड़ी भी आई है। टैंक वाली पिचकारी के ऊपर भी योगी व मोदी का चित्र लोगों को आकर्षित कर रहा है। शादीपुर के दुकानदार मुकेश सिंह ने बताया कि पहले लाल रंग का गुलाल ज्यादा बिकता था। अब केसरिया रंग की बिक्री अधिक है। इसके अलावा केसरिया रंग की टोपी, विभिन्न जानवरों के मुखौटे, पार्टी वीयर मुखौटा, हर्बल गुलाल भी मंगाए गए हैं। पत्थरकटा चौराहा के दुकानदार ने बताया कि होली के सामानों पर महंगाई का भी असर दिख रहा है। हालांकि सामानों की बिक्री शुरू हो गई है।

रंग व गुलाल व तरह–तरह पिचकारियां को सजाते दुकानदार। अमृत विचार

होलिका दहन स्थल पर तैनात होगी पुलिस

फतेहपुर। पुलिस कर्मियों की होलिका दहन के स्थानों पर ड्यूटी लगाई गई है। हर होलिका के पास पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। जिले में दो हजार से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया जाता है। होलिका दहन के दौरान होने वाले विवादों को देखते हुए हर स्थान पर अलग–अलग पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। होलिका दहन के दौरान दबंगई रोकने के लिए सिपाहियों के साथ होमगार्ड और चौकीदार भी मौजूद रहेंगे। कहीं विवाद होने की दशा में वहां तैनात पुलिस कर्मियों की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि शांतिपूर्ण होलिका दहन के लिए सभी स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। हर जगह पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। विवाद करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

होलीका दहन करने की तैयारी। अमृत विचार

बाजार में तरह- तरह के नमकीन

नमकीन विक्रेता सुनील गुप्ता ने बताया कि बाजार में दुकानों पर मखाने, मूंगफली मिक्स नमकीन उपलब्ध है। पापड़ी, लहसुन वाली नमकीन खूब पसंद की जा रही है। इसके साथ ही बेसन की सेव की भी काफी मांग है। होली को ध्यान में रखकर बाजार में नमकीन–बिस्कुट की तमाम दुकानें लगी हैं। उनके पास 260 रुपये से 400 रुपये किलो तक की नमकीन है। बिस्कुट भी 40 से लेकर 150 रुपये पैकेट तक, दुकानदारों ने कलेक्शन रख हुए हैं।

रेडीमेड गुझिया की भी धूम

दुकानदार बताते हैं कि वह मावा मंगाकर गुझिया तैयार कराते हैं। गुझिया पांच सौ रुपये प्रति किग्रा बिक रही हैं। बताया कि 350 रुपये में भी कई जगहों पर गुझिया बिक रही है। इनमें मावा स्थानीय उपयोग होता है। हालांकि इसकी बिक्री होली के एक दिन पूर्व ही अधिक जोर पकड़ती है।

नए स्टाइल के कपड़े

होली पर नए कपड़े पहनने की भी परंपरा है। रंग खेलने के बाद नए कपड़े पहनकर मित्रों, प्रियजनों के घर जाकर होली मिली जाती है। बाजार में रेडीमेड कपड़ों और साड़ियों की बड़ी रेंज आई है। चौक बाजार के दुकानदार संजय रस्तोगी ने बताया कि रागरा, प्लाजो, कैपटॉप, लहंगा, जींस, वैलवॉटम, शर्ट और टी–शर्ट की कई वैरायटी आई हैं जो लोगों को भा रही हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उल्लंघन किया तो कड़ी कार्रवाई

लोस चुनाव : प्रचार सामग्री पर अंकित करना होगा मुद्रक का नाम-पता व मोबाइल नंबर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन स्तर पर तैयारियां जोरों पर हैं। मुद्रक एवं प्रकाशकों के लिए भी दिशा निर्देश दिए गए हैं। चुनाव में पंपलेट, पोस्टर, होर्डिंग का बहुतायत में प्रयोग होता है। इसको देखते हुये जिला प्रशासन ने आयोग के मुताबिक मुद्रक और प्रकाशकों के लिए गाइड लाइन जारी कर दी है। आयोग के निर्दश के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबकि सभी प्रिंटिंग प्रेस स्वामी निर्वाचन से संबंधित मुद्रित सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम, पता, मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से उल्लेख करेंगे। सामग्री मुद्रित होने के तीन दिनों के अंदर उसकी तीन प्रतियां, प्रकाशक की घोषणा और वसूल की गई धनराशि के ब्योरे के साथ प्रभारी अधिकारी व्यय अनुवीक्षण को उपलब्ध कराएंगे। प्रिंटिंग प्रेस स्वामी आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो कार्यवाही और जुर्माना भी भुगतना होगा। निर्देशों का पालन अनिवार्य होगा।

बगैर अनुमति के नहीं होगी कारतूस की बिक्री

लोकसभा निर्वाचन में लोक व्यवस्था और जन सुरक्षा के मद्देनजर शस्त्र, कारतूस, गोला, बारूद, आतिशबाजी की बिक्री बिना जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति से नहीं होगी। आदेश की अवहेलना करते पाये जाने पर आयुध अधिनियम की धारा के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश चुनाव संपन्न होने तक ही लागू रहेंगे।

जमा कराए जा रहे शस्त्र

चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई शुरू कर दी है। एक ओर जहां हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों की निगरानी शुरू कराई जा रही है तो वहीं थाना प्रभारियों को वांछितों वारंटियों व इनामियां अपराधियों की धरपकड़ तेज करने तथा शातिरों के खिलाफ गुंडा एक्ट व गैंगस्टर के तहत निरोधात्मक कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं लोगों के लाइसेंसी शस्त्रों को जमा कराए जा रहे हैं।

ग्रामीणांचल में नहीं होता आचार संहिता का पालन

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही आचार संहिता प्रभावी हो गई है। इसके चलते जहां नगरीय क्षेत्रों में होर्डिंग्स बैनर हटाने का काम चल रहा है। वहीं ग्रामीण इलाकों में अभी इसके अनुपालन की अनदेखी हो रही है। जनपद में अचार संहिता के अनुपालन में जहां नगरीय क्षेत्रों में वाल पेटिंग पुतवाने का काम जारी है। वहीं होडिंर्ग आदि भी हट "रहे हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बड़ी-बडी होडिंग जस की तस बनी हैं। यहां अभी तक अभियान "शुरू भी नहीं हुआ है। यहां जनप्रतिनिधियों की होडिंग व बैनर आचार संहिता का मजाक उड़ाते दिख रहे हैं।

शिक्षक मैडम रसोइया से करातीं हैं पैर की मालिश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के कोई न कोई कारनामें सामने आ रहे हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया में एक वीडीयो वायरल हुआ। हालांकि इस वीडीओ की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में एक प्रधानाध्यापिका विद्यालय की रसोइयों से पैर में मालिश कराते नजर आ रही हैं।

मामला हसवां विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय का है। जहां स्कूल की प्रिंसिपल स्कूल में काम करने वाली रसोइयों से मालिश करवा रही हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि किस तरीके से एक नहीं बल्कि दो-दो रसोइया मैडम की सेवा में हैं। पैरों की मालिश का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से महकमे में हड़कंप मच गया। स्कूल का ये वायरल वीडियो वहां पर मौजूद अव्यवस्थाओं की पोल खोलने के लिए काफी है। ग्रामीण इलाकों में बने इन स्कूलों में सरकार खाने से लेकर पहनने के लिए ड्रेस और पढ़ाई करने तक की मुफ्त सुविधा देती है। स्कूल की टीचरों को मोटी तनख्वाह भी दी जाती है। इसके बावजूद टीचर जिस काम के लिए स्कूल आते हैं वही नहीं करते। बीएसए पंकज यादव ने बताया कि जांच बीईओ हसवां को सौंपी है।

स्कूल की रसोइया से पैर की मालिश करातीं प्रधानाध्यापिका।

सार-संक्षेप

एचटी लाइन से झुलसे अधेड़ की उपचार के दौरान मौत

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के बुदवन गांव में चार दिन पूर्व खेत में काम कर रहे अधेड़ एचटी लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया था। जिसे उपचार के लिए हरदों लाया गया जहां से उसे प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया था। जिसकी इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह मौत हो गई। खागा के बुदवन गांव निवासी रामशिरोमणि 15 मार्च को अपने खेतों में काम कर रहा था। तभी अचानक एचटी लाइन टूटकर गिर जाने से उसकी चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया था। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए हरदों अस्पताल ले गए थे जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया था। परिजन उसका इलाज करवा रहे थे तभी मंगलवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव को लेकर खागा आ गए और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

फतेहपुर। खागा कस्बे के विजय नगर मोहल्ला निवासी सीताराम पुत्र बिंदा प्रसाद दर्जी किशनपुर रोड स्थित किराए की दुकान में सिलाई का काम करता था। मंगलवार दोपहर को ओवरब्रिज के पास डाउन लाइन में प्रयागराज की ओर जा रही टाटानगर मुरी एक्सप्रेस के आगे कूदकर जान दे दी। मौत की खबर लगते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी नीतू व तीन वर्षीय बेटी स्वीटी व दो वर्षीय बेटा बाबू का रो रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद को लेकर वह तनाव में रहता था।

प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर मिठाई खिलाते समर्थक। अमृत विचार

भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष बने मनीष

थरियांव। थरियांव थाना क्षेत्र के सनगांव निवासी श्याम बरन उर्फ मनीष को भारतीय मजदूर किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मराज पाल है। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 15 मार्च को श्याम बरन उर्फ मनीष को प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किए हैं। प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर मनीष को माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुलायम सिंह यादव, अजय कुमार लोधी, सुरेश कुमार, प्रशांत कुमार, डॉ धर्मेंद्र, उमेश कुमार, लवकुश लोधी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनोनीत

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली की संस्तुति पर जिला संयोजक कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रमीज खान को मनोनीत किया गया है। मनोनीत होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने आशा जताई है कि पार्टी की रितियों नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर पार्टी को आगे ले जाएंगे। अल्पसंख्यक जिला संयोजक कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत होने पर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

मिलावट के संदेह पर आठ खाद्य पदार्थों के भरे नमूने

फतेहपुर। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय देवेन्द्र पाल सिंह के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में होली को लेकर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान आठ खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच को भेजा गया है। अभियान के दौरान रामनारायन, बिन्दकी खोया मण्डी से खोया का एक नमूना, उमाशंकर बिन्दकी खोया मण्डी से खोया का एक नमूना, सामर्था डेयरी जोनिहा बिन्दकी से मिश्रित दूध का एक नमूना, राजन बिन्दकी खोया मण्डी से खोया का एक नमूना, सुभाष चन्द्र बिन्दकी खोया मण्डी से खोया का एक नमूना, अशोक कुमार जोनिहा से पनीर का एक नमूना, अनिल कुमार भकीनपुर से पापड़ का एक नमूना, उत्तम सिंह जोनिहा से पनीर का एक नमूना संग्रहित कर जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया। इस दौरान खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने, मिलावट रहित शुद्ध एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ बेचने एवं सभी खाद्य पदार्थों के क्रय बिल, टैक्स इनवाईस को रखने के निर्देश दिए गए।

किसान की गोली मारकर हत्या करने पर उम्रकैद

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। गोली मारकर किसान की हत्या करने के दोषी को अपर जिला जज अखिलेश कुमार पांडेय की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 15 हजार रुपया अर्थदंड जमा करने के आदेश दिए हैं।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता कल्पना पांडेय ने बताया कि खागा कोतवाली क्षेत्र के बुदवन गांव निवासी हरिश्चंद्र 16 मार्च 2014 की शाम गांव में होली जलाने के स्थान पर आस पास के लोगो से बात चीत कर रहे थे। तभी रिश्ते में चाचा लगने वाले भुक्खा सिंह ने पुरानी रंजिश में तमंचे से हरिश्चन्द्र को गोली मार दी। गोली लगने से हरिश्चन्द्र की मौके पर मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर हरिश्चन्द्र का बेटा कमलेश घटना स्थल की ओर दौड़ा तो आरोपी तमंचा लेकर भाग रहा था। मामले में पुलिस ने कमलेश की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अपर जिला जज अखिलेश कुमार पांडेय की कोर्ट में मंगलवार को मामले की अंतिम सुनवाई हुई। मामले में 12 गवाह पेश हुए। न्यायाधीश ने दोनों पक्षो के दलीले सुनने के बाद आरोपी भुक्खा सिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 15 हजार का अर्थदंड जमा करने के आदेश दिए।

- 2014 में होली के दिन पुरानी रंजिश में की थी हत्या

अगले महीने चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान अगले महीने की एक से 30 तारीख तक चलाया जाएगा। अभियान में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बाल विकास, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज, शिक्षा, नगर निगम, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, दिव्यांग कल्याण, चिकित्सा शिक्षा को दायित्व सौंपे गए।

मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि आपस में समन्वय बनाते हुए टीम भावना के साथ अभियान को सफल बनाए। साथ ही किये गए कार्यो का सूचना विभाग के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी कराये। अभियान का मैक्रोप्लान बना ले, साथ ही ब्लॉक एवं तहसील स्तर की बैठक कराकर रिपोर्ट से अवगत कराएं। प्रशिक्षण भी कराने के निर्देश सम्बन्धितो को दिये। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को संचारी रोगों से बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में विशेष अभियान चलाते हुए सभी कार्यों को पूर्ण करने एवं आम जनमानस को संचारी रोगों से बचाव, रोकथाम के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायतों को नगरीय क्षेत्र व जिला पंचायतराज अधिकारी को समस्त ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से साफ सफाई कराने, नालियों एवं रिक्त स्थानों पर जलभराव की समस्या की स्थिति का समाधान कराने के निर्देश दिए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में झाड़ियों को कटवाते हुए फागिंग कराने एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों विद्यालयों, पंचायत परिसर में मच्छर विकर्षी पौधों को रोपित किया जाये। उन्होंने संचारी रोगों से बचाव के संबंध में पम्पलेट के माध्यम से स्कूली छात्र छात्राओं एवं ग्राम पंचायतों में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा. इस्तियाक अहमद, सीएमएस पुरुष, जिला मलेरिया अधिकारी डा सुजाता ठाकुर, जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब सिंह यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र राज सिंह, जिला सूचना अधिकारी आरएस वर्मा मौजूद रहे।

संचारी रोग अभियान की बैठक करते सीडीओ। अमृत विचार

रोगियों के घर पर चस्पा होंगे स्टीकर

आशा, आंगनबाड़ी घर-घर जाकर 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों अथवा क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्ति पाए तो तो उनके घर के प्रमुख जगह पर स्टीकर लगाने निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सा परामर्श दे और बुखार के रोगियों की सूची, आईएलआई (इन्फ्लूएंजा लाईक इलनेस) रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षणयुक्त रोगियों की सूची, कुष्ठ रोग, फलेरिया रोग एवं कालाजार रोग के लक्षणयुक्त रोगियों की सूची बना लें। बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण के लिए महिला चिकित्सालय परिसर में संक्रमण रोग नियंत्रण कक्ष में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका नंबर 05180-221410 में प्राप्त शिकायतो का नियमानुसार कार्यवाही करके निस्तारण किया जायेगा।

बोर्ड कापियों के मूल्यांकन में आई तेजी, 20 फीसदी जांची

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। यूपी बोर्ड कापियों के मूल्यांकन में तेजी आई है। मंगलवार को भी चारों केन्द्रों में तेजी से कापियों का मूल्यांकन परीक्षकों द्वारा किया गया। अब तक प्राप्त कापियों के सापेक्ष हाईस्कूल में 78375 तो इंटरमीडियट में 37596 कापियों का मूल्यांकन पूरा हो गया। हालांकि अभी भी कई परीक्षक अनुपस्थित चल रहे हैं।

मंगलवार को राजकीय शिक्षक संघ मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार का निर्णय लिया गया लेकिन प्रांतीय नेताओं से प्राप्त निर्देशों के आधार पर बहिष्कार टाल दिया गया। सुबह 11 बजे से मूल्यांकन कार्य शुरू हुआ। राजकीय इंटर कालेज में प्राप्त 83686 कापियों के सापेक्ष मंगलवार को इंटर की 4998 कापियों का मूल्यांकन किया गया। यहां पर अब तक 14643 कापियों का मूल्यांकन किया जा चुका है। इसी तरह से राजकीय बालिका इंटर कालेज में प्राप्त 75203 कापियों के सापेक्ष मंगलवार को 6124 कापियां चेक करते हुए अब तक 22953 कापियों का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया गया। इसी तरह से हाईस्कूल के लिए बनाए गए केन्द्र एएस इंटर कालेज को 126069 कापियां प्राप्त हुई हैं। जिसके सापेक्ष मंगलवार को परीक्षकों ने 7056 कापियां चेक किया। इसी के साथ यहां पर मूल्यांकित कापियों की संख्या 31044 पहुंच गई है। हाईस्कूल के ही सदाशिव इंटर कालेज में प्राप्त कापियां 125494 के सापेक्ष मंगलवार को मात्र 675 कापियां ही चेक हुई। यहां पर अब तक 47331 कापियों का मूल्यांकन किया जा चुका है। मूल्यांकन कार्य 31 मार्च तक समाप्त करना है।

- हाईस्कूल में अब तक 78,375 तो इंटर में 37,596 कापियों का मूल्यांकन
- कई परीक्षक अभी भी चल रहे गैरहाजिर, 31 मार्च तक होना है मूल्यांकन

हिस्ट्रीशीटर ने मारपीट कर की तोड़फोड़, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, किशनपुर

अमृत विचार। थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में मंगलवार ने अपने पुत्रों के साथ मौके पर पहुंच कर गाली गलौज कर मारपीट की। सबमर्सिबल की दीवार व शटर तोड़कर नलकूप में तोड़फोड़ की। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के मनीपुर सेमरिया गांव निवासी लीलावती पत्नी भूप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह घर पर थे। तभी अचानक परिवार का ही हिस्ट्रीशीटर अपराधिक प्रवृत्ति का सुमेर सिंह पुत्र बांकेलाल अपने पुत्र चंदन सिंह, कुंदन सिंह व एक अज्ञात व्यक्ति के साथ घर आए और पुराने जमीनी विवाद को लेकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। पुरानी दीवार व पिलर को तोड़कर गिरा दिया। बगल में बना टीन सेड भी तोड़ कर गिरा दिया। बगल में लगे सबमर्सिबल को तोड़कर मोटर पाइप बोरबेल में डाल दिया। जिससे बोर बेकार हो गया। सभी ने घंटो तांडव मचाया जब पीड़ित महिला के पति भूप सिंह ने वीडियो बनाना चाहा तो सभी ने जान से मारने को दौड़ा लिया। जिससे वह जान बचाकर भाग निकला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित सुमेर सिंह के साथ पीड़ित भूप सिंह का चालान कर दिया।

13 वकीलों ने पहले दिन किया नामांकन

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

अमृत विचार। माडल बार एसोसिएशन, अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए पहले दिन विभिन्न पदों के लिए 13 लोगों ने नामांकन किया। 20 मार्च को भी नामांकन होगा।

मंगलवार को तहसील परिसर के अधिवक्ता कक्ष में माडल बार एसोसिएशन, अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए जगन्नाथ सिंह व रमाशंकर शुक्ला ने नामांकन किया। वहीं महासचिव पद के लिए कैलाश चंद्र पटेल व राजकमल ने नामांकन किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष में अजय कुशवाहा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष में नरेंद्र कुमार वर्मा, संयुक्त सचिव प्रशासन में रंगीलाल, कोषाध्यक्ष में राकेश कुमार, वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य में कैलाश नाथ तथा कनिष्ठ कार्यकारणी सदस्य में राहुल सिंह चौहान, प्रतिभा देवी, अमित सिंह, महेंद्र सोनी ने नामांकन किया। आज यानि बुधवार को नामांकन का आखिरी दिन है।

चुनाव अधिकारी रमाकांत तिवारी ने बताया कि गुरुवार को नामांकन पत्रों आपत्ति व जांच की जायेंगी। शुक्रवार को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 2 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी।

नामांकन पत्र जमा करते अधिवक्ता। अमृत विचार

होली पर विशेष | दोआबा के बकेवर में कुछ अलग तरीके से मनाई जाती है होली

'राम' की स्नेहिल पिचकारी, 'रहीम' को रंग से करती सराबोर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जिले में कुछ ऐसे स्थान हैं, जहां होली आपसी भाईचारे का प्रतीक है। जहां आज भी सभी धर्म संप्रदाय के लोग एक साथ होली का पर्व मनाते हैं। यहां राम की पिचकारी रहीम को स्नेह के रंग से सराबोर करती है। फिर कहते हैं, बुरा न मानो होली है।

गंगा जमुनी तहजीब में रचे-बसे जनपद की बिंदकी तहसील का कस्बा बकेवर में होली का त्योहार कुछ अलग तरह से मनाया जाता है। जहां आज भी राम-रहीम मिलकर एक दूसरे को रंग और गुलाल से सराबोर करते हैं। फाल्गुन पूर्णिमा की रात में पूजा अर्चना के साथ फगुआ गाते हुए होलिका दहन किया जाता हैं। इसके बाद दूसरे दिन प्रतिपदा को भोर पहर से ही लोग एक दूसरे को रंगों से सराबोर करने लगते है। दोपहर बाद सिलसिला शुरू होता फाग का। होलिहारों की टोलियां ढोलक, झीका लेकर सबसे पहले कस्बे के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल जिसे लटेश्वर धाम जाती हैं। यहां न कोई मंदिर है और न ही कोई मूर्ति, फिर भी यहां लोगों की आस्था का सैलाब उमडता है। पूरे वर्ष स्थानीय ही नहीं प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं अन्य प्रदेशों के लोग यहां अपनी मनौती मानने आते हैं। जिसमें सर्वाधिक संतान प्राप्ति की मनौती मानने वाले होते हैं। मनौती में किसी दान या मंदिर निर्माण कराने जैसा कुछ नहीं है। मनौती पूर्ण होने पर इस दरबार में नृत्यांगनाओं का नृत्य कराना होता है। यही वजह है कि यहां पूरे वर्ष नृत्य के कार्यक्रम होते रहते हैं। यहां एक शिलालेख लगा हुआ है जिसे मनौती पूर्ण होने के बाद लगाया गया था। जिसमें अंकित है जय-जय-जय लटियारे बाबा बंशीधर के सुतन के पूरन किए काज। यहां बुजुर्गो की किवदंती है कि बंशीधर के पुत्र को अंग्रेजी हुकूमत के दौरान किसी मामले को लेकर फांसी की सजा दी गई तो उनके परिजनों ने बाबा के दरबार मे नृत्यांगनाओं का नृत्य कराने की मनौती मानी और बाबा की कृपा से उनकी फांसी की सजा टल गई। बाबा लटेश्वर के दरबार में होली के दूसरे दिन फाग का आयोजन किया जाता है। अगले दिन चैत्र कृष्ण द्वितीया भाई दूज का दिन जिसे धुलेंडी बोलते हैं। इस दिन इस लटेश्वर धाम में कस्बे के अलावा क्षेत्र के ग्राम बरिगवां, रसूलपुर, बकेवर, सराय बकेवर व जोगा महमूदपुर के लोग नृत्य और स्वांग लेकर टोलियों में आते हैं। गुलाल व होलिका दहन की राख से लटेश्वर का टीका करते हैं और एक दूसरे के गले मिलते हैं। इसके बाद शुरू होता है नृत्य और स्वांग का सिलसिला जो देर शाम तक चलता है। इस दौरान यहां हजारों की संख्या में लोग होली धुलेंडी का लुत्फ उठाने आते हैं। रात्रि मे कस्बे के साथ ही कस्बे के उत्तर में स्थित रसूलपुर बकेवर में युवाओं द्वारा धार्मिक नाटको का मंचन किया जाता है जिसमें में भी ख्याति प्राप्त नृत्य कलाकारों व हास्य कलाकारों को बुलाया जाता है।

मिट्टी से बनी बाबा लटेश्वर की मूर्तियां। अमृत विचार

- पुरानी परंपरा को जीवित रखे हैं आज भी लोग
- आपसी सौहार्द का उदाहरण लटेश्वर धाम

सालियां आती है जीजा से होली खेलने

बाबा लटेश्वर जिन्हें साक्षात शिव का स्वरूप माना जाता है। पुरानी मान्यताओं व किवदंतियों के अनुसार बाबा की एक बहन भी है, जिन्हें लोग लूकादाई बोलते हैं जो लटेश्वर धाम से थोड़ी दूरी पर विराजमान हैं। बाबा की ससुराल जोगा महमूदपुर में बताई गई थी। ससुराल महमूदपुर के निवासी स्त्री, पुरुष साले व सरहज अपने आप को मानकर लटेश्वर महाराज से होली खेलने आते हैं। हालांकि अब धीरे धीरे अब जो पहले उत्साह पहले हुआ करता था वो अब धीरे धीरे कम होता जा रहा है।

बदरंग हो रहा है होली का रंग

एक समय था जब होली में लोग बोलते थे बुरा न मानो होली है, और लोग बुरा भी नहीं मानते थे। हिन्दू मुस्लिम सिक्ख इसाई सब एक साथ होली का रंगारंग पर्व मिलजुल कर भाईचारा की तरह मनाते थे। समय बदला और भाई भाई का स्लोगन दूर होने लगा। होली में बाबा देवर लागे जैसे शब्द के मायने ही बदलते जा रहे हैं।

लटेश्वर धाम में होली पर लगता मेला

इस पवित्र स्थान में लोगों को बहुत आस्था है। परिसर में हो रहे अलग अलग कार्यक्रमों लोग आनंद लेते हैं। बाबा लटेश्वर धाम में होली मेले के दौरान अनेक खाने पीने की दुकानें लगती है, जहां बच्चे बच्चियाँ महिलाएं लुत्फ उठाती हैं। खुले आसमान के नीचे रखी मिट्टी से बनी बाबा लटेश्वर की प्रतिमूर्तियों की पूजा अर्चना के साथ इलाकाई लोग रंग और अबीर बाबा को अर्पित करते हैं। इसके बाद परिसर में मौजूद क्षेत्र भर से आए श्रद्धालु और होलिहारे एक दूसरे के गले मिलकर रंग गुलाल लगाते हैं।

शुआट्स के निदेशक को हाईकोर्ट से मिली राहत

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार। इलाहाबाद हाईकोर्ट में सैम हिगिन बॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) के निदेशक विनोद बिहारी लाल को कथित तौर पर हत्या के प्रायस में एक व्यक्ति को गंभीर चोट पहुंचाने के आरोप में दर्ज मामले में सशर्त जमानत दे दी है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की पीठ ने रिहाई से पहले ट्रायल कोर्ट में 10 लाख रुपए जमा करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा की जमानत शर्तों के किसी भी उल्लंघन के परिणाम स्वरुप जमानत स्वतः रद्द हो जाएगी। निदेशक के अधिवक्ता ने तर्क दिया था कि याची का नाम प्राथमिकी में नहीं था और बिना किसी संभावित स्पष्टीकरण के अत्यधिक देरी से प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सूचना देने वाला शुआट्स का एक पूर्व छात्र था, जिसने प्रशासन पर परीक्षा उत्तीर्ण किए बिना उसे डिग्री जारी करने के लिए दबाव डालने हेतु प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। अतः कहा जा सकता है की शिकायतकर्ता याची से पूर्व व्यक्तिगत द्वेष रखता है। इसके अलावा याची को राजनीतिक प्रतिशोध का शिकार भी बनाया गया है और समाज में उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए दुर्भावनापूर्ण रूप से कई आधारहीन मामले दर्ज कराए गए हैं। इसके अलावा कोर्ट को यह भी बताया गया कि सह अभियुक्त राजेंद्र बिहारी लाल को शीर्ष अदालत द्वारा तत्काल मामले के अपराध के संबंध में अंतरीम जमानत दी गई है। वहीं दूसरी ओर सरकारी अधिवक्ता ने तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि चोटें गंभीर प्रकृति की थी, जो डॉक्टर के बयान से स्पष्ट हैं। चोटें और चश्मीदों के बयान अभियोजन की कहानी के साथ-साथ प्राथमिकी के संस्करण की पुष्टि करते हैं।

एक नजर

निर्वाचन समिति का गठन बार का चुनाव आज

छिबरामऊ, कन्नौज। बार एसोसिएशन छिबरामऊ की कार्यकारिणी 2024-25 के चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने के लिए चुनाव अधिकारी ने निर्वाचन समिति का गठन किया। बुधवार को चुनाव कराया जाएगा। बार एसोसिएशन छिबरामऊ का चुनाव व मतगणना 20 मार्च को होगी। मतदान कराने के लिए मतदान अधिकारी ने निर्वाचन समिति का गठन किया। मतदान के दौरान मतदाता के प्रवेश, सीओपी कार्ड, प्रमाणपत्र चेकिंग की जिम्मेदारी अधिवक्ता ओमेंद्र सिंह, वोटर लिस्ट से मिलान का काम राजीव कुमार राठौर और दफेदार सिंह संभालेंगे। मतपत्र वितरण एस एम ए रिजवी और राकेश कुमार दुबे, पोलिंग बूथ का संचालन आर एन त्रिपाठी, मतपत्र वितरण अभिरूप दीक्षित, सामान्य प्रबंधन रामचंद्र यादव और विजय कुमार त्रिपाठी देखेंगे। मतगणना चार्ट राजीव कुमार राठौर रामचंद्र यादव, ओमेंद्र यादव संभालेंगे। मतगणना घोषणा में आर एन त्रिपाठी, परिणाम रामचंद्र यादव और अभिरूप दीक्षित को सहयोग की जिम्मेदारी सौंपी गई।

चौकी के समीप सराफा दुकान में चोरी

तिर्वा, कन्नौज। कस्बे के तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर बनी पुलिस चौकी के पास के मकान में जितेंद्र सिह सराफा की दुकान किए है। सोमवार की शाम को वह दुकान बंद कर घर चला गया। मंगलवार की सुबह आया तो दुकान के शटर में लगे ताले टूटे थे। दुकान खोली तो देखा कि सामान बिखरा था। पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चोर दुकान से करीब एक किलो चांदी व 50 ग्राम सोने के आभूषण, समेत 50 हजार रुपये चोर ले गए।

चालक को आई झपकी बनी मौत की वजह

छिबरामऊ-फर्रुखाबाद रोड किनारे खड़े डंपर बन रहे यमदूत, मातम में बदलीं शादी की खुशियां

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। चालक को आई एक झपकी ने पल भर में ही तीन जिंदगियां छीन लीं और सड़क पर कोहराम मच गया। तीनों ही युवक अपने घर चलाने वाले थे। हादसे के बाद तिलक सिंह के परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं और मंगलगीतों की जगह महिलाओं का क्रंदन सुनाई दे रहा था।

सौ शैय्या अस्पताल में हर आंख नम थी। इस हादसे की पृष्ठभूमि में जहां कार चालक को नींद आना और अधिक रफ्तार मूल वजह थी तो छिबरामऊ-फर्रुखाबाद रोड पर सड़क किनारे रात में खड़ा डंपर भी मौत का वाहक बना। आए दिन इस तरह खड़े डंपर-ट्रक यमदूत बनकर हादसों का कारण बन रहे हैं और पुलिस प्रशासन बेपरवाह है।

पुलिस को सिर्फ वसूली से वास्ता : फर्रुखाबाद रोड पर काली नदी पुल के पास शाम को ट्रकों और डंपरों की लाइन लग जाती है। पुल के पास ही जहानगंज थाने की पुलिस चौकी बनी है। जहां रात में ड्यूटी पर रहने वाले पुलिस कर्मी ट्रक व डंपर चालकों से वसूली करते हैं। इससे वहां जाम लग जाता है। कई बार तो यह जाम रात भर लगा रहता है।

काली नदी का पुल भी संकरा और क्षतिग्रस्त है, इसलिए वाहनों को रोक-रोककर निकाला जाता है। ऐसे में कई डंपर चालक रोड पर ही वाहन खड़ा कर उसमें सो जाते हैं और सुबह चार बजे मौरंग लेकर फर्रुखाबाद पहुंच जाते हैं। यह मौरंग उरई व झांसी जिलों से आती है।

सीट पर लेटे होने से बच गया शिवम: हादसे में घायल नुनार नगला असेह निवासी शिवम शाक्य पुत्र अवधेश कुमार कार की पिछली सीट पर सो रहा था। जैसे ही तेज कार डंपर में घुसी तो शिवम सीट से नीचे गिर गया। कार में सवार अन्य तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शिवम बच गया। हालांकि उसे गंभीर चोटें आईं हैं। उसने ही हादसे के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिस पर रिश्तेदार व परिजन रात में ही घटनास्थल पर पहुंच गए थे। घटना की जानकारी पाकर भाजपा नेता मुनीश मिश्रा भी सौ शैय्या अस्पताल पहुंच गए थे। उन्होंने मौजूद चिकित्सक से उपचार में कोताही न बरतने को कहा।

सौ शैय्या अस्पताल में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

अस्पताल में परिजनों से घटना की जानकारी लेते भाजपा नेता मुनीश मिश्रा।

साल भर पहले कर्ज लेकर खरीदी थी कार

कार चालक रामखेलावन उर्फ दीपू कश्यप कसावा गांव में ट्रैक्टर चलाता था, इससे परिवार का गुजारा नहीं हो पाता था। साल भर पहले उसने बैंक से कर्ज लेकर कार खरीदी और उसे बुकिंग पर चलाता था। परिजनों ने बताया कि रात-दिन कार चलाने से उसकी नींद पूरी नहीं हो पाती थी। झपकी आने के कारण ही हादसा हो गया। दीपू की मौत पर पत्नी पूजा बदहवास थी। उसके दो छोटी बेटियां और एक बेटा है। बच्चों को नहीं पता कि उनके सिर से पिता का साया उठ गया है। बड़े भाई रामरतन ने बताया कि दीपू ड्राइवरी करता था, मगर कभी शराब नहीं पीता था। झपकी आने से यह हादसा हो गया।

रामखेलावन उर्फ दीपू (कसावा)।

गाड़ी तेज भगाने से मना कर रहा था

ग्राम पलिया बूंचपुर निवासी रामजीत प्रजापति पुत्र तुलाराम ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठा था। उसने दीपू को गाड़ी तेज भगाने से मना किया था, लेकिन छिबरामऊ में ढाबे पर रुककर चाय पीने की बात कहकर उसने रफ्तार कम नहीं की। जैसे ही वह काली नदी पुल के पास आया तो कार डंपर में पीछे से घुस गई। रामजीत तीन भाई है और वह गांव में ही हार्डवेयर की दुकान चलाता है। पति का शव देखते ही पत्नी कुसुमलता बेसुध होकर गिर पड़ी। उसका एक दो साल का बेटा है, जो पिता की मौत से अनजान था। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

रामजीत प्रजापति (पलिया बूंचपुर)।

रखवाली के लिए मामा को भेजा था घर

हादसे में मृत अनमोल शाक्य उर्फ रामभान पुत्र महावीर विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के मोहकमपुर का रहने वाला था। दो दिन पहले वह परिवार सहित भांजे की शादी के लिए बहन के घर पलिया बूंचपुर कॉलोनी आया था। द्वारचार की रस्म के बाद दूल्हे प्रवीण शाक्य ने मामा को रखवाली के लिए घर भेज दिया था। इधर, गांव में नटकौर चल रहा था। उसी दौरान हादसे की खबर आ गई। अनमोल का शव देखते ही पत्नी लक्ष्मी देवी बेहोश हो गई। बहनोई तिलक सिंह ने बताया कि अनमोल मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके पास मात्र डेढ़ बीघा खेती है।

अनमोल शाक्य (मोहकमपुर)।

सुंदर व कूड़ामुक्त शहर बनाना शीर्ष प्राथमिकता

- 15 दिन में फिर से शुरू हो जाएगा कूड़ा निस्तारण प्लांट
- 118 होलिका दहनस्थलों की सफाई के किए इंतजाम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। नगर पालिका क्षेत्र को कूड़ा मुक्त और सुंदर बनाना शीर्ष प्राथमिकता रहेगी। मोहल्ला अजयपाल स्थित बंद चल रहा कूड़ा निस्तारण प्लांट 15 दिन के भीतर फिर से शुरू हो जाएगा। यहां डंप कूड़े के पहाड़ का निस्तारण कराते हुए जमीन खाली कराकर कोई जनोपयोगी काम करवाया जाएगा।

यह बात नवागत अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने अमृत विचार से बातचीत में कही। ईओ नीलम चौधरी के गत माह स्थानांतरण के बाद उन्होंने हाल ही में पालिका कार्यभार संभाला है। वे इससे पहले क्रमशः अयोध्या, बुलंदशहर और सुल्तानपुर में इस जिम्मेदारी का निर्वाह कर चुके हैं और कन्नौज में यह चौथी तैनाती है। उन्होंने बताया कि जगह-जगह कूड़े के ढेर से शहर को मुक्त कराना उनकी शीर्ष प्राथमिकता में है। कहा कि कूड़ा निस्तारण बड़ी समस्या है। केवल एक एमआरएफ सेंटर है जिसमें प्रतिदिन पांच टन कूड़े का ही निस्तारण हो पाता है। प्रयास है कि गीले और सूखे कूड़े का घर-घर उठान कराते हुए निस्तारण कराया जाए। मोहल्ला अजयपाल स्थित कूड़ा निस्तारण प्लांट उपकरणों में आई कमी के कारण कुछ समय से बंद है। कंपनी ने समय मांगा है। 15 दिन के भीतर यह प्रारंभ हो जाएगा। अभी यहां करीब 50 मीट्रिक टन कूड़ा डंप है। प्रयास है कि इसे साफ कराते हुए साइट को खाली करा लिया जाए। होली और रमजान के दृष्टिगत सफाई, जलकल और पथ प्रकाश की व्यवस्था को लेकर टीमों को लगा दिया गया है। इससे त्योहार के दौरान नागरिकों को कहीं कोई समस्या न हो।

इसके अलावा कुल 118 होलिका दहनस्थलों पर भी साफ-सफाई आदि की व्यवस्था की जा रही है। होली के दिन पानी की व्यवस्था के लिए टैंकर भी उपलब्ध रहेंगा। बिजली न होने की सूरत में जेनरेटर के माध्यम से नलकूपों का संचालन किया जाएगा। ईओ ने लोगों से आह्वान किया कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने से बचें और शहर को साफ रखने में पालिका प्रशासन का सहयोग करें।

अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी।

दो पक्षों में संघर्ष, 42 पर रिपोर्ट

- ठठिया थाना क्षेत्र के मलगई गांव में पांच दिन पहले रंजिश में हुई घटना

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

अमृत विचार। पुरानी रंजिश को लेकर पांच दिन पहले दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। एक दूसरे को जान से मार देने की नीयत से धारदार हथियार समेत फायरिंग की गई। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 42 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ठठिया थाना क्षेत्र के मलगई गांव निवासी शमशुल खां व आसिफ खां के परिवार के बीच करीब चार साल से विवाद चल रहा है। शमशुल खां की पत्नी केसरजंहा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पांच दिन पहले दोपहर को बेटा फकरुल हसन गांव में ही स्थित अपने ताऊ के घर जा रहा था।

इसी दौरान गांव निवासी आसिफ खां, जुनैद खां, उस्मान, आलीशान, जीशान, अलीरजा, फखरुद्दीन, आयसे आलम, नफीस, तौसीफ खां, कामरान खां, रुकसाना बेगम, हाफिज खां, मुशीर खां, मुनीर, निहाल, गुल्फ़सा, जाकिर खां, रब्बानी खां, हफिज समेत मो. हनीफ खां ने घेर लिया और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। बेटा किसी तरह से भाग निकला तो आरोपियों ने पीछा कर फायर कर दिया। वह घबराकर एक घर के अंदर घुस गया तो आरोपी वहां घुसकर उसे घसीटते हुए सड़क पर ले आए। परिवार के अन्य लोग बचाने दौड़े तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। घटना में पांच से अधिक लोग घायल हो गए।

दूसरे पक्ष आसिफ खां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पांच दिन पहले गांव में स्थित मस्जिद में नमाज पढ़कर घर जा रहा था। इसी दौरान गांव के ही निवासी फखरुल, जुल्फिकार, आमिर, रियाज, इरफान, रिजवान, रहीस, दानिश, रब्बुल, अनीस, इजाजुल, मैफूज़, शानू, नजीबुल, नौशाद, शहनूर, मुनीस, साहिबे आलम, कमरुल व शमशुल ने घेराबंदी कर जान से मारने की नीयत से हमलाकर दिया। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

हादसे में घायल किसान की मौत

तालग्राम-कन्नौज। बाइक चालक ने साइकिल सवार दंपती को टक्कर मार दी। इससे दंपति घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर बुजुर्ग को मेडिकल कालेज से कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई।

ग्राम मायापुर्वा निवासी किसान अमर सिंह (62) सोमवार को साइकिल से पत्नी जसोदा देवी के साथ बैंक से रुपये निकाल कर घर लौट रहे थे। उसी समय तालग्राम-छिबरामऊ मार्ग स्थित छिबरामऊ अंडरपास के सामने बाइक चालक ने साइकिल में टक्कर मार दी। इससे दंपति घायल हो गये।

जुगाड़ वाहन मुख्यमार्ग पर न चलाने की नसीहत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। यातायात पुलिस ने जिले के चेक पोस्ट बैरियरों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियम पालन का पाठ पढ़ाया। जुगाड़ बाइक चालकों को मुख्य मार्ग पर न चलने की नसीहत दी। कई वाहनों के चालान काटे।

यातायात प्रभारी आफाक खां ने यातायात उप निरीक्षकों की तीन टीमें बनाकर मंडी समिति बैरियर, पाल चौराहा एवं जलालपुर पनवारा बाईपास बैरियर चेक पोस्ट पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसमें दो पहिया वाहनों पर बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना नंबर प्लेट, ओवरलोड सवारी गाड़ियों की चेकिंग की गई। इस दौरान कई नौजवान जो बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाते पाए गए उनको समझाया गया। एक मोटरसाइकिल ट्राली (जुगाड़) का चालक मोबाइल से बात करते हुए गाड़ी चला रहा था। उसे रोक कर समझाया कि इस गाड़ी को अब सड़क पर नहीं लाए। अन्यथा गाड़ी को कोतवाली में दाखिल कर देंगे। इससे एक्सीडेंट होगा तो परिवार को कोई क्लेम नहीं मिलेगा। इसके अलावा कई वाहनों के चालान काटे गये।

बाइक चालक का चालान काटते यातायात प्रभारी आफाक खां। अमृत विचार

आचार संहिता : पुलिस ने कारों की तलाशी ली

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनंद के निर्देश पर लोक सभा चुनाव-2024 एवं आगामी त्यौहारों को देखते हुए वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पूरे जिले के थाना पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहन चेकिंग की। कारों को रोक कर उनकी डिग्गी की तलाशी ली। चालकों को चेतावनी दी कि अब जिले में नियमित चेकिंग की जायेगी। वाहन में किसी तरह की संदिग्ध सामग्री मिली तो कार्रवाई होगी।

महेंद्र नीलम इंटर कॉलेज का निरीक्षण करते एसपी। अमृत विचार

चुनाव में अराजकता फैलाने वालों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

तिर्वा-कन्नौज। चुनाव के दौरान आने वाली फोर्स के रुकने की व्यवस्था के साथ कोतवाली में दर्ज अपराधियों के बारे मे जानकारी लेने के लिए एसपी तिर्वा पहुंचे। निर्देश दिए कि कोई भी अराजकता फैलाते पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

एसपी अमित कुमार आनंद ने मंगलवार को कोतवाली पहुंचकर आपराधिक इतिहास वाला रजिस्टर देखा। निर्देश दिए कि अराजकता फैलाने वाले हिस्ट्रीशीटर व वांछितों पर कार्रवाई की जाए। अराजकतत्वों को चिह्नित कर पाबंद किया जाए। चुनाव के दौरान आने वाली फोर्स के रुकने के लिए चिह्नित स्कूल महेंद्र नीलम, महाराणा प्रताप, ग्रीशानंद डिग्री कालेज, किसान इंटर कालेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निर्देश दिए कि सफाई, शौचालय, पानी का इंतजाम सही रहे।

छत पर सो रहे युवक को बंधक बनाकर लूटपाट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

अमृत विचार। मकान में घुसे चोरों ने युवक को बंधक बना कर लूटपाट की। कमरों के ताले व कुंडे तोड़ कर घुसे चोरों ने अलमारी, बक्से व संदूकों को तोड़ दिया। इसके बाद बदमाश कीमती साड़ी नकदी व जेवरात ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। मामले की रिपोर्ट तिर्वा कोतवाली में दर्ज कराई गई है।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांव महिपाल पुर्वा निवासी रीजीव सिंह पुत्र विश्राम सिंह का तिर्वा-कन्नौज मार्ग से मुरैया जाने वाले रोड पर दो मंजिला मकान है। रविवार को वह परिवार समेत किसी काम से नोयडा गये थे। मुरैयां रोड के निकट गांव के युवक गिरीशचंद्र को घर पर लेटने के लिये चाबी दे गये थे। बताया जाता है कि रविवार की रात वह छत पर सो रहा था। इसी दौरान कुछ बदमाश छत पर चढ़े और गिरीश को बंधक बना कर कुछ सुंघा दिया। इसके बाद अंदर पहुंचे बदमाशों ने कमरों के ताले व कुंडे तोड़ दिए। कमरों में रखी आलमारी के लाक तोड़ कर कीमती साड़ी, कुछ जेबरात व कुछ नकदी ले गये। सुबह होश में आने पर गिरीश ने घटना की जानकारी फोन पर मकान मालिक को दी। इस पर वह नोयडा से घर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गिरीश से पूछताछ की तो वह अलग-अलग बयान देता रहा। राजीव सिंह की तहरीर पर तिर्वा कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। राजीव सिंह ने बताया कि गिरीश उनका भरोसेमंद व्यक्ति है। इसी लिये वह उसे गेट की चाबी दे गये थे। लगता है कि गिरीश रात में लेटने ही नहीं आया। घटना होने के बाद अब वह तरह तरह की बात बता रहा है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

मकान के कमरे में टूटी अलमारी में बिखरे पड़े कपड़े व सामान। अमृत विचार

देसी शराब ठेके का सेल्समैन गिरफ्तार

कन्नौज। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने मित्रसेनपुर शराब के सेल्समैन राजेश पुत्र कामता प्रसाद निवासी पिहानी मजबूत नगर थाना अरौल जनपद कानपुर नगर को देसी तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया। संबंधित के खिलाफ कोतवाली सदर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सार-संक्षेप

भाजपा की जनविरोधी नीतियों से जनता परेशान

गुरसहायगंज-कन्नौज। नगर के तिर्वा रोड पर राष्ट्रीय उदय पार्टी की बैठक में प्रदेश सचिव डॉ. दानिश खान ने कहा कि विकास और रोजगार का दावा करने वाली भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में देश की जनता को महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार दिया है। भाजपा की जन विरोधी नीतियों से जनता त्रस्त हो चुकी है। उन्होने कहा कि आज युवाओं के हाथ में रोजगार नहीं है। नौकरी देना तो दूर बल्कि सरकार निष्पक्ष परीक्षाएं भी नहीं करा पा रही है। इस दौरान नरगिस, आजम, तालिब, अनिल, राजू वाथम, अभिषेक पाल, नजीब, रिहान, फैसल, प्रदीप, राजा, विनोद, आसिफ आदि मौजूद रहे।

डॉ. दानिश खान।

चेक प्रदान करते आरएम प्रसून कुमार, साथ में मुख्य प्रबंधक प्रमोद कुमार रवि।

स्टेट बैंक ने 50 लाख रुपये का दिया चेक

कन्नौज। भारतीय स्टेट बैंक की शाखा कन्नौज की तरफ से डिफ़ेंस सेलरी पैकेज के नि:शुल्क दुर्घटना बीमा के खाता धारक स्व. अभिषेक कुमार के नॉमिनी को 50 लाख रुपये का चेक मंगलवार को यहां पहुंचे क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्र-7 कानपुर प्रसून कुमार द्वारा प्रदान किया गया। इस मौके पर संजीव कुमार मुख्य प्रबंधक (ऋण) क्षेत्र 7 एवं मुख्य प्रबंधक मुख्य शाखा कन्नौज प्रमोद कुमार रवि उपस्थित रहे।

तहसील में प्रदर्शन करते वकील।

पुलिस से नाराज वकीलों का तहसील में प्रदर्शन

तिर्वा, कन्नौज। वकील पर रिपोर्ट दर्ज होने से नाराज वकीलों ने तहसील में पुलिस विरोधी नारेबाजी कर जमकर प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया। तहसील मे वकालत कर रहे रहीश व उनके भाई शहीद पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मंगलवार को पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट न लिखी जाने से आक्रोशित वकीलों ने तहसील आकर जमकर प्रदर्शन करते हुए रिपोर्ट वापसी की मांग की। वकील भूपेंद्र सिह ने बताया कि पुलिस वकीलों के खिलाफ रिपोर्ट तत्काल दर्ज करती जबकि आम आदमी को चक्कर काटने पड़ते हैं। इस मौके पर संरक्षक राजेद्र राजपूत, अध्यक्ष राजेद्र राजपूत, सतीश राजपूत, कलक्टर सिह, सजय शुक्ला, रामगोपाल, समेत अन्य वकील मौजूद रहे।

अतीत के झरोखे से — पहले लोकसभा चुनावों में नहीं होता था लग्जरी कारों का काफिला, घर-घर और खेत-खलिहानों में वोट मांगने जाते थे उम्मीदवार

साइकिल से वोट मांगते थे रामप्रकाश, रात को लगती थी चौपाल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। किसी भी चुनाव में अब प्रत्याशी के साथ कारों का काफिला होता है और सैकड़ों लोग उसके आगे-पीछे होते हैं। हाईटेक प्रचार होता है तो सोशल मीडिया पर मनुहार होती है। पहले ऐसा नहीं होता था। प्रत्याशी अपने कुछ समर्थकों के साथ गांव जाते थे और पैदल घर-घर जाकर और खेत-खलिहानों में वोट मांगते थे। कन्नौज से सांसद रहे रामप्रकाश त्रिपाठी तो साइकिल से वोट मांगने जाते थे और जहां रात हो जाती थी, उसी गांव में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाते थे।

बात 1977 के लोकसभा चुनाव की है। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से लोकदल से रामप्रकाश त्रिपाठी उम्मीदवार थे। क्षेत्र के बुजुर्ग बताते थे कि रामप्रकाश त्रिपाठी ने नामांकन करने के बाद घर का मुंह नहीं देखा था और साइकिल से ही क्षेत्र का भ्रमण करते थे। वह साइकिल से कुछ कार्यकर्ताओं के साथ सुबह निकलते थे। उस समय अधिकतर लोग खेतों और खलिहानों में रहते थे तो वोट मांगने के लिए वहां जाना पड़ता था। जिस गांव में रात हो जाती उनका डेरा वहीं जम जाता था।

रात में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर चुनावी चर्चा करते थे। यही वजह थी कि उस चुनाव में वह सबसे अधिक वोटों से जीते थे और उन्हें 70 प्रतिशत वोट मिले थे, जो आज तक रिकॉर्ड है।


पूर्व मंत्री रामप्रकाश त्रिपाठी।

गुड़ और सत्तू साथ लेकर चलते थे

भारतीय जनसंघ के पूर्व कार्यकर्ता 88 वर्षीय मन्नीलाल द्विवेदी बताते हैं कि रामप्रकाश त्रिपाठी हमेशा अपने साथ देसी गुड़ और सत्तू लेकर चलते थे। प्रचार के दौरान भूख लगने पर किसी कुएं या रहट के पास सत्तू बनाकर खाते थे। उनके साथ कार्यकर्ता भी सत्तू खाकर अपनी भूख मिटाते थे। गांव में लोग प्रेम से मट्ठा और दूध भी पिलाते थे। ग्रामीणों से उन्हें और उनसे ग्रामीणों को अपनापन मिलता था।

पेट्रोमैक्स की रोशनी में लगती थी चौपाल

पूर्व प्रधानाध्यापक राजकिशोर द्विवेदी बताते हैं कि पहले गांवों में बिजली नहीं थी। ऐसे में रात के समय किसी सार्वजनिक स्थान पर चौपाल लगती थी, जिसमें रोशनी के इंतजाम के लिए गांव के लोग मिट्टी के तेल से जलने वाली पेट्रोमैक्स जलाते थे, जिसमें रेशम के धागों से बना मेंटल बर्नर लगता था और पंप से हवा भरी जाती थी। गांव के मुखिया इसका इंतजाम करते थे। यह थी उस समय की राजनीति।

विरोधियों में भी था राजनीतिक शिष्टाचार

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देवप्रकाश पालीवाल बताते हैं कि उस दौर में विरोधियों में राजनीतिक शिष्टाचार प्रबल था। लोकदल प्रत्याशी रामप्रकाश त्रिपाठी और जनता दल के प्रत्याशी छोटे सिंह यादव जब प्रचार के दौरान आमने-सामने आ जाते थे, तो छोटे सिंह उनके पैर छूकर जीत का आशीर्वाद मांगते थे और सहृदय रामप्रकाश त्रिपाठी उन्हें खुले मन से आशीर्वाद दे देते थे।

मानस व आल्हा का होता था बखान

पूर्व प्रवक्ता सतीशचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पहले चुनावी चौपालों में श्रीराम चरित मानस की चौपाइयों व प्रसंगों समेत आल्हा का भी बखान किया जाता था। गांव में अलवई होते थे, जो वीरगाथाएं सुनाते थे। रामप्रकाश त्रिपाठी स्वयं मानस मर्मज्ञ थे और वह राजनीति में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के उदाहरण प्रस्तुत किया करते थे, जिसका लोगों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता था।

शिक्षक संगठनों ने दूसरे दिन भी नहीं होने दिया मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

दोनों केंद्रों पर नहीं जांची गईं हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कॉपियां

राजकीय व माध्यमिक शिक्षक संघ ने दिया डीआईओएस को ज्ञापन, नारेबाजी

अमृत विचार। मुजफ्फरनगर में हुई शिक्षक की हत्या से आक्रोशित शिक्षक संगठनों ने दूसरे दिन भी मूल्यांकन नहीं होने दिया। राजकीय व माध्यमिक शिक्षक संघ ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन का बहिष्कार करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जाएंगीं, तब तक किसी भी केंद्र पर कापियां नहीं जांचीं जाएंगी। शिक्षकों ने मूल्यांकन केंद्रों पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की और मूल्यांकन नहीं होने दिया।

मंगलवार को जिले के बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन केंद्र एसबीएस इंटर कॉलेज व केके इंटर कॉलेज में राजकीय एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों व शिक्षक नेताओं ने मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार कर दिया। राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष महेश सिंह यादव व माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने मूल्यांकन का बहिष्कार कर दिया। शिक्षकों को समझाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह पहुंचे तो शिक्षकों ने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंप दिया। इस दौरान जिलामंत्री हिमानी त्रिपाठी, उपाध्यक्ष रमाकांत अवस्थी, कोषाध्यक्ष सत्यभान सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ. सुनील चतुर्वेदी, माध्यमिक शिक्षक संघ के मंत्री डॉ. महेंद्र कुमार भारती, अटेवा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सुफियान अहमद समेत कई शिक्षक उपस्थित थे। डीआईओएस ने बताया कि दूसरे दिन भी उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन नहीं हो सका, जिसकी सूचना माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव को भेज दी गई है।



डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह को ज्ञापन देते शिक्षक नेता व पदाधिकारी। अमृत विचार

शिक्षकों की मांगें

- शहीद शिक्षक धर्मेंद्र कुमार के आश्रितों को 10 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए।
- शहीद के नाम पर राजकीय विद्यालय घोषित किया जाए और पेट्रोल पंप दिया जाए।
- शहीद शिक्षक के पिता को आजीवन सेवानिवृत्ति तक का पूर्ण वेतन प्रदान किया जाए।
- उनके बच्चों की शिक्षा-दीक्षा एवं परिवार को पूर्ण खर्च प्रदेश सरकार वहन करे।
- शिक्षक की पत्नी को क्लास-2 पद पर नौकरी दी जाए और परिवार को सुरक्षा मिले।
- उत्तर-पुस्तिकाओं को मूल्यांकन केंद्र तक पहुंचाने के लिए एजेंसी को लगाया जाए।

भर्ती मिले सात कुपोषित बच्चे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीडीओ ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण
- पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों के खानपान की जानकारी ली

अमृत विचार। सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की स्वास्थ्य सेवायें परखी साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों के खानपान की जानकारी ली।

मंगलवार को सीडीओ राम कृपाल चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला विंग में महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। इसके बाद अस्पताल के अंदर बने पोषण पुर्नवास केंद्र पहुंचे। यहां पर भर्ती कुपोषित बच्चों के खान पान की जानकारी ली।

यहां 10 बच्चे भर्ती करने की व्यवस्था होने के बाद भी सात बच्चे भर्ती पाये। इस पर सीएमएस डॉ. शक्ति बसु से बच्चों की संख्या बढ़ाने को कहा। बच्चों की मां से भी खानपान के बारे में पूछा। सीडीओ ने मरीजों के लिये खाना तैयार करने वाली रसोई का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की ओर से संचालित कैंटीन का भी निरीक्षण किया।

जिला अस्पताल की कैंटीन का निरीक्षण करते सीडीओ राम कृपाल चौधरी, साथ में सीएमएस डॉ. शक्ति बसु और डीपीओ राजेश वर्मा। अमृत विचार

10 लाख की निकासी पर डीएम और आयकर विभाग को बैंक दें सूचना

जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैंक व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दीं हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोकसभा चुनाव के दौरान यदि कोई भी 10 लाख रुपये या अधिक धनराशि की निकासी करता है तो इसकी सूचना डीएम व आयकर विभाग को दें। नए खाते खोलने पर चेकबुक प्रदान करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि यदि बैंक द्वारा कैशवैन मूवमेंट हो रहा है तों बैंक द्वारा एक क्यूआर कोड जनरेट कर तैनात कर्मचारियों को दिया जाना अनिवार्य होगा। निर्वाचन की तैनात टीम द्वारा कैश वैन की जांच करने पर अतिरिक्त कैश पाये जाने पर टीम को साक्ष्य उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। प्रत्याशियों द्वारा दाखिल हलफनामे में उल्लेखित उनके पति, उनकी पत्नी या उनके आश्रितों के बैंक खाते से एक लाख से अधिक की नगदी की जमा या निकासी, निर्वाचन के दौरान राजनीतिक दल के खाते में एक लाख से अधिक नगदी की जमा या नगदी की निकासी, कोई संदेहास्पद नगदी या लेनदेन जिसका निर्वाचकों को रिश्वत देने में उपयोग किया गया हो तो रिपोर्ट भी उपलब्ध करायें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक, आयकर अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित बैंकर्स उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित बैंकर्स व प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

12 जोन और 140 सेक्टर में बांटा गया जिला



मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए 12 जोनल और 140 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सुरक्षा के लिए गैर जनपदों से पुलिस व पीएसी मंगाई जाएगी तो मतदान के लिए पैरामिलिट्री फोर्स भी रहेगी। पुलिस प्रशासन ने सभी बूथों पर सुरक्षा का खाका तैयार किया और चुनाव से पहले अराजकतत्वों की धरपकड़ कार्रवाई शुरू हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि मतदान प्रभावित करने वालों को चिन्हित कर सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

प्रत्याशियों को दी जाएगी ईवीएम की जानकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में किस बूथ पर कौन सी ईवीएम जा रही है, इसकी जानकारी प्रत्याशियों को दी जाएगी। चुनाव से पहले दो बार ईवीएम का रैंडमाइजेशन किया जाएगा, जिसमें पोलिंग बूथों पर ईवीएम का आवंटन किया जाएगा। किसी विधानसभा क्षेत्र में कितनी ईवीएम और वीवीपैट रिजर्व रहेंगे, इसकी भी सूचना राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को रहेगी। यदि किसी पोलिंग बूथ पर ईवीएम बंद हो जाती है तो दस मिनट में वहां दूसरी ईवीएम लगाई जाएगी।

प्रिंटिंग की जानकारी दें

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रिंटिंग प्रेस के सभी प्रकाशक एवं मुद्रकों से कहा कि चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के संदर्भ में जारी दिशा-निर्देशों के तहत यदि राजनीतिक दलों अथवा प्रत्याशियों द्वारा किसी भी प्रेस में चुनाव संबंधी सामग्री जिसमें पुस्तिकाएं, पोस्टर व पंपलेट आदि प्रकाशित कराई जाती है, तो उस पर होने वाले व्यय के संबंध में पूरी सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को देंगे। नियम का पालन न करने पर जुर्माना व कैद का भी प्रावधान है।

सम्मान प्राप्त करने के बाद मौजूद ग्राम प्रधान व अन्य। अमृत विचार

सपा प्रमुख ने अंशू को फिर बनाया सलोवा जिलाध्यक्ष

कन्नौज। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सलोवा के जिलाध्यक्ष अंशू पाल पर फिर से भरोसा जताते हुए जिला संगठन की कमान सौंपी है। पत्र आते ही सपाई कार्यालय पहुंचे जहां उनका स्वागत किया गया।

पार्टी कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह के दौरान जिलाध्यक्ष अंशू ने कहा कि समाजवादी लोहिया वाहिनी के पदाधिकारी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, राममनोहर लोहिया एवं नेता जी मुलायम सिंह यादव के विचारों पर चलकर पार्टी अध्यक्ष के हाथों को मजबूत करने का काम करेगी। उन्होंने अपनी कमेटी के मनोनयन पत्र वितरण किये। प्रदेश सचिव आकाश शाक्य ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर सपा के वरिष्ठ नेता जय कुमार तिवारी बउअन, सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नाजिम खान, श्याम सिंह यादव, सयुस के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, विधानसभा अध्यक्ष प्रवल प्रताप सिंह, जिलापंचायत सदस्य सतेन्द्र दोहरे, जिला पंचायत सदस्य शिवाजी दोहरे, रजनीकांत यादव, कौसर खान, जिला प्रवक्ता शकील अहमद आदि ने विचार रखे। कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह, सौरभ रत्न यादव, विवेक यादव, मंगल कुशवाहा, अनिल शाक्य, गोविन्द पाल आदि रहे।

परिषदीय स्कूलों में मिल रही अच्छी शिक्षा

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

- प्रधानाध्यापक, प्रधान, समिति के अध्यक्षों का हुआ सम्मान

अमृत विचार। निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने, ऑपरेशन कायाकल्प, शारदा अभियान को सफल बनाने के लिए प्रयास के तहत प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व ग्राम प्रधानों को बीडीओ व बीईओ ने प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

मंगलवार को ग्राम तेराजाकेट स्थित गेस्ट हाउस में ब्लाक संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर इसका शुभारंभ किया। पीएस सराय दौलत व यूपीएस पनगवां की छात्राओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर प्रस्तुति दी। बीईओ रमेश चन्द्र चौधरी ने बीडीओ का स्वागत किया। अकादमिक रिसोर्स पर्सन अरविंद चौहान ने निपुण भारत मिशन, शारदा अभियान वं डीबीटी की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी।

बीडीओ ने कहा कि परिषदीय विद्यालय भी प्राइवेट स्कूलों से अच्छी शिक्षा और माहौल बच्चों को दे रहे हैं।

आशुतोष दुबे ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में सर्वेश कुमार ग्राम प्रधान, सुदीप पटेल, नोडल शिक्षक संकुल संजीव कुमार, नवीन मिश्रा, मो. जाबिर, जयवीर सिंह, कदीर अहमद, आदित्य यादव, आलोक झा, सुभाष कुमार पाल, सुमित कुमार, विक्रम शाक्य, अंजलि, शिवानी गोपालदत्त शर्मा, संदीप सिंह, तेज बहादुर, पियूष गुप्ता, रजनीश द्विवेदी आदि लोग प्रमुखता से रहे।

शिक्षकों ने अगले सत्र की कार्ययोजना पर की चर्चा

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

अमृत विचार। ब्लाक गुगरापुर, न्याय पंचायत नौरंगपुर की संकुल शिक्षक बैठक मंगलवार को यूपीएस सद्दूपुर में किया गया। उद्घाटन संकुल प्रभारी जदूनाथ ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। शिक्षक विपिन माथुर ने 5 पॉइंट टूलकिट पर विस्तृत चर्चा की। शिक्षक कैलाश ने बताया कि 20 मई तक विद्यालय को कैसे निपुण बनाया जाए। अनुपम कुमार ने वार्षिक परीक्षा कराने के लिए सावधानियां बताई। शिक्षक अवतार, रामबाबू आदि मौजूद रहे।

संकुल बैठक में चर्चा करते शिक्षक।

तेजी से बढ़ने लगी चुनावी सरगर्मी

कन्नौज। आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही लोगों को भी चुनावी फीवर शुरू हो चुका है। भले ही अभी प्रमुख प्रतिद्वंदी पार्टी सपा ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है लेकिन गली, नुक्कड़, दफ्तरों में इस बात पर चर्चा है कि कन्नौज का चुनाव किस करवट बैठेगा। भाजपा ने मौजूदा सांसद को प्रत्याशी घोषित कर बाजी मार ली है तो बसपा अध्यक्ष ने भी प्रत्याशी तय कर सपा कि मुश्किल बढ़ाने का दांव खेल दिया है। लोग गणित लगाने में जुटे हैं कि अखिलेश के आने पर क्या हालात बनेंगे।

लुटेरे ने कुबूला जुर्म, साढ़े चार साल कैद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश ने सुनाई जेल में बिताई अवधि की सजा 5000 रुपये अर्थदंड

अमृत विचार। पांच साल पहले चालक को बंधक बनाकर ई-रिक्शा लूट के मामले में लुटेरे ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। विशेष न्यायाधीश (एंटी डकैती) ने उसे जेल में बिताई गई अवधि चार साल पांच माह और 9 दिन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता बृजेश शुक्ल ने बताया कि तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर निवासी प्रेमपाल पुत्र भारत सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दो सितंबर 2019 को उनका बेटा शिवम ई-रिक्शा लेकर तिर्वा व ठठिया में सवारियों को छोड़कर घर वापस आ रहा था। गांधी चौराहे पर दिनेश उर्फ नन्हें पुत्र बुद्धा निवासी सरसौनपुरवा थाना ठठिया मिला और उसने लिलुइया गांव से गद्दे लादने की बात कही। 200 रुपये भाड़ा तय कर वह लिलुइया के लिए चल दिया। वह इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के रावतपुरवा गांव ले गया। इसके बाद उसने नहर पटरी से घर ले चलने के लिए कहा। शिवम ई-रिक्शा मोड़कर उमर्दा-खैरनगर रोड पर चल दिया। करीब एक किलोमीटर आगे अंधेरा होने पर दिनेश उर्फ नन्हें ने शिवम के गले में गमछा डालकर कस दिया और उसे बांध कर डाल दिया। वह ई-रिक्शा, मोबाइल फोन व 200 रुपये लूटकर भाग गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी दिनेश उर्फ नन्हें को गिरफ्तार कर लिया तथा ई-रिक्शा भी बरामद कर लिया। विवेचक ने उसके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश (एंटी डकैती) ने लुटेरे दिनेश को दोष सिद्ध करते हुए जेल में बिताई अवधि की ही सजा सुनाई है।

सार-संक्षेप

'भाजपा की असली ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता'

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के मोहल्ला दीक्षितान स्थित गंगेश्वर वाटिका में आयोजित बूथ अध्यक्ष एवं प्रभारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत हैं। कहा कि कार्यकर्ताओं के प्रयास से ही लोकहित के कार्यों का प्रचार-प्रसार होता है। 2024 में पुन: केंद्र में भाजपा की सरकार बनाना है। इससे पहले उन्होंने बूथ अध्यक्षों एवं बूथ कमेटी का सत्यापन किया। इस दौरान विधायक अर्चना पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष वेवर सिंह भदौरिया, ब्लाक प्रमुख बादाम पाल, चेयरमैन मनोज दुबे, विपिन द्विवेदी, मुनीश मिश्रा, राजीव सिंह गौर, नरेंद्र राजपूत, अनुज गुप्ता जॉनी, पीयूष गुप्ता प्रीतू, नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

इमरजेंसी में प्राचार्य को मिली गंदगी, भड़के

तिर्वा-कन्नौज। डॉ. भीमराव रामजी मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में मंगलवार को प्राचार्य डॉ. सीपी पाल इमरजेंसी का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान वार्ड मे गंदगी देखकर भड़क गए। तत्काल तैनात कर्मचारियों को लगाकर धुलाई शुरू कराई। साथ ही निर्देश दिए कि मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। किसी ने लापरवाही बरती तो कार्रवाई की जाएगी।

गल्ला आढ़त की दुकान में सेंध, पार किया अनाज

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर की कैरदा रोड स्थित एक गल्ला आढ़त की दुकान में चोरों ने सेंध लगाकर दो दर्जन से अधिक गेहूं, बाजरा, ज्वार तथा सरसों से भरी बोरियां चोरी कर लीं। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्षीराम नगला निवासी मुनीन्द्र सिंह शाक्य ने बताया कि उनकी कैरदा रोड स्थित फायर स्टेशन के पास गल्ला आढ़त की दुकान है। दुकान में 22 बोरी सरसों, आठ बोरी गेहूं, पांच बोरी बाजरा, दो बोरी ज्वार रखा था। सोमवार की रात किन्हीं अज्ञात चोरों ने दुकान की पीछे से दीवार तोड़कर उक्त सारा सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

साथी के निधन पर न्यायिक कार्य से विरत रहे वकील

छिबरामऊ, कन्नौज। अधिवक्ता अजय शाक्य के आकस्मिक निधन से अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई और समस्त बार एसोसिएशन ने दो मिनट मौन रहकर दुख जताते हुए न्यायिक कार्य नहीं किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचंद्र मिश्र ने बताया कि संगठन की आपात सभा में कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया।

शांति पूर्वक मनाएं त्योहार

सौरिख, कन्नौज। होली व ईद के मद्देनजर थाना परिसर में मंगलवार को शांति कमेटी की बैठक की गई। इसमें प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह ने कहा कि त्योहारों को शांति पूर्वक मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाएं न ही उस पर ध्यान दें। बैठक में फिरोज गांधी, गुड्डू नम्बरदार, अलीअब्बास, बारिद अली सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इंदरगढ़ पुलिस ने दो पर की गैंगस्टर की कार्रवाई

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर थाना इन्दरगढ़ पुलिस दो थाना क्षेत्र के अखिलेश उर्फ कक्का पुत्र प्रेमचंद्र वर्मा उर्फ लहिया निवासी ग्राम धम्मपूर्वा थाना इन्दरगढ़, जितेंद्र उर्फ काला बच्चा पुत्र शिवनाथ वर्मा उर्फ बाबा निवासी ग्राम भूड़पुर्वा थाना इन्दरगढ़ पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। पुलिस चुनाव को लेकर अधिक चौकन्नी व सख्त है।

सर्व शिक्षा अभियान | ऐसी किशोरियों की पहचान के लिए कराया गया था सर्वेक्षण

11 से 14 साल की 701 बालिकाएं व किशोरियां स्कूल से वंचित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जनपद में जब आउट ऑफ स्कूल बच्चों का सर्वे कराया गया तो सर्व शिक्षा अभियान और शिक्षा का अधिकार अधिनियम का सच सामने आ गया। जिले में 11 से 14 साल आयु वर्ग की 701 किशोरियां स्कूल नहीं जा रहीं हैं, जिस पर डीएम ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने स्कूल से वंचित सभी बच्चों का विद्यालय में प्रवेश कराने के निर्देश दिए।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा एवं पोषण समिति की बैठक की गई, जिसमें जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने सभी योजनाओं की समीक्षा की। डीएम ने जब शिक्षा का अधिकार अधिनियम की समीक्षा की तो पता चला कि जिले में कई बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। जिले में 701 किशोरियों ने आज तक स्कूल का मुंह नहीं देखा है। इस पर उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की क्लास लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्तमान शैक्षिक सत्र में कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित नहीं रहना चाहिए। विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति कम रहती है। इस पर सभी अधिकारी ध्यान दें और लापरवाह शिक्षकों पर कार्रवाई करें। विद्यालयों में आग से बचाव के बारे में बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन हो और पोषण ट्रेकर पर नियमित रूप से फीडिंग की जाए।

पुष्टाहार प्लांट में अच्छी गुणवत्ता का पोषाहार बनाया जाए और केंद्रों पर सभी बच्चों का वजन कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी इज्या तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा समेत सभी अधिकारी उपस्थित थे।

- सड़क सुरक्षा एवं पोषण समिति की बैठक में डीएम ने लगाई अफसरों की क्लास

बैठक में जानकारी देते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

ट्रैक्टर- ट्रालियों पर सवारियां ढोना प्रतिबंधित

- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि ट्रैक्टर ट्रालियों पर सवारियां ढोना प्रतिबंधित है। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों की बैठकों में व किसान सभाओं में इसकी जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों से पत्राचार करें, कि ट्रैक्टर-ट्राली में सवारियों को ढोये जाने पर रोक लगाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करें। मानीमऊ के पास रोक लगाए जाने के बावजूद अभी भी सड़क पर भारी वाहन खड़े हो रहे हैं। उन पर कार्रवाई की जाए। बिना हेलमेट के बाइक चलने वालों का अभियान चलाकर चालान किया जाये।

कांग्रेसियों का प्रशिक्षण 23 को लखनऊ में होगा

कन्नौज। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में गांधी भवन सभागार कैसरबाग लखनऊ में 23 मार्च को कांग्रेस पदाधिकारियों व कर्मठ पदाधिकारियों का प्रशिक्षण होगा। नौ बजे से कार्यकर्ताओं का रजिस्ट्रेशन और 11 बजे से प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हो जाएगा। यह जानकारी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने दी।

बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से भेजे पत्र में कहा गया कि प्रत्येक फ्रंटल संगठन महिला कांग्रेस, सेवादल कांग्रेस, युवा कांग्रेस, राष्ट्रीय छात्र संगठन, कांग्रेस से 10-10 कांग्रेस जनों को एवं अल्पसंख्यक विभाग अनुसूचित जाति विभाग पिछड़ा वर्ग विभाग से 10-10 कांग्रेस जनों तथा अन्य शेष विभागों एवं प्रकोष्ठों से 5 -5 कांग्रेस जनों को प्रशिक्षण में ले जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एक नजर

धधकती मिली अवैध शराब की भट्ठी, एक को पकड़ा

कायमगंज फर्रुखाबाद। होली व लोकसभा चुनाव को लेकर कच्ची शराब के लिए चर्चित गांव श्यामनगर में पुलिस ने छापा मारकर अवैध शराब की भट्ठी के साथ एक आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने लहन नष्ट कर दी। होली त्योहार व लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध कच्ची शराब की रोकथाम के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर अंकुश लगाने के प्रयास में जुटी है। मंडी चौकी प्रभारी कृष्णकान्त कश्यप को मुखबिर की सूचना मिली कि क्षेत्र के गांव श्यामनगर के पास एक बाग में अवैध शराब की भट्ठी धधक रही है। सूचना पर पुलिस एलर्ट हुई और चौकी प्रभारी ने फोर्स के साथ मौके पर छापा मारा। जहां देखा कि गैस सिलेंडर की भट्ठी लगाकर अवैध शराब बनाई जा रही थी। पुलिस ने मौके पर शराब बनाते गांव के ही दीप सिंह पुत्र प्रताप कोदबोच लिया। मौके से अवैध कच्ची शराब बनाने की भट्ठी बरामद की। पुलिस ने अवैध शराब बनाने के उपकरण के कब्जे मे ले लिया। पुलिस ने 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। मौके से बरामद 50 लीटर लहन को नष्ट कर दिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पत्नी को भगाने का आरोप

कायमगंज फर्रुखाबाद। नकदी, जेवर लेकर एक विवाहिता को आरोपित बहला फुसला कर ले गया। विवाहिता अपने आठ साल के बच्चे को घर पर छोड़ गई। पीड़ित पति ने कोतवाली पहुंच कर पुलिस से गुहार लगाई है। नगर के एक मोहल्ला निवासी युवक की शादी अमृतपुर क्षेत्र से हुई थी। उसके घर क्षेत्र के एक गांव के युवक का आना जाना था। इसी बीच 15 मार्च को आरोपित उसकी पत्नी को बहला फुसला कर ले गया। पत्नी अपने साथ घर पर रखे 20 हजार नकद व सोने के जेवर ले गई और उसके आठ साल के बच्चे को घर छोड़ गई। पीड़ित पति ने कोतवाली पहुंच कर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। उसका कहना है उसकी पत्नी आरोपित के घर पर है। तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

शांतिभंग में दो गिरफ्तार

अमृतपुर फर्रुखाबाद। आगामी त्योहारों को देखते हुए अमृतपुर थाना पुलिस अपने क्षेत्र में अराजक तत्वों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। रूट मार्च के साथ-साथ रात्रि गस्त और दिन में भी अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस लगातार चौकसी बरत रही है। इसी क्रम में ग्राम चपरा निवासी भानु प्रताप पुत्र जबर सिंह(23)जवाहर सिंह पुत्र सूबेदार(58) को कानून व्यवस्था बिगाड़ने अराजकता फैलाने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को अमृतपुर तहसील न्यायालय में पेश किया।

किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

कायमगंज फर्रुखाबाद। क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्रामीण की 16 वर्षीय पुत्री 16 मार्च को लापता हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने पिता की तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है।

मधुमक्खियों के हमले से एक घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। कंपिल क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी महावीर के ऊपर मधुमक्खियों ने हमला कर घायल कर दिया। आसपास के लोगो ने किसी तरह मधुमक्खियो से बचाया और सीएचसी लाए। जहां उसका इलाज किया गया।

युवक ने कीटनाशक पीया

कायमगंज फर्रुखाबाद। कंपिल क्षेत्र के गांव बहबलपुर मिस्तनी निवासी मुकेश ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजन सीएचसी लाए। जहां उसका प्राथमिक इलाज किया गया तथा लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

होली के रंगों और पिचकारी से गुलजार हुए बाजार

लोगों ने शुरू की अबीर-गुलाल, पिचकारी, गुझिया के सामान की खरीदारी, कई सामानों की कीमतों में हुआ इजाफा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिले में होली की खुशियां बच्चों के साथ युवाओं में चढ़कर बोल रही हैं। गुझिया और खाने के अन्य व्यंजनों को तैयार करने के लिए जरूरी सामान गरी, छुहारा, किशमिश, चिरौंजी, काजू, बादाम, पापड़, चिप्स, मैदा, सूजी आदि खरीदने के लिए कस्बों की बाजार में ग्राहकों की भीड़ लग रही है। ग्राहक सही दाम से सामान खरीदने को लेकर अलग-अलग दुकानों में रेट पता करने से नहीं चूक रहे।

शहर के रेलवे रोड, नेहरू रोड, घुमना बाजार, लालसराय, साहबगंज चौराहा, पक्कापुल, तिकोना, सेठ गली, नितगंजा, बढ़पुर, आवास-विकास, भोलेपुर, कोतवाली रोड फतेहगढ़ व चूड़ी वाली गली फतेहगढ़ समेत अन्य बाजारों के साथ ही कसबों आदि में होली के मद्देनजर दुकानें सज गई हैं। लोग अपने-अपने क्षेत्र के बाजारों में त्योहार की खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। लोगों ने होली के विशेष व्यंजन गुझिया की शान बढ़ाने को किराना मेवा के रूप में गरी, छुहारा, किशमिश, चिरौंजी, काजू, बादाम, पिस्ता के अलावा रवा, साबूदाना, मूंग आदि के पापड़ खरीदे, इसके अलावा मीठे के साथ चटपटा भी शामिल करने के लिए दुकानदारों ने कई प्रकार की नमकीन की रेंज इकट्ठी की जिसे भी खूब खरीदा गया। हलांकि घरों में भी पापड़ व चिप्स आदि खूब बनाए गए, लेकिन बाजारों की तैयार नमकीनों पर ग्राहकों का विशेष जोर रहा है।

बाजार में सजी रंग और पिचकारी की दुकान। अमृत विचार

10 प्रतिशत बढ़े पापड़ के दाम

- होली के त्योहार पर कचरी-पापड़ की मांग भी बढ़ गई है। बाजार में विभिन्न वैरायटियों के कचरी-पापड़ उपलब्ध हैं। इसके साथ ही आलू व साबूदाना आदि के पापड़ की भी मांग है। 80 से 300 रुपये प्रति किलो कचरी-पापड़ बिक रहे हैं। मठिया देवी के पास कचरी-पापड़ की दुकान लगाए अशोक कुमार बताते हैं कि इसबार कचरी-पापड़ के दामों पर 10 प्रतिशत महंगाई बढ़ी है।

मेवा की कीमत

गरी	240-250
छुहारा	200-350
किशमिश	280-300
चिरौंजी	1300-1400
काजू	800-1000
बादाम	800-1000
पिस्ता	1700-2200

कीमत प्रति किलो रुपये में

सिलेंडर, ब्रह्मास्त्र पिचकारी से निकलेंगे रंग

- होली को लेकर रंग, गुलाल, अबीर व पिचकारी का बाजार सज गया है। बाजार में सिलेंडर, पॉकेट सिलेंडर, ब्रह्मास्त्र, मोटू-पतलू, डॉरीमॉन और त्रिशूल आदि पिचकारियां बच्चों की पहली पसंद बनी हैं। अबीर-गुलाल के साथ ही हरे-गुलाबी, नीले व पीले रंग के साथ ही स्प्रे भी बिक रहे हैं। दुकानदार राहुल रस्तोगी का कहना है कि अभी मांग कम है, लेकिन एक-दो दिन बाद मांग बढ़ेगी। बच्चों को सिलेंडर व डॉरीमान पिचकारी बहुत ज्यादा पसंद आ रही हैं, बच्चे इन्हीं पिचकारी की ज्यादा मांग कर रहे हैं।

बाजार में खरीदारी के लिए पहुंची भीड़। अमृत विचार

शिक्षकों को जेब से खरीदनी पड़ रही कॉपियां

फर्रुखाबाद। शैक्षिक सत्र वर्ष 2023-24 की परीक्षा संपन्न कराए जाने के लिए जनपद को लगभग 8.53 लाख का बजट मिला है। इससे प्रश्नपत्र का प्रकाशन और उत्तर पुस्तिकाएं खरीदी जानी हैं। प्रश्नपत्र का प्रकाशन कराकर स्कूल में भेज दिए गए, लेकिन एसएमसी खातों में उत्तर पुस्तिकाएं खरीदे जाने के लिए धनराशि नहीं भेजी गई। इसके चलते शिक्षकों को अपनी जेब से उत्तर पुस्तिकाएं खरीदनी होंगी। शिक्षकों ने बताया कि उत्तर पुस्तिका खरीदे जाने की धनराशि नहीं मिली है। मजबूरी में अपनी जेब से उत्तर पुस्तिकाएं खरीदनी पड़ेंगी। परीक्षा देख रहीं डीसी निर्माण भारती मिश्रा ने बताया कि 8.53 लाख का बजट मिला है। 4.99 लाख रुपये प्रश्न पत्र के प्रकाशन में खर्च हो गए। उत्तर पुस्तिकाओं की धनराशि जल्द ही एसएमसी खातों में भेजी जाएगी। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद ने बताया कि सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देशित कर दिया गया है कि वह लोग अपने स्तर से उत्तर पुस्तिकाएं खरीद लें। एक-दो दिन में एसएमसी खाते में उत्तर पुस्तिका खरीद की धनराशि भिजवा दी जाएगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

अस्पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कायमगंज थाना क्षेत्र में बाइक सवार युवक मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। वह गमी उठा कर घर लौट रहा था। पड़ोसी जिला कासगंज के थाना पटियाली का ग्राम उतारने निवासी महेश चंद का 35 वर्षीय पुत्र श्यामसिंह की पत्नी पिंकी की ननिहाल कायमगंज क्षेत्र के लालपुर गांव मोहनलाल के यहां है। आज बाइक से लालपुर अपने मामा की गमी में आये हुए थे। गमी उठाकर वापस जा रहे थे। जब वह ब्राहिमपुर के पास पहुचे तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे श्यामवीर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार देने के बाद श्यामवीर को जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया। मार्ग दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे कस्बा चौकी प्रभारी विद्यासागर तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आकर घायल से पूछताछ की।

मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार चुटहिल

- **कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव अहमदगंज निवासी ओम शिव राजपूत (37) पुत्र रामबाबू ग्राम गंधिया से अपने घर अहमदगंज जा रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे ओमशिव गिरकर गंभीर घायल हो गया। घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे जिला अस्पताल लोहिया के लिए रैफर कर दिया गया।

सड़क दुर्घटना में दो जख्मी

- **कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी नीलेश व तराई के गांव अहमदगंज निवासी रामबाबू का 17 घायल हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। डाक्टर ने एक को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

दीवार के मलबे में दबने से पिता की मौत, पुत्र घायल

फर्रुखाबाद। कमालगंज थाना क्षेत्र में दीवार की नींव खोदते समय पड़ोसी की कच्ची दीवार गिर जाने से पिता पुत्र सहित तीन लोग मलबे में दब गए। आननफानन में गांव वाले घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मलबा हटाया। इसके बाद तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां समर पाल उर्फ मुन्नू की मौके पर मौत हो गई। 55 वर्षीय मुन्नू कप्तान सिंह के पुत्र थे। बताते चलें कि थाना क्षेत्र के गांव बह बलापुर में मंगलवार को मुन्नू सिंह गहरवार नींव खोद रहा था। पड़ोसी की कच्ची दीवार गिर जाने से मुन्नू उनके पुत्र मोहित सहित मालबे में दब गए। घटना को देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आननफानन में मालवा हटावाया। तीनों को सरकारी अस्पताल कमला कमालगंज ले जाया गया। मुन्नू को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

महिलाओं ने आंगनबाड़ी केंद्र जाकर किया हंगामा

संवाददाता, शमशाबाद

फर्रुखाबाद, अमृत विचार। थाना क्षेत्र शमशाबाद के ग्राम पसियापुर में आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा 4 महीने बाद बाल पुष्टाहार वितरण किए जाने पर ग्रामीण महिलाओं गुस्सा फूट पड़ा। अक्रोशित महिलाओं ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री राशन नहीं देने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की। शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पसियापुर में मंगलबार को आंगनबाड़ी केंद्र में चार महीने बाद राशन का वितरण होने पर ग्रामीण महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। राशन वितरण के दौरान महिलाओं ने हंगामा करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर चार-चार महीने का राशन वितरण नहीं करने का आरोप लगाते हुए प्रशासनिक स्तर पर जांच और कार्रवाई की मांग की। हंगामा करने वाली महिलाओं में सुनीता देवी, गुड़िया देवी, नीता देवी, मोहिनी तथा शालू सहित कई महिलाओं ने बताया अक्टूबर से फरवरी तक राशन वितरण नहीं किया गया। फरवरी का वितरण सिर्फ खानापूर्ती के तौर पर हुआ है। महिलाओं का आरोप था छोटे-छोटे बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाला राशन दाल दलिया चोरी छिपे बाजार में विक्रय जा रहा है। उधर आंगनबाड़ी कार्यकत्री उर्मिला सिंह ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं द्वारा लगाये गैर आरोप गलत हैं। हर महीने राशन वितरण होता है। जनवरी महीने का भी स्कूल में वितरण किया गया था। आंगनवाड़ी कार्यकत्री का कहना था ग्रामीणों को जानकारी नहीं किस महीने का राशन वितरण हुआ था। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के अनुसार जिस तरह राशन उपलब्ध कराया जाता उसी तरह वितरण किया जा रहा है।

झोलाछाप के इंजेक्शन से किसान की मौत

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र में झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने से मंगलवार की रात किसान की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर मजरा रायपुर निवासी धर्मवीर (60) पुत्र किशन लाल अपने खेतों में कार्य कर रहे थे। कार्य करते समय अचानक उनकी सांस फूलने लगी। इलाज के लिए झोलाछाप डाक्टर को दिखाने चले गए। उनके पुत्र संदीप ने आरोप लगाया कि पिता सांस के मरीज थे। वह खेत पर कार्य कर रहे थे तभी अचानक उनकी सांस फूलने लगी थी। रायपुर गांव के ही अजय भारतीय के मकान में रह रहे झोलाछाप प्रभात के यहां दिखाने गए। झोलाछाप ने उसके पांच इंजेक्शन एक साथ लगा दिए। जिससे धर्मवीर की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने आनन फानन में धर्मवीर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर अमरेश ने धर्मवीर को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर कस्बा चौकी इंचार्ज विद्यासागर तिवारी अपने हमराहियों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि झोलाछाप प्रभात के इलाज से पूर्व में भी कई लोगों की मौतें हो चुकी हैं।

जांच करती पुलिस टीम। अमृत विचार

- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शुरू की कार्रवाई
- पुत्र का आरोप, पिता को एकसाथ लगाए पांच इंजेक्शन

सार-संक्षेप

शोकसभा करते शिक्षक नेता। अमृत विचार

शिक्षक की हत्या पर शिक्षक नेताओं में उबाल

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे के नेतृत्व में मूल्यांकन केंद्र रस्तोगी इंटर कॉलेज, जीजीआईसी और जीआईसी फतेहगढ़ में शोकसभा की गई। इसके बाद शिक्षकों ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद, शिक्षक एकता जिंदाबाद के नारे भी लगाए। शिक्षक नेताओं ने मृतक शिक्षक के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा देने व पत्नी को अविलंब सेवायोजित करने की मांग की गई। चेतावनी दी कि जल्द मांगें न मानी गईं तो प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार से लेकर आगामी दिवसों में शिक्षण कार्य नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मंत्री नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी, शैलेश दुबे, संतोष दुबे, सत्येंद्र सिंह, रजनीश शिवा, सुधाकर चतुर्वेदी व संजीव चौहान आदि मौजूद रहे। वहीं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट के मंडलीय अध्यक्ष महिपाल सिंह व जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य ने जीआईसी फतेहगढ़ में जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह को ज्ञापन सौंपा। मांग की कि मृत शिक्षक के आश्रित को सरकारी नौकरी व पारिवारिक पेंशन व एक करोड़ की सहायता दें। हत्यारोपित को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इस अवसर पर जिला मंत्री अर्जुन प्रताप सिंह आदि शिक्षक नेता मौजूद रहे।

जला सामान। अमृत विचार

किराने की दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जला

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की रात किराने की दुकान में आग लग गई। आग से होली के लिए इकट्ठा किया घी, तेल व अन्य सामान जल कर राख हो गया। मोहल्लेवालों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान मालिक ने आरोप लगया कि दमकल को सूचना देने के डेढ़ घण्टे बाद पहुंची। कोतवाली क्षेत्र में जय नरायन वर्मा रोड निवासी विवेक मिश्रा की अपने घर के नीचे किराने की दुकान है। दुकान मालिक विवेक मिश्रा के अनुसा सुबह 4 बजे किसी ने दरवाजा खटखटाया और कहां कि आपकी दुकान में आग लग गयी है। विवेक मिश्रा ने बाहर निकलकर देखा तो उनकी दुकान में रखा सामान धू धू कर जल रहा था। उनका कहना है कि होली का त्योहार देखते हुए 16 लाख रुपये से खरीद कर डालडा, घी, तैल जमा किया था। आग की सूचना पर पड़ोस में रह रहे भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर मौके पर पहुँचे। विवेक ने बताया कि आग किस बजह लगी इसकी जान कारी नही हो सकी है। दुकान में तैल का स्टॉक प्रचुर मात्रा में होने की बजह से आग ने और विकराल रूप धारण कर लिया।

उदासीनता | सत्यापन कराने में विभाग करता है लापरवाही

अभिलेख सत्यापन की देरी से विभाग को लग रहा चूना

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद,

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापन में देरी होने के चलते फर्जी शिक्षक विभाग को करोड़ों रुपये का चूना लगाते हैं। जिले में पांच सालों में करीब 65 से ज्यादा फर्जी शिक्षक बर्खास्त किए जा चुके हैं, जिनसे करोड़ों की रिकवरी भी बाकी है। इसके बावजूद भी विभाग शिक्षकों के अभिलेखों के सत्यापन कराने में लापरवाही करता है।

68500 व 69000 शिक्षक भर्ती में भी अभी तक 109 शिक्षकों का सत्यापन नहीं हुआ है। बेसिक शिक्षा विभाग मैं शिक्षकों के तैनाती होने के बाद उनके शैक्षिक अभिलेख का सत्यापन कराया जाता है। वर्ष 2018 में 68500 शिक्षक भर्ती में लगभग 481 और वर्ष 2020 और वर्ष 2021 में 69000 शिक्षक भर्ती के तहत करीब 987 शिक्षकों की भर्ती हुई थी। 6 साल होने जा रहे हैं और अभी तक 109 शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेख का सत्यापन विभाग नहीं करवा पाया है। इन छह सालों में यह शिक्षक वेतन के रूप में विभाग का करोड़ों रुपया डकार रहे हैं।

अभी भी विभाग 68500 व 69 हजार शिक्षक भर्ती के शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन नहीं करवा पाया है। शत-प्रतिशत सत्यापन पर ही पता चल सकेगा कि कौन शिक्षक फर्जी तरीके से भर्ती हुआ और कौन सही है। समय से सत्यापन न होने के चलते फर्जी शिक्षक भी वेतन प्राप्त करते रहते हैं और जब उनके फर्जीवाड़े का पता चलता है, तब तक काफी देर हो चुकी होती है। अगर समय रहते शिक्षकों के अभिलेखों का सत्यापन हो जाए तो फर्जी सैक्षिक अभिलेख लगाकर तैनात हुए शिक्षक सरकार को चूना नहीं लगा सकेंगे मगर विभाग सत्यापन करवाने में लापरवाही बरतता है

पांच साल में बर्खास्त किए जा चुके 65 से ज्यादा फर्जी शिक्षक

- जनपद मैं पिछले 5 साल में लगभग 65 से ज्यादा शिक्षक फर्जी शैक्षिक अभिलेख लगाकर नौकरी करते पाए गए। जिन्हें बर्खास्त किया जा चुका है। इन इन लोगों ने सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाया, लेकिन अभी तक विभाग इनसे रिकवरी तक नहीं करवा पाया है। विभागीय अधिकारी भी गोलमोल जवाब देकर बचे रहते है

- 68500 व 69000 शिक्षक भर्ती के 109 अध्यापकों का सत्यापन अभीतक नहीं हो पाया
- वर्ष 2018, 2020 और वर्ष 2021 में शिक्षक भर्ती के तहत करीब 987 शिक्षकों को भर्ती किया गया था। लेकिन कुछ के सत्यापन आज भी अटके हैं

बोले जिम्मेदार

109 शिक्षकों के सैक्षिक अभिलेख सत्यापन के लिए विश्वविद्यालय व सम्बंधित बोर्ड को भेज दिए गए हैं ।वहीं से सत्यापन होकर अभिलेख नहीं आए हैं। जल्द ही 109 शिक्षकों का सत्यापन कराने को बोर्ड व विश्वविद्यालय को फिर रिमाइंडर भेजेंगे।

– गौतम प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, फर्रुखाबाद

मार्ग दुर्घटना में सेना के जवान सहित तीन लोगों की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। थाना राजेपुर क्षेत्र में बाइक से जा रहे दो युवकों की बाइक में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इससे दोनों की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में शमशाबाद क्षेत्र में बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। घटनाक्रम के अनुसार थाना राजेपुर के गांव बदनपुर के रहने वाले अवनीश चौहान (27) फतेहगढ़ कैंट में कार्यरत हैं। मंगलवार को अपने गांव के साथी उत्कर्ष (28) के साथ बाइक से राजेपुर आये थे। वापस जाते समय गोटिया के पास ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे घटना स्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। पुलिस दोनों को लोहिया अस्पताल लेकर आई। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अवनीश फतेहगढ़ में सेना में कार्यरत हैं। दोनों के परिजन लोहिया अस्पताल पहुंच गए। जहां उनका रो-रो कर बुरा हाल है।

एक अन्य घटना में शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव प्रहलादपुर का रहने वाला अवनीश (18) पुत्र ओंकार बाइक से अपनी बीमार भैंस के लिए चिलसरा से दवा लेने जा रहा था। सीरिया मजार के पास एक बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अवनीश की मौके पर मौत हो गई। अवनीश के पिता ओमकार ने आरोप लगाया की बोलेरो सवार आसाराम ने जानबूझकर उनके बेटे की बाइक में टक्कर मारी है। जिससे उसकी मौत हो गई। अवनीश के शव को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद मौके पर जांच करने पहुंची पुलिस। अमृत विचार

यस्य पुत्रो वशीभूतो भार्या छन्दानुगामिनी।
विभवे यस्य सन्तुष्टिस्तस्य स्वर्ग इहैव हि ॥

जिसका पुत्र वशीभूत हो, पत्नी वेदों के मार्ग पर चलने वाली हो और जो वैभव से सन्तुष्ट हो, उसके लिए यहीं स्वर्ग है ।

संपादकीय

भारत-रूस संबंध

चुनाव में मिली जीत के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस यूक्रेन में अपने आक्रमण से पीछे नहीं हटेगा और उसकी सीमा पार हमलों से रक्षा करने के लिए एक 'बफर जोन' बनाने की योजना है। उन्होंने चेताया कि रूस और नाटो के बीच संभावित संघर्ष से दुनिया तीसरे विश्व युद्ध से महज 'एक कदम दूर' रह जाएगी। यानि अपनी व्यापक जीत के साथ पुतिन संभवतः और अधिक ताकत का प्रदर्शन करेंगे और यथास्थिति बनाए रखेंगे। यह निर्विवाद है कि दो वर्ष पूर्व यूक्रेन युद्ध शुरू करने के चलते पूरी दुनिया के निशाने पर आने वाले पुतिन का अपने देश रूस में एकछत्र राज है। पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध का घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने आलोचकों की अपेक्षा से बेहतर मुकाबला किया है। पश्चिमी देशों की सुविधा के अनुरूप लाई गई उदारीकरण व खुलेपन की वैश्विक नीतियों से सोवियत संघ के बिखराव के बाद आहत रूसी राष्ट्रवाद को पुतिन ने अपने तरीके से सींचा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुतिन को पुनः निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए कहा कि भारत और रूस के बीच समय की कसौटी पर खरी उतरी, विशेष और विशिष्ट रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए आने वाले वर्षों में वे एक साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। वास्तव में भारत के लिए पुतिन का पुनः चुना जाना एक महत्वपूर्ण रिश्ते की स्थिरता सुनिश्चित करेगा। रूसी नेता ने भारत के स्वतंत्र इतिहास के लगभग एक तिहाई समय तक उसके साथ संबंध बनाए रखा है और अभी तक उसका काम पूरा नहीं हुआ है। जानकारों का कहना है कि पश्चिमी देश रूस को लेकर चाहे कितना ही सख्त रुख अपना लें लेकिन भारत दोस्ती के बाद भी उनका पिछलग्गू नहीं बनने जा रहा है।

2010 से भारत-रूस के बीच खास और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी मज़बूत इतिहास की ठोस बुनियाद पर विकसित हुई है और ये राजनीतिक ज़रूरत के माध्यमों से बनी हुई है। रूस ने शंघाई सहयोग संगठन में भारत की सदस्यता का समर्थन किया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और इसमें भारत को शामिल करने की अपील की। इस तरह रूस ने व्यापक रूप से अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार किया। तकनीकी संकीर्णता की तरफ अमेरिका के धीरे-धीरे लेकिन साफ झुकाव के बीच भारत की कंपनियां रूस के साथ सहयोग को लेकर सावधानी बरत रही हैं। इसके अलावा रूस से आयात में बढ़ोतरी के साथ-साथ भारतीय निर्यात में बढ़ोतरी नहीं हुई। इसलिए दोनों देशों के संबंधों को विक्रेता-खरीदार रिश्तों के रूप से हटकर अधिक रणनीतिक बुनियाद पर एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है।

विज्ञान कथाओं की कोख से ही निकलेगी स्पेस-शब्दावली

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं।

इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन (इसरो) की कार्य प्रणालियों की रिपोर्टिंग और इसकी उपलब्धियों और इतिहास के बारे में हिंदी मीडिया में लेखन के विविध पाठ पढ़ने से टर्मिनोलॉजी को लेकर कुछ सवाल उठने स्वाभाविक हैं। शब्द सामर्थ्य के अनुसार अपनी शैली में विषय से संबंधित सामग्री का प्रस्तुतिकरण आमजन के लिए एक लेखक जब करता है तब भारतीय भाषाओं में लिखी हुई इबारत में तद्भव वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों के प्रयोग करने को कितनी उदारता से प्रयोग करना चाहिए? साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दावली से सामना होने पर लोकरुचि लेखन के लिए अतिरिक्त जागरूकता से काम लेने की जरूरत महसूस होने लगी है। विज्ञान की समझ को आमजन में बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि एकाधिक शब्द एक ख़ास संदर्भ में वाक्य रचना के लिए वर्नाक्यूलार स्क्रिप्ट्स में इस्तेमाल किए जाएं। जैसे कि स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी की गूढ़तम बातों को लोकशैली में समझाने के लिए जब अपरिहार्य कारण मौजूद हैं तब नए शब्द गढ़ने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। उदाहरण के लिए अमरीका ने अपने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए 'एस्ट्रोनॉट' टर्म गढ़ी थी और पूर्ववर्ती सोवियत संघ ने कॉस्मोनॉट। सन 1905 में रूसी साम्राज्य में पैदा हुए एक पोलिश इंजीनियर एरी स्टर्नफेल्ड ने 'कॉस्मोनॉटिका' शब्द गढ़ा था जो कि रूसी भाषा के उपयुक्त शब्द का अंग्रेजी में निकटतम विकल्प है जबकि कुछ विज्ञान इतिहासकारों के कहना है कि 'कॉस्मोनॉट' शब्द को निकिता ख्रुश्चेव ने गढ़ा था। एक रूसी शब्द 'ज्वेदोप्लावनी' है जिसका अर्थ एस्ट्रोनॉमी है। भारत के हिंदी भाषा के एक समाचार पत्र में एक लेखक ने 'गगननॉट' शब्द इस्तेमाल किया है जिसने मुझे इस आशय के अन्य शब्द ढूंढने के लिए प्रेरित किया। भारतीय लोग ही क्यों अंतरिक्ष अध्ययन और अंतरिक्ष में टेक्नोलॉजिकल उपस्थिति दर्ज करने वाले सभी समर्थ देश अपनी सांस्कृतिक विरासत में प्रत्येक नए कार्य के लिए ऐसे शब्दों की तलाश करते हैं जो इनके सांस्कृतिक परिवेश के अनुकूल प्रतीत होते हैं।

साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं।

विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं। इसरो द्वारा प्रस्तुत स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबंधित एक 'ग्लोसरी' में विज्ञान कथा साहित्य से कोई शब्द लिया गया है, मुझे नहीं लगा। एस्ट्रोनॉट्स के भारतीय नामकरण के लिए 'गगननॉट' एक नवीन और हाइब्रिड शब्द है। एक सम-ध्वन्यात्मक शब्द की स्वीकार्यता तब तक नहीं बनेगी जब तक यह लोकप्रचलन में न आए। हमारे एस्ट्रोनॉट्स के लिए 'गगनदेव' या '-देवी' और 'व्योमबाला' या'- पुरुष' शब्द भी हो सकते हैं। समुद्र और आकाश में दो बिंदुओं के बीच की दूरी को नापने की इकाई 'नॉट' है जिसका मूल ग्रीक भाषा में है। यह नॉटिकल की शार्ट फॉर्म है अर्थात, नेविगेशन करने वाला व्यक्ति या नाविक। स्पेस ट्रेवलर के लिए नाविक शब्द हम इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि एस्ट्रोनॉट की भूमिका में वे नेविगेटर अर्थात स्पेस शिप के चालक और मार्गदर्शक की भूमिका में होने के अलावा अन्य कार्य भी करते हैं। एक समुद्री मील और अन्तरिक्षीय मील का नाप का नाप धरती के मील के नाप से हमेशा अधिक लंबाई का होता है जिसे 'नॉट' में नापा जाता है। 'कॉसमॉस' या ब्रह्माण्ड में विचरण करते हुए स्पेस शिप के लिए दूरी नापने हेतु 'नॉट' शब्द का प्रयोग होता है। थ्योरेटिकल फिजिसिस्ट अलबर्ट आइंस्टीन के भौतिकी विषय में दर्शन से जो व्यक्ति परिचित हैं और वे जिन्होंने स्टीवन हॉकिन्ग रचित 'अ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम' पढ़ी है, स्पेस स्पेस ट्रेवल और समय और प्रकाश की गति के आशय को शीघ्र समझ लेंगे।

सन 1979 में प्रोग्रेस पब्लिशर्स मास्को से प्रकाशित 'इंग्लिश एंड अमरीकन शार्ट स्टोरीज' नाम से विज्ञान कथा संग्रह दिल्ली के पीपल्ज़ पब्लिशिंग हाउस से मैंने खरीदा था जिसमें सत्रह लेखकों की कहानियों की कथा-वस्तु नवीनतम आइडियाज से सराबोर और अत्यंत रोमांचक प्रतीत हुई थी। संग्रहकर्ता ने 16 पेज में रूसी भाषा में इसके लिए भूमिका लिखी। रूसी मैं नहीं पढ़ पाया। इस समस्या को आईआईटी दिल्ली के प्रो. वागीश शुक्ल ने दो साल बाद, 13 दिसंबर सन 1981 के, साप्ताहिक हिन्दुस्तान के अंक में अपने लेख -'विज्ञान, विज्ञान कथाओं का', प्रकाशन से सुलझाया और बताया कि रूसी भाषा में लिखी गई भूमिका का आशय क्या है।

साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं। इनके बेहतरीन उदाहरण आईज़क एसिमौफ़ जैसे लेखकों की कथाओं और उपन्यासों के अलावा यूनाइटेड किंगडम के ख्यात लेखन फिलिप के. डिक की कथाओं में तो मिलेंगे ही, रशियन साइंस फिक्शन लेखक के बहुपठनीय उपन्यास 'एंड्रोमेडा स्ट्रेन' के अलावा पोलिश साइंस फिक्शन लेखकों की कहानियों और उपन्यासों में भी मिलेंगे। आकाश शब्द के लिए क्षुद्र या तात्कालिक अर्थरूप में ब्रह्मांड का प्रयोग असावधानीवश ही सही, अनुपयुक्त है। भारत में संस्कृत, हिंदी में अधिक उपयुक्त शब्द अंतरिक्ष, ब्रह्मांड और आकाश ही हैं जिनकी वर्तनी अलग तरीके से है। 'एस्ट्रो' और 'कॉस्मो' के पर्याय बनाने के लिए नए शब्द निर्माण का सामर्थ्य अन्य भारतीय भाषाओं में या फिर हिंदू वांग्मय में कहीं हो सकता है, लेकिन हमें अभी मालूम नहीं। गगनयान के कवचयुक्त पैसेंजर मॉडयूल को धरती के ऊपर के आकाश में 450 किलोमीटर के उच्चतम बिंदु (एपोजी) पर स्थापित किए जाने की योजना है। निकट अंतरिक्ष में धरती की परिक्रमा करने वाले एक स्पेस स्टेशन की ऊंचाई धरती के ज्योग्राफिकल ध्रुवों (पेरिजी) पर घट कर 175-250 किलोमीटर ही रह जाती है। अंतरिक्ष नाविकों का स्पेस शिप हमारे सोलर सिस्टम से बाहर अगर जाता है तब उसमें बैठे हुए मानव को आकाशयात्री नहीं अपितु ब्रह्मांड यात्री कहेंगे। पृथ्वी की कक्षा में 400-500 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक अपेक्षाकृत-स्थिर प्रतीत होने वाले स्पेश स्टेशन में से जो मानव सुरक्षित कवच पहन कर मॉडयूल से बाहर आकर आकाश विचरण करता है तभी इसे अंतरिक्ष विचरण कहेंगे। हमारे सोलर सिस्टम से परे गहन या सुदूर अंतरिक्ष में यात्रा करने वाले को हम ब्रह्माण्ड यात्री कह सकते हैं, परन्तु अंतरिक्ष में रहकर मंगल गृह तक की दूरस्थ यात्रा को भी अभी संभव नहीं बनाया जा सकता है। धरती से दूर की यात्रा की समयावधि को प्रकाशवर्ष में मापने वाले विज्ञान कथाकार हमारा सामना अद्भुत स्थितियों से करवाते रहे हैं। यह भी मानव अपनी और नित विकसित होते अद्भुत बौद्धिक क्षमताओं से अनजानी और अद्भुत समस्यायों से कैसे निपटता है।

प्रसंगवश

बैलट में बुराई क्या

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। मतदान ईवीएम मशीनों से ही होने जा रहा है। इस पद्धति पर ऊंगलियां उठती रही हैं। यहां तक कि 2019 के लोकसभा चुनाव परिणामों को एक वर्ग ने शंकास्पद दृष्टि से देखा था। परिणाम घोषित हो जाने पर जनता किसी की सुनती नहीं है, इसलिए विपक्ष ने मौन रहना ही श्रेयस्कर समझा था। हां! दबी जुबान शत्रुघ्न सिन्हा कुछ यों बोले थे, 'कुछ है तो जरूर लेकिन अब तो!' बात आई गई हो गई थी। संप्रति इस मुद्दे पर विपक्ष पस्त है। चुनाव आयोग पर सरकारी शिकंजा इस कदर है कि पिछले आठ मास से विपक्ष उससे मिलने का समय मांगता रहा, जो नहीं दिया गया, तब फिर नीतिगत मामले में उनकी क्या चलेगी। ऐसे में यह चुनाव अब विवादास्पद ईवीएम से ही होना है। लालू यादव बिहार के प्रादेशिक चुनाव अधिकारियों से बार-बार यह कह रहे हैं कि मतगणना पहले पोस्टल बैलटों की करा ली जाय, फिर मशीन के वोटों की। लेकिन अभी तक उनकी यह बात भी नहीं मानी गई है। जमीनी सच्चाई उपर्युक्तानुसार होते हुए भी, मैं समझता हूं बैलट पेपर से चुनाव कराना श्रेयस्कर रहता। दुनियां में लगभग सौ देशों में वोट पद्धति से चुनाव होते हैं, जिनमें केवल 25 में ही मशीनों का प्रयोग होता है। शेष बैलट का ही प्रयोग करते हैं। अमेरिका विश्व का सर्वाधिक समृद्ध लोकतांत्रिक देश है, जहां आधुनिकतम तकनीक विद्यमान है, किंतु चुनाव बैलट से ही होते हैं। एक बात यह भी है कि जब ऊंगली उठ जाय, और पद्धति संदेह के घेरे में हो, तो निर्विवाद पद्धति अपनाने में हर्ज क्या है? न्याय की दुनियां का एक मशहूर सिद्धांत है कि 'न्याय न सिर्फ किया जाना चाहिए, बल्कि ऐसी प्रतीति भी कराई जानी चाहिए कि न्याय किया जा रहा है'। भगवान कृष्ण पर भी जब सत्राजित की स्यमंतक मणि के अपहृत करने का मिथ्या आरोप लगा था,तो उन्होंने उस आवाज़ का दमन नहीं किया था, बल्कि सच्चाई का पता लगाकर समाज के सामने रख दिया था। जब वर्तमान सरकार परंपराओं और पुरातन संस्कृति को सहेजने वाले कार्य कर रही है और सिंगोल(प्राचीन राजदंड) को नए संसद भवन भें स्थापित कर चुकी है, तो बैलट वाली मतदान की पारंपरिक पद्धति अपनाने में क्या हर्ज है? शंका और विवाद की कोई गुंजाइश ही क्यों रखा जाए।

आज के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है।

मोबाइल या लैपटॉप के कुछ बटन टीपिये, पलक झपकते लाखों करोड़ों रुपये इधर से उधर। तकनीक में आई इस क्रांति ने अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां दी तो वित्तीय शक्तियों और राजनीति के अनैतिक गठजोड़ ने इसी क्रांति के गहरे अंधेरों में नई रहस्यमयी दुनिया का सृजन भी किया। अब तो ऐसा है कि न जाने कितनी कंपनियां लैपटॉप में ही जन्म लेती हैं, करोड़ों, अरबों का वारा न्यारा करती हैं और फिर लैपटॉप में ही खत्म हो जाती हैं। गीता में वर्णित आत्मा की तरह पूंजी किसी नई कंपनी के रूप में पुनर्जन्म ले लेती है।

कंपनी... अब के दौर में इसका अर्थ व्यापक हो गया है। पहले के जमाने में, जिसे औद्योगिक दौर कहा जाता था, कंपनी का मतलब था कोई भौतिक ढांचा, जिसमें लोग काम करते थे, रोजी रोजगार पाते थे। लोग-बाग उस कंपनी को जानते थे। वह जन्म लेती थी तो कितने घर रोशन होते थे, मरती थी तो कितने घरों में अंधेरा छा जाता था। अब उत्तर औद्योगिक दौर है। विश्लेषक कहते हैं कि यह "फाइनांसियलाइजेशन" का दौर है। वित्त का असीमित और अबाध प्रवाह है। सत्ता और कारपोरेट की जुगलबंदी हो जाए तो वित्त का यह प्रवाह कानून की आंखों में धूल झोंकते पल भर में जाने कहां से कहां तक की यात्रा कर लेता है। अब ऐसी कंपनियां भी हैं जो नजर ही नहीं आती, लेकिन हैं। वे हैं और अरबों की पूंजी के साथ हैं। लेकिन न वे देश के लिए हैं, न मानवता के लिए हैं। वित्तीय शक्तियां अपने छद्म के साथ नए रूप में सामने आई हैं। अलग स्वभाव, अलग चरित्र के साथ। अब के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ है। वह रोजगार पैदा नहीं करती। वह किसी कंपनी का रूप लेती है लेकिन किसी को रोजगार नहीं देती। उसका होना रहस्य को जन्म देता है, उसका मरना अगले रहस्य की ओर ले जाता है। बटन की टीप पर जन्म लेने वाली कंपनियों में पूंजी का यह रहस्यमय प्रवाह न जाने कितने गोरखधंधों की राह आसान करता है। ऐसी ऐसी कंपनियां, जिनमें पूंजी तो हजारों करोड़ है, लेकिन कर्मचारी एक भी नहीं। ऐसी अधिकतर कंपनियां अक्सर किसी फ्रॉड अरबपति की उंगलियों पर चलती हैं, नाचती हैं और फिर खत्म कर दी जाती हैं। टैक्स की चोरी और अवैध पूंजी को वैध का कुर्ता पहनाने में ऐसी कंपनियां बहुत काम आती हैं। कई बड़े कारपोरेट घराने ऐसी कंपनियों का खेल खेलते हैं और संस्थाओं की आंखों में धूल झोंक कर, या उन्हें बेबस करके जनता के पैसों की लूट करते हैं। टीवी पर एक किसान नेता एक हाथ में आलू और दूसरे हाथ में किसी ब्रांडेड चिप्स का रैपर लिए बोल रहे थे, 'हमसे चार रुपये किलो आलू खरीद कर कंपनियां उसके कई गुने दाम पर मुनाफा कमाती हैं।' बड़ी आबादी की आहों को समेटते इस मुनाफे का अर्थशास्त्र कोई जटिल मामला नहीं है। सब समझते हैं लेकिन जैसे किसी जकड़बंदी में यह सभ्यता बेबस सी नजर आ रही है। सारे आलम को आंदोलन विरोधी, बौद्धिक विमर्श विरोधी बना देने की साजिशों का पहला शिकार भारत का मिडिल क्लास है, दूसरा शिकार रील्स में डूबा हाशिए के तबकों का बेरोजगार युवा वर्ग है। ये मिल कर सुनिश्चित करते हैं कि कारपोरेट और राजनीति की जुगलबंदी से अमानवीय बनते जा रहे सिस्टम के खिलाफ कोई आंदोलन जोर न पकड़े। चंद बटनों पर उंगलियों के स्पर्श से जन्म लेने वाली और तिरोहित होने वाली कंपनियों से सिर्फ अरबों की टैक्स चोरी ही नहीं होती, वैध को अवैध और अवैध को वैध बनाने का खुला खेल ही नहीं होता, ये कंपनियां राजनीतिक दलों को करोड़ों का चंदा भी देती हैं। अब तो आरोप लग रहे हैं कि गोरखधंधा बदस्तूर चलता रहे, इसके लिए भी इलेक्टोरल बांड के माध्यम से हजारों करोड़ इधर उधर किए गए। ऊपर के लेवल पर वित्त का यह तीव्र और सघन प्रवाह नीचे के लेवल पर घोर शोषण और ठगी से ऊर्जा प्राप्त करता है। अब शोषण ही पर्याप्त शब्द नहीं है। यह शब्द औद्योगिक दौर में केंद्र में था। उत्तर औद्योगिक दौर में तो शोषण के साथ ठगी भी अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में आ चुकी है। यह संगठित ठगी का दौर है।

किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है। तकनीकी क्रांति और तीव्र वित्तीय प्रवाह ने इस ठगी को बेहद आसान बना दिया है। पूंजी और राजनीति की जुगलबंदी अगर नापाक होने पर उतारू हो जाए तो शोषण और ठगी, दोनों अर्थव्यवस्था के केंद्रीय कारक बन ही जाएंगे। तभी तो, इस देश के किसान, श्रमिक से लेकर बेरोजगार युवाओं के साथ ठगी इस दौर की एक मुख्य प्रवृत्ति बन गई है। और, खुद को सयाना समझ रहा मिडिल क्लास भी इस शोषण और ठगी का कितना बड़ा शिकार है, यह आंखें और दिमाग खोलते ही समझ में आने लगता है। तभी तो, आंखों पर पर्दा और दिमाग पर कब्जा करने का खेल सांस्थानिक रूप अख्तियार कर चुका है।

सोशल फोरम

धोखा

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कभी-कभी लोग धोखा शब्द का अर्थ समझने में भी धोखा खा जाते हैं। इसलिए नहीं कि धोखा का अर्थ कठिन है। इसलिए कि अपना अर्थ समझना कठिन है। अपने को समझना कठिन है। धोखा शब्द के प्रयोक्ता अपने को समझने में चूक जाते हैं, इसलिए धोखा का सही अर्थ नहीं समझ पाते हैं। धोखा का सीधा अर्थ है, जो दिखाई पड़ रहा है, वह सच नहीं है। जो छिपा है, वही सच है। जब उचित समय पर छिपा प्रकट हो जाता है, तब एहसास होता है कि जा.. मैं तो धोखा खा गया।

धोखा वहीं होता है, जहां किसी न किसी प्रकार का संबंध होता है। जहां संबंध नहीं, वहां धोखा भी नहीं। व्यापारिक और प्रेम संबंधों में धोखे की चर्चा ज्यादा होती है। व्यापार से भी ज्यादा प्रेम में धोखे की संभावना रहती है, क्योंकि प्रेम के नशे में हम अंदरूनी सच नहीं देख पाते। व्यापारिक संबंध में हम जब प्रेम को घुसा देते हैं तो धोखे का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रेम के कारण आप उनके सामने रुपए नहीं गिनेंगे, बाद में गिनेंगे, हो सकता है वह कम निकले। प्रेम के कारण आप वस्तु तो दे देंगे, लेकिन पैसे मांगने में संकोच कर जाएंगे। हो सकता है बाद में वह पैसा आपको न मिले। तो व्यापारिक संबंध और प्रेम संबंध को अलग कर देना चाहिए।

नकली प्रेम में धोखे पाए जाते हैं, असली प्रेम में धोखे का नामोनिशान नहीं होता। टिकाऊ होना असली प्रेम की पहचान नहीं है। असली प्रेम की पहचान है बेशर्त होना। एक-दूसरे को पूरी स्वतंत्रता देना। जहां शर्त है, वहां धोखे की संभावना है।

कल्पना कर लीजिए कि स्त्री-पुरुष आपस में प्रेम कर रहे हैं। यह प्रेम दो प्रकार से हो सकता है। एक बंधन वाला प्रेम, दूसरा स्वतंत्रता देने वाला प्रेम। बंधन वाले प्रेम में धोखे की संभावना है। दोनों में से कोई एक दूसरे की तरफ आकृष्ट होकर पहले को छोड़ सकता है। यहां कहा जाएगा कि एक ने दूसरे के साथ धोखा किया। लेकिन जहां स्वतंत्रता है, कभी भी कोई किसी के साथ जा सकता है, इस तरह की अंडरस्टैंडिंग है, वहां धोखा कहां? हां, यह बात अलग है कि इस तरह का प्रेम करने वाला विरला ही होता है। इसलिए ऐसे प्रेम के अलगाव को जन सामान्य धोखा ही नाम देते हैं, क्योंकि उन्हें इस तरह के प्रेम का अनुभव नहीं होता।

-फेसबुक वॉल से

काशी में शिव की रंगभरी यात्रा

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं।

काशी में रंगभरी एकादशी का विशेष महत्व है। जिस तरह होलाष्टक से ब्रज में होली उत्सव शुरू होता है, उसी तरह काशी में रंगभरी एकादशी से होली पर्व की शुरुआत होती है, जो लगातार छह दिनों तक चलता है। रंगभरी एकादशी शिव के स्वागत में ही मनाई जाती है। यह वह दिन है, जब वाराणसी की सड़कों पर गुलाल बरसते हैं। शिव इसी दिन माता पार्वती को विदा कराकर ले जाने के लिए शादी के बाद पहली बार बनारस आए थे।

पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक जब माता सती ने आत्मदाह कर लिया था, तो उसके बाद शिव क्रुद्ध हो गए थे और वे बड़े दुखी भी हुए थे। यही वजह थी कि इसके बाद उन्होंने चिर साधना शुरू कर दी थी। उनकी यह साधना तब तक जारी रही, जब तक कि माता पार्वती के रूप में माता सती ने फिर से जन्म नहीं ले लिया। शिव जिस दिन उन्हें विदा कराकर ले जाने के लिए यानी कि गौने की रस्म करवाने के लिए पहली बार वाराणसी पहुंचे थे, उसी दिन से रंगभरी एकादशी मनाने की शुरुआत हुई थी। रंगभरी एकादशी काशी के लोगों के लिए बड़ी मायने रखती है, क्योंकि वाराणसी में होली के उत्सव का आरंभ इसी दिन से हो जाता है। माता पार्वती के गौने की वजह से इस दिन का वाराणसी के लोगों के लिए खास महत्व है और इस दिन व्रत करके और उत्सव मनाकर लोग अपने जीवन में न केवल अपने घरों में खुशियां और समृद्धि के आगमन को निमंत्रण देते हैं, बल्कि पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ इसे मना कर शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद भी प्राप्त करते हैं। खासकर शादीशुदा जोड़े रंगभरी एकादशी को विशेष रुप से मनाते हैं, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि पूरी श्रद्धा के साथ इस त्योहार को मनाने से उनकी जिंदगी प्यार से भर जाती है और शिव एवं माता पार्वती की कृपा हमेशा उन पर बनी रहती है।

शुरुआत काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत के घर से होती है और शिव की रजत यानी चांदी वाली मूर्ति को त्योहार के एक दिन पहले शाम को महंत के घर पहुंचा दिया जाता है और रात भर शिव यही महंत के घर में विराजमान रहते हैं। इसके बाद सूर्योदय से पहले भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्तियों का पुजारियों द्वारा दूध से अभिषेक किया जाता है। इनकी मूर्तियों का पंचामृत से भी अभिषेक होता है और इस तरह से रुद्राभिषेक का कार्यक्रम चलता है। इसके बाद फूलों और आभूषणों से दोनों मूर्तियों का श्रृंगार किया जाता है बाबा विश्वनाथ को विशेष पोशाक पहनाई जाती है और श्रृंगार किया जाता है। बाबा विश्वनाथ की रजत प्रतिमा को राजशाही पगड़ी और धोती-कुर्ता एवं दुपट्टा पहनाया जाता है। इस दौरान परंपरागत गीत भी महिलाओं द्वारा गाए जाते हैं।

जैसे-जैसे दोपहर का वक्त आता है, बारात निकालने की तैयारी पूरी हो जाती है। एक पालकी पर शिव और माता पार्वती की मूर्तियों को सजा कर रखा जाता है और इस बारात की शुरुआत महंत के घर से होती है, जो कि काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर समाप्त होती है। इस पालकी को शिव के भक्त उठाते हैं, जिन्हें कि बम के नाम से हम जानते हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचने से पहले यह पालकी शहर के कई हिस्सों में घूमती है और इस दौरान पूरे रास्ते में भक्तगण गीत गाते हैं। शिव और माता पार्वती पर लोग खूब अबीर-गुलाल उड़ाते हैं।

भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं। इस दौरान पूरा वातावरण खुशी से सराबोर हो जाता है। हर-हर महादेव के जयकारे से काशी नगरी गूंज उठती है। कुंवारी महिलाएं इस दौरान खासकर भगवान शिव को रंग लगाने की कोशिश करती हैं और वे उन्हीं के जैसा वर प्राप्त करने का आशीर्वाद भी उनसे मांगती हैं। वाराणसी में होली की यह न केवल धमाकेदार, बल्कि बेहद पवित्र शुरुआत होती है, जिसका साक्षी बनने के लिए केवल अपने देश से ही नहीं, बल्कि दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु वाराणसी पहुंचते हैं। यह उत्सव धुलंडी तक जारी रहता है।

लड़कियों की नौकरी : मुसीबत का सबब

शिवनाथ भारती
सदस्य, वरिष्ठ नागरिक सलाहकार परिषद

इन दिनों एक नई सामाजिक समस्या उत्पन्न होने लगी है जिसकी घुटन अब अधिकांश घरों में देखने को मिलने लगी है। बेटी को विवाह पूर्व नौकरी करवाना माता-पिता व बेटियां दोनों के लिए ही अब एक बड़ी मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। आज अधिकांश लोग अपनी पुत्रियों से विवाह पूर्व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उनसे नौकरी करवाकर अपने लिए एक समस्या तैयार कर रहे हैं। ऐसा करने के कारण ऐसी लड़कियों के विवाह में जो समस्याएं आती हैं, उसका हल निकालना उनके लिए अब दुष्कर होने जा रहा है। नौकरियों में उनका वेतन अधिक होने से उनसे कम वेतन वाले लड़के प्रायः उन्हें पसन्द नहीं आते हैं। अन्य शहर में नौकरी कर अकेले रहने के कारण, घर से दूर होने के कारण उन्हें लोक-लाज़ का भय भी नहीं रह जाता है।

एक बार नौकरी करने पर वे नौकरी छोड़ने को तैयार नहीं होती। वह जिस शहर में नौकरी करती हैं, उन्हें उसी शहर में ही कार्यरत उनसे अधिक पैकेज वाला सजातीय वर चाहिए जिसे ढूंढ़ पाना माता-पिता के लिए एक जटिल समस्या है। शादी से पहले पढ़-लिखकर, नौकरी पकड़ने की मानसिकता के कारण ऐसे ही विवाह में देरी हो जाती है, ऐसे वरों की तलाश में उनकी विवाह की उम्र ही निकल जाती है।

फिर होती है बेमेल शादियां जिस कारण गृहस्थी बसने से पहले उजड़ने की संभावना रहती है। अगर शादी टिक भी गई तो अधिक उम्र के कारण गर्भ धारण व संतानोत्पत्ति में भी समस्याएं आने लगती हैं और मातृत्व सुख से वंचित रहने के आसार बढ़ जाते हैं। उम्र का तकाजा कहें या शारीरिक बदलाव, बच्चियों में हुए हार्मोनल परिवर्तन और समय पर शादी नहीं होना उसे पुरुषों की ओर आकर्षित करते हैं। उसके साथ घर का कोई सदस्य नहीं होने से उन पर कोई रोक-टोक नहीं रहती जिससे वे अक्सर गलत मार्ग पर चल पड़ती हैं। ये उचित और अनुचित मार्ग का निर्णय नहीं ले पाती। आज के माता-पिता, जो यह सोचते हैं कि कन्या को कुछ वर्ष नौकरी करा लेते हैं, फिर उनकी शादी कर देंगे, उनकी यह सोच उन पर आगे चलकर भारी पड़ने लगती है। मेरा मानना है कि लड़कियों को पढ़ाने-लिखाने में कोई बुराई नहीं है पर शादी से पहले उन्हें नौकरी करने से रोकना चाहिए। अगर लड़की को कोई सरकारी नौकरी मिल गई है तब तो उस पर जरूर विचार किया जा सकता है।

अतः लड़कियों को खूब पढ़ाएं-लिखाएं, उन्हें खूब स्किल फुल बनाएं पर शादी से पहले नौकरी को यथासंभव टालें। डिग्री के साथ ही अगर नॉलेज व स्किल भी होगा तो नौकरी तो जरूरत पड़ने पर शादी के बाद भी की जा सकती है। इसलिए बेटियों का विवाह स्वयं के विवेक से सही समय (21 से 25) पर करें और भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचें। विवाह के उपरांत जॉब करने व पढ़ाई जारी रखने में कोई समस्या नहीं आती।

गोदाम के पास लगे पेड़ छटवाने के निर्देश

जिलाधिकारी ने निर्वाचन गोदाम, मतदान केन्द्रों व मतगणना स्थल का निरीक्षण कर देखी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निर्वाचन गोदाम का बाहरी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वहां पर लगे हुए पेड़ों को छटवाया जाए, यह पेड़ वहां पर लगे हुए कैमरे को ढके हुए हैं जिससे निगरानी सही से नहीं हो पा रही। उन्होंने कहा कि वहां पर डबल गेट हटाया जाए जिससे कोई समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने ईबीएम गोदाम पर गार्ड रूम की साफ सफाई कराई जाने के निर्देश दिए।

मंगलवार को जिलाधिकारी अवनीश राय ने मंडी रोड की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा कि मंडी रोड की सड़क को 31 मार्च तक अवश्य बनवाया जाए जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर आने-जाने में कोई समस्या उत्पन्न हो। उन्होंने मंडी रोड पर नालो में गंदगी को लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से कहा कि नालों की सफाई कराई जाए तथा प्लास्टिक एवं कचरा आदि को उठाकर कूड़े के ढेर पर फिकवाया जाए। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट 1 से 8 बेटियापुर विकासखंड भरथना बूथ का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर उपस्थित ग्राम प्रधान से वार्ता कर बूथ पर मतदाताओ की संख्या आदि की समस्याओं को लेकर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वहां पर उपस्थित ग्राम वासियों को अस्वस्थ करते हुए कहा कि निर्वाचन निष्पक्ष, पारदर्शी ,भयमुक्त तरीके से कराया जाएगा। महोदय द्वारा बताया गया कि जितने भी अपराधी हिस्ट्री सीटर है उन पर कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय पुराना भरथना बूथ की व्यवस्थाएं देखी एवं वहां पर कचरा आदि की साफ सफाई कराई जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां पर अत्यधिक गंदगी होने के कारण बीमारियां उत्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि बूथ पर आने जाने के लिए अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा,गली पर रिपेयरिंग एवं गली बनाई जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय की रेप खड़ी होने के कारण वहां से आने-जाने में अत्यधिक समस्या होती है उसको लेवल कराया जाए एवं घास आदि को कटवाया जाए। उन्होंने कहा कि बूथ का दूसरा गेट कचरे की ढेर की साइड बना हुआ है उसको बंद कराया जाए एवं कचरे को डंप कराया जाए जिससे बीमारी आदि उत्पन्न ना हो। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी भरथना सुशांत श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी भरथना अतुल प्रधान मौजूद रहे।

गोदाम का निरीक्षण करते डीएम अवनीश राय व एसएसपी संजय वर्मा। अमृत विचार

अभी भी लगे हैं सरकारी योजनाओं के होर्डिंग्स

इटावा। लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के बाद भी जिला अस्पताल सहित कई स्थानों पर सरकारी योजनाओं के प्रचार के होर्डिंग्स व पोस्टर लगे हैं। इन्हें अभी हटाया नहीं गया है। इस पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पल्लव दुबे एड ने कहा कि पूरे देश में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हुए चार दिन हो गए हैं। इसके बाद भी जिले में कई जगह केन्द्र सरकारा्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उ.प्र. सरकार की योजनाओं के प्रचार के होर्डिंग बैनर लिए हुए हैं जिनमें जिला अस्पताल इटावा में लगे हुए होर्डिंग बैनर प्रमुख हैं। अभी तक चुनाव आयोग ने किसी प्रकार का कोई संज्ञान नहीं लिया है और न हीं कोई कार्यवाही की गई है। उन्होंने यह मांग की है कि जल्द से जल्द इन प्रचार प्रसार कर रहे होर्डिंग बैनर को हटाया जाए।

युवा अधिवक्ता 23 मार्च को मनाएंगे शहीद दिवस

इटावा। युवा अधिवक्ता 23 मार्च को शहीद दिवस मनाएंगे। अमर शहीदों का स्मरण किया जाएगा और उनके त्याग व बलिदान को बताया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक युवा अधिवक्ता आशीष तिवारी, राजू यादव व विवेक द्विवेदी ने दी है।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी 23 मार्च को शहीद दिवस का आयोजन डीबीए हॉल कलेक्ट्रेट में दोपहर 1 बजे से किया जायेगा। अधिवक्ताओं ने कहा कि युवा पीढ़ी को देश के लिये जान देने वाले शहीदों के त्याग और बलिदान से अवगत कराने के लिये हर वर्ष ये आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन हर कचहरी, हर विद्यालय में होने चाहिए। राकेश वर्मा, आशीष मिश्रा, रामेंद्र प्रकाश मिश्रा, प्रदीप कुशवाहा, राना यादव, शिवम तिवारी, दीपांशु तोमर, सुभाष चन्द्र राजपूत, मनीष बघेल मौजूद रहे।

साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल बताएं : शरद शुक्ल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- पंचायतराज महाविद्यालय ने लगाया शिविर

अमृत विचार। पंचायत राज राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन कोतवाली में साइबर मामलों के विशेषज्ञ शरद शुक्ल ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया पर असावधानी से बड़ी संख्या में लोग साइबर बुलिंग का शिकार बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें सावधानी से इन सोशल मीडिया साइट्स का उपयोग करना चाहिए और सुरक्षा फीचर्स अपग्रेड करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई इस धोखाधड़ी का शिकार होता है तो उसे हेल्प लाइन नंबर 1930 पर शीघ्रातिशीघ्र फोन करके सूचित करना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रेखा ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ श्यामपाल सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ चंद्रप्रभा, डॉ अजय दुबे, डॉ रमाकांत राय और डॉ अनुपम सिंह मौजूद रहीं। शिविर के उत्तरार्ध सत्र में डॉ रमाकांत राय ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने प्रथम सत्र के वक्ता शरद शुक्ल के वक्तव्य को आगे बढ़ाते हुए साइबर सुरक्षा को आर्थिक धोखाधड़ी से आगे के विषयों से जोड़ा और युवतियों से आह्वान किया कि ऐसी स्थिति आने पर घबरायें नही मामले के बारे में तत्काल बतायें।

मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की कमेटियां घोषित

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव ने बढ़ाया उत्साह

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की जिला कार्य समिति का विस्तार एवं स्वागत समारोह जिला पंचायत सभागार में हुआ। यूथ ब्रिगेड की जिला कार्य समिति में अमित शुक्ला जीतू यादव, सर्वेश जोशी, विक्की यादव, मुनेंद्र कुमार उर्फ मोनू, लालू, विनय यादव, नरेंद्र कश्यप, दिनेश शाक्य बरालोकपुर, धीरेंद्र राजपूत को उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार को प्रमुख महासचिव, अभिषेक यादव सिक्की को महासचिव, हेमंत धनगर कोषाध्यक्ष, गोविंद पाल को मीडिया प्रभारी एवं बॉबी धनगर सह मीडिया प्रभारी, शिवनीश यादव प्रवक्ता, निमिष पाल लकी को आईटी सेल का प्रभारी मनोनीत किया गया। जिला कार्य समिति में रिंकू जैन, अंकुर यादव, दिलीप शाक्य, रामजी दुबे, सीटू पाल, पवन श्रीवास्तव, गौरव जैन, नीरज पाल, नौशाद खान, सुनील कुमार, राजेश यादव, प्रदीप शाक्य, सनी कुशवाहा, आलोक यादव, विजयनागर, दीपक पाल, आसिफ खान, अभिषेक कुमार यादव, गौरव पाल, राजीव पाल, शाहबाज वारसी, मोहम्मद कुरैशी को जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया गया।

नवीन धनगर को विधानसभा अध्यक्ष जसवंतनगर, प्रदीप जाटव विधानसभा अध्यक्ष इटावा, प्रद्युम्न सिंह को विधानसभा अध्यक्ष भरथना, राजीव पाल को ब्लॉक अध्यक्ष जसवंतनगर, सत्येंद्र कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष सैफई, रजनीश कुमार रिंकू को ब्लॉक अध्यक्ष ताखा, महेंद्र प्रताप सिंह भारतीय को ब्लॉक अध्यक्ष भरथना, अजय यादव को ब्लॉक अध्यक्ष बसरेहर विधानसभा क्षेत्र जसवंत नगर, श्याम सिंह राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष बढ़पुरा, अनुज पाल ब्लॉक अध्यक्ष महेवा, राहुल जाटव को ब्लॉक अध्यक्ष चकरनगर एवं वसीम को नगर अध्यक्ष जसवंतनगर, आसिफ मेव को नगर अध्यक्ष इटावा तथा मोहम्मद रईस वारसी को नगर अध्यक्ष भरथना मनोनीत किया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत अभिषेक यादव अंशुल, सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, राजीव यादव, सर्वेश शाक्य ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी।

मुलायम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव।

एक नजर

किशोरी गायब, रिपोर्ट दर्ज

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी 14 मार्च से गायब है। पुलिस किशोरी की तलाश कर रही है। परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी स्कूल में पढ़ने घर से गई थी। बेटी शाम तक नहीं लौटी थी। सभी जगह उसे तलाश किया, पर कोई पता नहीं चला। गांव के ही दो लोगों ने बेटी को ले जाते एक युवक को देखा था।

रेस्क्यू करके लाए गए तेंदुए की हालत गंभीर

इटावा। यहां सफारी में रेस्क्यू करके लाए गए तेंदुए की हालत गंभीर बनी हुई है। सफारी के डिप्टी डायरेक्टर विनय कुमार सिंह ने बताया है कि बागपत वन प्रभाग से रेस्क्यू कर 3 फरवरी को एक नर तेन्दुआ घायलावस्था में इटावा सफारी पार्क लाया गया था। इसका लगातार उपचार किया जा रहा है लेकिन 14 मार्च से तेंदुआ पूर्ण रूप से भोजन ग्रहण नहीं कर रहा है और उसके घाव में मामूली सुधार हो रहा है। एंटीबायोटिक सेंसटिविटी टेस्ट कराने पर पता चला है कि इस तेन्दुआ पर कोई भी एंटीबायोटिक का असर नहीं है।

हम सुधरेंगे तो जग सुधरेगा का दिया मूलमंत्र

संवाददाता बकेवर, इटावा

अमृत विचार। जनता कॉलेज बकेवर में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में नगर पंचायत बकेवर के सभागार में जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ ललित गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव के दिशा निर्देशन में योग एवं व्यायाम कराया गया।

प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण केंद्र, बकेवर के प्रशिक्षक डॉ मनोज कुमार ने अपने अनुभवों का साझा करते हुए वर्तमान के सड़क सुरक्षा से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर बंगाल एवं असम का उदाहरण देकर प्रोत्साहित किया। एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद ने सड़क सुरक्षा, स्वच्छ भारत एवं स्वच्छता अभियान तथा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वालंबन आदि महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन किया। शिविर में डॉ एमपी यादव ने 'हम सुधरेंगे तो जग सुधरेगा' शीर्षक पर स्वयं सेवकों को बताया कि कोई विचार जो समाज की कुरीतियों के प्रति जागरूक करने के लिए हो तो पहले खुद को सुधारना होगा, तभी दूसरे व्यक्तियों पर प्रभाव पड़ेगा। रसायन विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ ज्योति भदौरिया ने नारी सशक्तिकरण के लिए स्वयंसेवकों को संबोधित किया। वूमेन पावर लाइन की सहायता नंबर 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा के लिए 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के लिए 1076, महिला हेल्पलाइन के लिए 181, चाइल्ड लाइन के लिए 1098 आदि है। तत्पश्चात स्वयंसेवकों के द्वारा महिला सुरक्षा व मिशन शक्ति के लिए जन जागरूकता रैली का आयोजन किया। डा गोपीनाथ मौर्य ने बताया कि नेतृत्व एक कला है जिसे सीखना पड़ता है कुछ लोगों में यह जन्मजात होती है। शिविर में डॉ आदित्य कुमार, डॉ सत्यार्थ प्रकाश मौर्य, राजकुमार वर्मा, शैलेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, शिव कुमार, मनोज दीक्षित तथा स्वयंसेवक शिवम विकास, विकास राज, माधवेंद्र, विकास यादव आदि रहे।

रैली निकालतीं जनता कालेज की छात्राएं। अमृत विचार

दहेज हत्या : पति को 10, जेठ व ससुर को सात साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सात साल पहले हुए हत्याकांड में आया कोर्ट का फैसला

अमृत विचार। दहेज हत्या के एक मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने आरोपी पति, ससुर व जेठ को सजा सुनायी है। पति को 10 साल जबकि ससुर व जेठ को सात-सात साल की सजा सुनायी है।

अजीतमल के मोहित कुमार ने अपनी बहन की हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इसमें आरोप लगाया था कि उसने अपनी बहन रीना की शादी 12 जून 2014 को शहर कोतवाली के भुवनेश के साथ की थी। शादी में उसने दान दहेज दिया था। लेकिन रीना के ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के रूप में कार की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। चार अगस्त 2016 को ससुरालीजनों ने मारपीट करके उसको आग लगा दी। आग से जलने के कारण उसकी जिला अस्पताल में मौत हो गयी थी। जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर ससुर प्रेम चंद्र पति भुवनेश ननद प्रीति जेठ आशु के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित पक्ष की ओर से एडीजीसी तरुण कुमार शुक्ला ने पैरवी की। विवेचक सीओ शिवराज सिंह व पैरोकार रोहित सिंह ने गवाह व साक्ष्य उपलब्ध कराने में सहयोग किया। न्यायाधीश दिलीप कुमार सचान ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पति, ससुर व जेठ को दोषी माना। पति को 10 साल व ससुर व जेठ को सात-सात साल की सजा सुनायी। साथ ही 14-14 हजार रुपये अर्थदंड जमा कराने का भी आदेश दिया। जबकि आरोपी ननद को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

आक्रोश | चारों केन्द्रों पर मूल्यांकन कार्य का किया गया बहिष्कार, प्रदर्शन करते हुए जमकर की नारेबाजी

शिक्षक की हत्या से आक्रोशित शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। मुजफ्फरनगर में वाराणसी के शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार की पुलिस की गोली से हत्या के विरोध में शिक्षकों ने हंगामी प्रदर्शन करते हुए हाईस्कूल इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य रोक दिया। जिले के चार विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा की कापियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। शिक्षकों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए जीआईसी पर मूल्यांकन कार्य रुकवा दिया। इसके बाद यह शिक्षक एक एक करके चारों केन्द्रों पर पहुंचे और मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया गया।

उत्तर प्रदेश राजकीय शिक्षक संघ के आवाहन पर सभी शिक्षक संगठनों ने संयुक्त रूप से मूल्यांकन कार्य बहिष्कार करके विरोध प्रदर्शन किया। एक शिक्षक की हत्या की घटना से आक्रोशित शिक्षकों ने राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार पाल व जिला मंत्री अंबुज दुबे के अनुरोध पर सर्वप्रथम राजकीय इंटर कॉलेज में एकत्रित होकर कोठार बंद करने का निर्णय लिया। इसके बाद उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट, उत्तर प्रदेश वित्तीय शिक्षक महासभा, अटेवा एवं समाजवादी शिक्षक सभा से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं शिक्षक एकत्रित होकर सड़कों पर उतरे। शिक्षकों ने एकत्रित होकर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज इटावा तथा सनातन धर्म इंटर कॉलेज में पहुंचकर शिक्षक साथियों के साथ एक दिवसीय मूल्यांकन कार्य बहिष्कार में सहयोग मांगा। इस पर चारों ही मूल्यांकन केदो के सभी शिक्षकों ने मूल्यांकन केंन्द्रो के गेट पर एकत्रित होकर शिक्षक की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया। कवि कमलेश शर्मा, रणविजय सिंह यादव, विकास यादव, सुखराम, पंकज कुमार सिंह चौहान,अरुण कुमार दुबे, मनोज कुमार त्रिपाठी, डा. राजीव राज, उदयवीर सिंह यादव, राजेश यादव, मनोज कुमार यादव, चेतन जैन, राजीव गोयल, विपिन कुमार, प्रशांत कुमार, प्रीति यादव, सुशील मोहन, राघवेंद्र लिंकन, सर्वेश यादव, डॉ सर्वेश चतुर्वेदी, डॉ अजय शर्मा मौजूद रहे। राजकीय शिक्षकों के अध्यक्ष वीके पाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

शिक्षक की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते आक्रोशित शिक्षक। अमृत विचार

शिक्षकों की ये हैं प्रमुख मांगें

इटावा। शिक्षक नेताओं ने बताया कि मुजफ्फरनगर की घटना से शिक्षक समुदाय व्यथित व आक्रोशित है। शिक्षक समाज मांग करता है कि मृत शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार के परिवार को पांच करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। मृतक आश्रित को क्लास टू की सरकारी नौकरी एवं परिवारिक पेंशन तत्काल दी जाए। मृत शिक्षक के बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठाये। हत्यारोपी आरक्षी को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराकर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

शिक्षक की हत्या पर भड़के शिक्षक

महेवा, इटावा। मुजफ्फरनगर में यूपी बोर्ड की कॉपियां लेकर आए शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की हत्या से महेवा ब्लॉक के अध्यापकों में आक्रोश व्याप्त है। इस पूरे मामले पर माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट इटावा के जिला प्रवक्ता शिव शंकर यादव ने शिक्षक धर्मेंद्र कुमार के परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने व परिवार के एक सदस्य को योग्यतानुसार नौकरी और सारी सरकारी सुविधाएं देने की मांग की है। शिक्षकों कि सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी की गई है।

परिषदीय स्कूलों की परीक्षाएं आज से

इटावा। बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में आधी अधूरी व्यवस्थाओं के बीच 20 मार्च से वार्षिक परीक्षाएं कराई जाएंगी। होली की छुट्टी को निकाल कर 27 मार्च तक परीक्षाओं को पूरा करा लिया जाएगा। कक्षा 1 से कक्षा 8 तक की यह परीक्षाएं दो पालियों में कराई जाएगी। लेकिन स्थिति यह है कि पिछले 1 महीने से इन विद्यालयों में कक्षाएं नहीं लगी है।

बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षाओं में लगाई गई थी। बोर्ड परीक्षा कराने में जुटे शिक्षक अपने विद्यालय में पढाने के लिए कैसे जाते। इसके साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम भी लगातार जारी है। शिक्षक बीआरसी व डॉयट में जाकर प्रशिक्षण ले रहे हैं इसका भी असर पढ़ाई पर पड़ा है। सर्दियों में अवकाश रहा और एक महीने बोर्ड परीक्षा व प्रशिक्षण के कारण कक्षाएं नहीं लग सकी। अब इसी अव्यवस्था के बीच में वार्षिक परीक्षाएं कराई जाने की तैयारी चल रही है।

सार-संक्षेप

योग की महत्ता बताते योग गुरु अभिषेक भदौरिया। अमृत विचार

छात्र-छात्राओं को बताया योग का महत्व

इटावा। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ योग गुरु अभिषेक सिंह ने इंजीनियरिंग और कृषि विभाग के छात्र छात्राओं को योग सिखाया। योग की महत्ता बताते हुए नियमित योग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि योग हमें शरीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। योग गुरु अभिषेक ने बच्चों को स्वास्थ और पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। साथ ही नव मतदाता को मतदान के लिए भी कहा कि सभी लोग अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर अधिष्ठता डॉ एनके शर्मा, डा देवेंद्र सिंह, डॉ अखिलेश कुमार सिंह, डा आशीष कुमार, इंजीनियर पंकज कुमार, मन सिंह, आदि उपस्थित रहे। डॉ अखिलेश सिंह ने योग गुरु को धन्यवाद दिया।

वाहन की चेकिंग करते एसएसपी संजय कुमार। अमृत विचार

मोडीफाई साइलेंसर बुलेट को किया सीज

भरथना,इटावा। जिलाधिकारी अवनीश रॉय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने मंगलवार को भारी पुलिस बल और आईटीबीपी कंपनी के साथ पैदल मार्च किया। पैदल मार्च के दौरान राह चलते लोगों से और दुकानदारों से नगर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संवाद किया। पैदल मार्च के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर छोटे बड़े वाहनों की तलाशी ली। इस बीच सड़क पर तेज आवाज कर फर्राटा भरने वाली मोडीफाई एक बुलेट मोटर साइकिल को देख डीएम-एसएसपी ने मौजूद अधिकारियों को मौके पर ही बुलेट को सीज करने के निर्देश दिए। जिस पर कस्बा पुलिस चौकी प्रभारी हाकिम सिंह ने प्रतिबंधित ध्वनि प्रदूषण आदि की विभिन्न धाराओं में मोटर साइकिल को सीज कर दिया। इस मौके पर भरथना थाना प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह,क्राइम इंस्पेक्टर नरेंद्र मिश्रा के अलावा थाना क्षेत्र के सभी उपनिरीक्षक पुलिस जवान मौजूद रहे।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बसरेहर, इटावा। चौबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत करीं बीना रोड पर ग्राम मुकुंदपुर के समीप ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक अजब सिंह पुत्र श्रीराम उम्र करीब 35 वर्ष निवासी कलेपुरा थाना चौबिया का रहने वाला था। बीती शाम को अपने गांव कलेपुरा से राशन लेने के लिए मुकुंदपुरा जा रहा था। युवक मुकुंदपुरा गांव के समीप पहुंचा ही था कि बीना की तरफ से तेज रफ्तार आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही करीं चौकी प्रभारी दर्शन सिंह मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी नहीं होने पर ग्रामीणों ने इटावा बरेली हाईवे पर शव को रखकर हाईवे जाम कर विरोध किया। जाम खुलवाने के लिए पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के काफी समझाने पर ग्रामीणों ने जाम खुलवाया।

अजब सिंह।

बेटे के साथ ट्रेन से कटने पहुंची गर्भवती, लोगों ने बचाया

भरथना,इटावा। भरथना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कंधेसी पचार के पास रेलवे ट्रैक पर अबोध बेटे के साथ एक गर्भवती महिला ट्रेन के सामने आत्महत्या करने पहुंची। सामने से ट्रेन को आता देख बेटे को गोद में लेकर जैसे ही गर्भवती महिला रेलवे ट्रैक पर पहुंची। वहां से गुजर रहे कुछ ग्रामीण रवि शुक्ला, पंकज दिवाकर, शेखर शुक्ला,संजीव शर्मा,रुखसार आदि ने महिला को देख लिया। ग्रामीणों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर दौड़ लगाकर महिला और उसके बेटे को सुरक्षित बचा लिया। ग्रामीणों ने महिला से नाम पता सहित आत्महत्या करने का कारण पूछा जिसपर महिला ने बताया कि वह आत्महत्या करना चाह रही थी।

सिपाहियों ने बचाई तालाब में कूदी युवती की जान

इटावा। कोतवाली के अंतर्गत पक्का तालाब में एक युवती ने दौड़ते हुए छलांग लगा दी। पीआरवी 1621 में तैनात सिपाही वहां गश्त कर रहे थे। उन्होंने देखा कि युवती दौड़ती हुई तालाब में कूद गयी है। पुलिस कर्मियों ने अपनी जान की परवाह न करते हुये युवती को तालाब से बाहर निकाला। पीआरवी में तैनात महिला आरक्षी ने काफी प्रयास कर युवती के पेट में भरे पानी को बाहर निकाला। पुलिस कर्मियों ने युवती को सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया। परिजनों ने पीआरवी पर तैनात कर्मियों हेका सुमित राय, चालक राजेश बाबू एवं का पिंकी देवी की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया।

पीएम सूर्य घर योजना में 600 लोगों ने कराया पंजीकरण

महेवा, इटावा। विकासखंड क्षेत्र के कस्बा एवं ग्रामीण अंचलों में पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने के लिए डाकघर में पंजीकरण किए जा रहे हैं। अब तक महेवा के उप डाक घर पर करीब 600 लोग पंजीकरण करवा चुके हैं। इस योजना के तहत बिजली की खपत कम करने के लिए सोलर पैनल लगाने में लाभार्थी को अनुदान दिया जाएगा। बिजली की खपत कम करने व सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार की तरफ से पीएम सूर्य घर योजना चल रही है। पोस्टमास्टर राम बहादुर ने बताया कि इसके लिए नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय की तरफ से डाकघर में पंजीकरण शुरू किए गए हैं। इसमें पंजीकरण कराने के लिए आवेदकों को बिजली का बिल आधार व मोबाइल नंबर देना होता है। इसके साथ ही पंजीकरण करने वाले आवेदकों को अपनी पूरी जानकारी देनी होती है। जो मोबाइल नंबर पंजीकरण फार्म में दर्ज होगा। उस पर ओटीपी आएगा ओटीपी आपको डाकघर कर्मी को देना होगा इसके बाद आपका पंजीकरण हो जाएगा। इस योजना के तहत घरों में अनुदान पर छत पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे और उनको 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी पीएम सूर्य घर योजना के लिए पंजीकरण सभी डाक घरों में हो रहे हैं।

भागवत कथा व्यास के निधन पर जताया शोक

इटावा। श्री स्वामी नारदानंद आश्रम नैमिषारण्य के विख्यात वयोवृद्ध भागवत कथा व्यास पं. राधाकृष्ण शास्त्री विमलेशजी का सौ वर्ष की आयु में गोलोकवास होने पर श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में शोकसभा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जैसे ही उनके दिवंगत होने की सूचना मिली, श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय संस्थान प्रबंधन से जुड़े डॉ. विद्याकांत तिवारी, राजेंद्र दीक्षित एडवोकेट, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, रनवीर सिंह, हरिदत्त दीक्षित, केके त्रिपाठी, घनश्याम तिवारी, महेश कुमार बाथम, हरि प्रकाश शुक्ला, आचार्य महेश तिवारी, राजेश वाजपेई, अवधेश पचौरी, सुधीर मिश्र ने उनका भावपूर्ण समरण करते हुए उन्हें अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

चंद्रशेखर राठौर अध्यक्ष और सुशांत बने सचिव

भरथना,इटावा। भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा भरथना के निर्वाचन में चंद्रशेखर सिंह राठौर को अध्यक्ष, सुशांत उपाध्याय को सचिव, अशोक पोरवाल को कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया। चुनाव अधिकारी विकास नारायण सक्सेना व क्षेत्रीय सचिव विवेक कुलश्रेष्ठ की उपस्थिति में वर्ष 2024-25 के लिए हुए भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा भरथना का चुनाव कराया गया। नवीन कार्यकारिणी आगामी 1 अप्रैल से कार्यभार ग्रहण करेगी। इस मौके पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण व पट्टिका पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान अवधेश चौधरी,आनन्द प्रकाश कौशल,डा आरएन दुबे, रामप्रकाश पाल,देवेन्द्र पोरवाल,नीलू पाण्डेय आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

दिखने लगा होली का रंग, सज गईं दुकानें

बाजारों में उमड़ रही भारी भीड़, दिख रही रौनक, जबरदस्त खरीदारी से दुकानदारों के खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। होली के त्योहार के कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। बाजारों में रंग, पिचकारी व अन्य वस्तुओं की दुकानें सजने लगी हैं। खासकर बच्चों में रंगों के पर्व को लेकर काफी उत्साह है। पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा की तैयारियां कर ली हैं।

दुकानदारों ने होली पर्व के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। बाजारों में रंग, गुलाल, स्प्रे, के अलावा चावल, मैदा व साबूदाना से बनाई गईं कई प्रकार की साम्रगियां ओर पापड़ आदि उपलब्ध हैं। इसके अलावा नमकीन विक्रेताओं ने त्योहार को देखते हुए कई प्रकार की दालमोठ, मठरी आदि तैयार कर ली हैं। रेडीमेड दुकानदारों ने भी युवाओं को आकर्षित करने के लिए कई प्रकार की फैंसी ड्रेसें नई डिजाइनों में मंगाई हैं।

रंग व पिचकारी बेचने वाले दुकानदार ने बताया कि पिछले वर्ष मुखौटा व पगड़ी की अधिक बिक्री हुई थी इसलिए इस बार ये आइटम अधिक मंगाए गये हैं। मुखौटा की कीमत 10 रुपये से लेकर 250 रुपये तक है। जबकि पगड़ी 50 से 100 रुपये कीमत तक की बेची जा रही हैं। बाजार में दुकानों पर ब्रांडेड कंपनियों के रंग व गुलाल की मांग अधिक है।

पिचकारी खरीदते लोग। अमृत विचार

रंग, अबीर- गुलाल की हो रही खरीदारी। अमृत विचार

बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

संवाददाता, अछल्दा। 24 व 25 मार्च को होली का त्योहार है। इसे लेकर बाजार सजकर तैयार है। त्योहार के चलते बाजार में होली के रंग बिखरने लगे हैं। बाजारों में लोगों भीड़ दिखने लगी है और खरीदारी को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। दुकानों पर एक से बढ़कर एक नए-नए उत्पाद उपलब्ध हैं। वहीं, बच्चों के लिए सुंदर-सुंदर पिचकारियों की डिमांड भी कुछ कम नहीं है। रंगों का पर्व होली एक सप्ताह बाद है। जिसे लेकर तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। घरों में विशेष तैयारियां चलने लगी हैं तो बाजार में होली का रंग चढ़ने लगा है। इस बार बाजार में विभिन्न प्रकार के आइटम उपलब्ध हैं। नए तरह की पिचकारी, पटाखे की तरह चलने वाला गुलाल इस बार लोगों को खूब आकर्षित कर रहा है। रंग और पिचकारी बनाने वाली कंपनियों ने इस बार बाजार में नई नई तरह की पिचकारियां उतारी हैं। पानी में घुलने वाले रंगों के साथ रंगबिरंगे फॉग स्प्रे, विभिन्न प्रकार के गुलाल भी लोगों को उत्साहित कर रहे हैं। पर्व को लेकर कस्बे का बाजार सज गया है। होली पर्व से पहले ठीक ठाक खरीदारी होने से दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं। केसरिया रंग की टोपी और पगड़ी लोगों को खूब भा रही है।

बाजार में बिक रहे रेडीमेड व्यंजन

औरैया। आजकल व्यस्तता के चलते तमाम ग्रहणियां त्योहार पर घर में होली के व्यंजन नही बना पातीं हैं। कुछ दुकानदार त्योहार के लिए घर में बनाए जाने वाले व्यंजन जैसे खोये की गुझियां, बेसन के मीठे सेव के लड्डू, सोंठ की गुझियां, बेसन व आलू के पापड़ आदि तैयार रखते हैं।

भूमि विवाद में गोली लगने से जख्मी महिला की हुई मौत

फालोअप

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पढीन दरवाजा में सोमवार की देर शाम बाइक सवार चार लोगों ने घर में घुसकर दो महिलाओं को ताबड़तोड़ गोलियों मारकर घायल कर दिया था। गोली लगने के बाद लोगों ने दोनों महिलाओं को जिला संयुक्त अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने दोनों को कानपुर रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह रूबी की मौत हो गई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पढीन दरवाजा निवासी पुष्पा ने बताया कि उसके दामाद विष्णु की पिछले दिनों मौत हो गई थी। उनकी बेटी पूजा उर्फ लक्ष्मी 25 वर्ष पत्नी विष्णु तिवारी निवासी कबीरपुर व उसकी मौसी की पुत्री रूबी 40 वर्ष घर में चारपाई पर बैठी थीं। तभी अशोक, राजू, कल्लू व झल्लू व अन्य बाइक से आए और ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। जिसमे पूजा उर्फ लक्ष्मी को दो गोली लगी। जबकी रूबी को पेट में एक गोली लगी। परिजन दोनों घायलों को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां से डॉक्टर ने दोनों को कानपुर रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान रूबी की मौत हो गई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पढीन दरवाजा निवासी रामबाबू पुत्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार की देर शाम वह अपनी बड़ी बहन लक्ष्मी उर्फ राजा मौसेरी बहन रूबी के घर पर बैठे हुए थे। तभी देर रात दो बाइकों से बहन लक्ष्मी के जेठ कबीरपुर निवासी राजू अपने भाई पुत्र कल्लू, झल्लू के अलावा भाई अशोक के साथ आए और जान से मारने की नियत से गोली चला दी। जिससे बहन लक्ष्मी व रूबी घायल हो गईं। पीड़ित ने बताया कि इस पर वह दोनों घायलों को परिवारीजनों की मदद से 50 शैया युक्त जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टर ने दोनों को कानपुर रेफर कर दिया। जबकि लक्ष्मी की छाती में छर्रे लगने की बात चर्चा में आयी है। देर रात पेट में गोली लगने से कानपुर हैलट में इलाज के दौरान रूबी ने दम तोड़ दिया।

इस प्रकरण में सीओ महेंद्र प्रताप ने बताया कि गोलीकांड की घटना जमीनी विवाद को लेकर हुई है।

अस्पताल में इलाज करवाते परिजन। अमृत विचार

बढ़ते तापमान से सूख रहीं गेहूं की बालियां

कार्यालय संवाददाता,औरैया

अमृत विचार। एक सप्ताह से अच्छी धूप से तापमान में वृद्धि हो रही है। यह गेहूं की फसल के लिए नुकसानदेह है। इससे समय से पहले बालियां सूखने लगेंगी और दाने पतले हो जाएंगे।

जिले में करीब एक लाख तीन हजार हेक्टेयर में गेहूं की बुआई हुई है। गेहूं में बालियां आ गई हैं। अब उसमें दाने बनने के साथ ही विकसित हो रहे हैं। ऐसे में गेहूं के लिये फसल को दिन में 26 से 28 डिग्री सेल्सियस का तापमान ठीक माना जाता है। लेकिन इधर एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है। इस समय दिन का तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। जिसके कारण गेहूं की बालियों में समय से पहले पीलापन आता दिख रहा है।

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनंत कुमार ने बताया कि लगातार बढ़ता तापमान खास कर गेहूं के फसल के लिए ठीक नहीं है। अधिक धूप से दाने पूरी तरह विकसित नहीं हो पाएंगे। ऐसे में किसान गेहूं की हल्की सिंचाई कर खेत में नमी बनाए रखें।

पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

औरैया। विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन पर्यावरण संरक्षण के संकल्प तथा पौधरोपण के साथ किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना और उसके स्वयंसेवक सामाजिक दायित्व को निभाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यश कुमार ने संबोधित करते हुए कार्यक्रम की समीक्षा प्रस्तुत की और स्वयंसेवकों के साथ आगे भी समाज सेवा का कार्य करते रहने की शपथ ली। समापन समारोह में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक साथी डॉ रीना आर्य, डॉ इफ्तिखार हसन, डॉ शशीभूषण सिंह, श्री नंदन पांडेय, डॉ योगेश मिश्रा, डॉ राकेश तिवारी, डॉ संदीप ओमर, डॉ गजेंद्र यादव, डॉ महेंद्र तिवारी, मृदुल पांडेय आदि रहे।

शिक्षकों ने नहीं किया मूल्यांकन कार्य

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने मंगलवार को प्रदर्शन कर मूल्यांकन का बहिष्कार कर दिया। शिक्षक की हत्या के विरोध में पूरे जिले में मूल्यांकन का बहिष्कार किया गया।

वाराणसी से यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिका को लेकर आए एसडी इंटर कॉलेज के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की आरक्षी सिपाही ने मामूली सी कहा सुनी पर गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से पूरे प्रदेश में सनसनी फैल गई। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद औरैया के जिलाध्यक्ष ने मूल्यांकन केंद्र पर जाकर कड़ी निन्दा की और इस जघन्य हत्याकांड में सम्मिलित पुलिस कर्मी पर कठोरतम कार्यवाही की मांग की। प्रदेशीय संरक्षक प्रेम नारायण दुबे ने आरोपित पुलिस कर्मियों पर यदि कार्यवाही नहीं हुई तो गंभीर परिणाम की चेतावनी दी है। जिले के तीनों मूल्यांकन केंद्रों पर मंगलवार को शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार कर दिया। प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष कृष्ण मोहन उपाध्याय ने कार्यवाही न होने तक जिले में मूल्यांकन बंद रखने की बता कही। बिधूना के पब्लिक इंटर कॉलेज में शिक्षकों ने हंगामी बैठक की और शिक्षक के परिवार को एक करोड़ मुआवजा और परिवार के दो लोगों को नौकरी दिए जाने की मांग की। दिबियापुर के वैदिक इंटर कॉलेज और औरैया के नगर पालिका इंटर कॉलेज में भी शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया है।

- सिपाही द्वारा शिक्षक की हत्या किये जाने का मामला

नगर पालिका इंटर कॉलेज में विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक।

एससी, एसटी एक्ट में सुधार को सौंपा गया 67 वां ज्ञापन

संवाददाता, ककोर, औरैया

अमृत विचार। एससी एसटी एक्ट का दुरुपयोग रोके जाने की मांग को लेकर दिए जाने वाले ज्ञापन के क्रम में जन जागरण समिति द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित 67 वां ज्ञापन जिला मुख्यालय ककोर पर अतिरिक्त एसडीएम अमित तिवारी को सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से एससी एसटी एक्ट का दुरुपयोग रोके जाने एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत लिखाए गए फर्जी मुकदमों की जांच कराए जाने तथा फर्जी मुकदमा लिखा कर प्राप्त की गई सरकारी धनराशि की वसूली कराए जाने की मांग की गई है। समिति के प्रदेश संयोजक महेश पांडेय ने बताया कि जब तक एससी एसटी एक्ट में संशोधन नहीं हो जाता। तब तक हर महीने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया जाता रहेगा।

अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

महंगी सब्जियों से लग रहा झटका

संवाददाता, फफूंद, औरैया

अमृत विचार। त्योहारी सीजन में गृहणियों के रसोईघर का बजट गड़बड़ा गया है। सब्जियों के दामों में तेजी से उछाल आई है। एक तो सब्जियों का राजा आलू भाव खा रहा है तो टमाटर भी लाल हुआ जा रहा है। मटर के दामों में भी दोगुनी उछाल आई है। रसोईघर का बजट सब्जियों के दामों में उछाल के कारण गड़बड़ा गया है। इस वजह से गृहणियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

फरवरी से मार्च में सब्जियों के दामों में दोगुनी कीमत होने से गृहणियां परेशान हैं। यदि आलू का भाव देखा जाए तो 10 रुपये में बिकने वाला आलू अब 20 रुपये है। वहीं टमाटर 20 रुपये प्रति किलो से 40 रुपये प्रति किलो पहुंच गया है। मटर के भाव 20 से 50 रुपये प्रति किलो पहुंच गए है।

दुकान में रखीं सब्जी। अमृत विचार

बोलीं महिलाएं

- सरिता वर्मा ने बताया कि टमाटर, मटर, लहसुन, प्याज, शिमला मिर्च: आदि का मूल्य दोगुना हुआ है। पिछले महीने में रेट कम थे लेकिन न जाने क्यों अब दोगुने हो गए हैं। जिससे बजट गड़बड़ हो रहा है।
- पार्वती राजपूत ने बताया का बजट सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी से गड़बड़ा गया है। हरी सब्जियां के दाम भी बढ़े हैं। मंडी से ठेले में बिकने वाली सब्जियों के दाम और बढ़ जाते हैं।
- राजिया बेगम ने बताया कि टमाटर, प्याज, लहुसन के दामों में बेहद बढ़ोतरी हुई है। इन बीजों को सब्जी में शामिल करने पर स्वाद बढ़ा देती है। लहुसन के दाम तो आसमान छू रहे हैं।

इंटरनेट मीडिया पर बढ़ी सख्ती

औरैया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में आदर्श आचार संहिता का आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप पालन सुनिश्चित कराए जाने के लिए विभिन्न गतिविधियों पर नजर रखने के लिए टीम गठित कर दी गई हैं। जिनके द्वारा विभिन्न गतिविधियों पर 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

उन्होंने व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर और टेलीग्राम का संचालन करने वाले ग्रुप एडमिन से अपेक्षा की है कि किसी भी स्थिति में इंटरनेट मीडिया पर कोई ऐसा पोस्ट न किया जाए जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर संबंधित ग्रुप एडमिन के विरुद्ध आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही की जाएगी।

12 जोनल व 115 सेक्टर मजिस्ट्रेट हुए तैनात

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण कराया गया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल शांतिपूर्ण व निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु 12 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 115 सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का कार्य, व्यवहार एवं आचरण पारदर्शी होना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि मतदेय स्थल के आसपास स्थानीय फोन व कुछ स्थानीय व्यक्तियों के मोबाइल नम्बर भी नोट कर लें। उस फोन धारक से सम्पर्क स्थापित कर लें, जिससे आवश्यकता पड़ने पर आपके क्षेत्र से तत्काल सम्पर्क किया जा सके। अपने क्षेत्र के तहसील, ब्लाक, थाना, पुलिस चौकी आदि स्थान देखें व संबंधित फोन संख्या नोट कर, वांछित सूचना प्राप्त कर लें। वल्नरेविल्टी मैपिंग में ऐसे क्षेत्रों तथा सेक्टर के शेष क्षेत्रों का भी सघन भ्रमण करें। साथ ही स्थानीय मतदाताओं से पूछताछ कर यह जानकारी हासिल करें कि आपके सेक्टर के अन्तर्गत किन क्षेत्रों (टोलों/मजरों) में किसी जाति अथवा वर्ग विशेष या निर्बल वर्ग के मतदाताओं को कतिपय व्यक्तियों द्वारा डरा धमका कर मतदान से रोकने का प्रयास किया जा सकता है। कार्यों में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रशिक्षण प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल शांतिपूर्ण व निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु 12 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 115 सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त 15 जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को संपन्न कराने हेतु रिजर्व में रखा गया है।

प्रशिक्षण के दौरान 2 जोनल मजिस्ट्रेट और तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट अनुपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह।

बीडीओ ठीक कराएं खराब हैंडपंप

अमरौधा ब्लाक के सलेमपुर गांव समेत जनपद के कई गांवों में हैंडपंप खराब पड़े हैं। इसे देखते हुए सीडीओ ने सभी विकासखंडों के बीडीओ को पत्र जारी कर पानी नहीं देने वाले हैंडपंप चिह्नित करते हुए मरम्मत व रिबोर कराने के निर्देश दिए हैं। सीडीओ ने बताया कि जिला पंचायत राज अधिकारी व सभी एडीओ पंचायत को भी को खराब हैंडपंपों की मरम्मत में बीडीओ का सहयोग करने को कहा गया है।

खेल के मैदान से | ब्लॉक स्तरीय महिला दौड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, ग्राम प्रधान संजू ने किया उद्घाटन

दौड़ में वैष्णवी प्रथम, नेहा द्वितीय व प्रतीक्षा रहीं तृतीय

संवाददाता, ककोर, औरैया

अमृत विचार। जनपद के विकासखंड सहार के लक्का गुलरिया में महिला खेलकूद प्रतियोगिता में महिला दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवा अधिकारी अनवर वारसी के निर्देशानुसार महिला दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें वैष्णवी ने पहला स्थान पाकर बाजी मारी। वहीं, नेहा दूसरे व प्रतीक्षा तीसरे स्थान पर रहीं। ग्राम प्रधान संजू ने झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में नई ऊर्जा पैदा होती है। योगाचार्य अनिल राजपूत ने कहा युवा उत्थान के लिए नेहरू युवा केंद्र युवक युवतियों की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी धीरेंद्र पांडे, राज किशोर, पंकज सिंह, अलका राजपूत, स्नेह लता, शिवम कुमार, रणवीर सिं, जय सिंह भानु प्रताप प्रिया शालिनी मधु रेखा अनामिका सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रतिभागी।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

खो-खो में औरैया का रहा शानदार प्रदर्शन

अजीतमल, औरैया। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत खो-खो टीम के कोच भानु दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में औरैया की टीम के कप्तान दीपांशु, उप कप्तान टिंकू, अरबाज, अमनदीप, रोहन, लोकेश, अमित, बिट्टू, गौरव कार्तिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लीग मैच के लगातार दोनों मैचों में सोनभद्र और मैनपुरी को बड़े अंतर से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आज से अयोध्या में आयोजित स्टेट चौंपियन शिप में औरैया की टीम ने प्रथम मैच में सुल्तानपुर को एक इनिंग और 3 प्वाइंट और दूसरे मैच में मैनपुरी को 12 - 18 के 6 अंक के अंतर से पराजित किया। यह जानकारी टीम के भानु दुबे एवं मैनेजर अंशु राजपूत ने दी। कल का लीग मैच सोनभद्र की टीम से सुबह खेला जाएगा।

आचार संहिता के बाद प्रशासन हुआ अलर्ट

औरैया। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया कि जनपद में संपन्न होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में 41- इटावा एवं 42- कन्नौज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में चौथे चरण में मतदान कराए जाने हेतु कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा निम्नानुसार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसके तहत निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक 18 अप्रैल (दिन गुरुवार) नाम निर्देशन हेतु अंतिम 25 अप्रैल, नाम निर्देशन की स्क्रूटनी 26 अप्रैल, नाम वापसी के लिए अंतिम 29 अप्रैल, मतदान का 13 मई, मतगणना 4 जून तथा वह 6 जून इसके पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जाएगा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु जनपद में आदर्श आचार संहिता दिनांक 16 मार्च से प्रभावी हो चुकी है।

सार-संक्षेप

बैंक के बाहर मौजूद पुलिसकर्मी।

बैंक शाखाओं की हुई चेकिंग

औरैया। एसपी के निर्देश पर मंलगवार को जिले के सभी थानाध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्र में बैंक शाखा व एटीएम की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान कैमरा, अलार्म, बैंक गार्ड व बैंक के अंदर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

आज 12 घंटे नहीं आयेगी बिजली

अछल्दा। बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी ऋषभ सिंह ने बताया कि आज उपकेंद्र हरचंदपुर से 33/11केवी फीडर हरचंदपुर रामगढ़ अभिभारित होने के कारण दूसरा नया फीडर निर्माण होने के कारण दिनांक 20 मार्च सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक करीब 12 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

तीन वारंटी गिरफ्तार

औरैया। दिबियापुर थाना में तैनात उप निरीक्षक ने चेकिंग के दौरान वारंटी आरोपी वीरू, राधेश्याम, गोविन्द सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

एक नजर

सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव, कार्यकारिणी सदस्य नामित

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को दूधनाथ पटेल (प्रयागराज) और आशीष कुमार मौर्य (कौशाम्बी) को सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव जबकि गोविन्द त्रिपाठी (कानपुर ग्रामीण), सुधाकर त्रिपाठी (औरैया) और रंगीलाल यादव (प्रयागराज) को सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है। वहीं, पुष्पेन्द्र सिंह यादव निवासी उन्नाव, रिंकू यादव निवासी गोमती नगर लखनऊ, मोहसिन रज़ा निवासी बरेली और अनिल यादव निवासी जौनपुर को समाजवादी युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

1.16 अरब भुगतान, किसानों की संख्या का पता नहीं

कृषि निदेशालय ने खरीफ फसलों के क्षतिपूर्ति की मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सख्ती के बाद भी कंपनियों की मनमानी जारी है। इस वजह से योजना में पारदर्शिता नहीं आ रही है।

कंपनियों ने अधिकांश जिलों में बीमित खरीफ (2023-24) फसल धान, तिल, मक्का, बाजरा, उड़द, ज्वार आदि का 1.16 अरब रुपये किसानों को भुगतान किया है। यह क्षतिपूर्ति क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान आकलन कर दी गई है। लेकिन, क्षतिपूर्ति कितने किसानों को मिली उनकी संख्या

▸▸ कंपनियों ने किसान व सरकार से लिया था 600.95 करोड़ प्रीमियम

योजना के संबंधित कृषि विभाग को नहीं दी है। इससे विभाग के लिए यह बताना मुश्किल है कि कितने जिलों में कितने किसानों को कितना भुगतान हुआ।

हवाला यह भी कंपनियों द्वारा दिया गया कि दूसरे चरण में और भुगतान करेंगे। हालांकि कृषि निदेशालय ने कंपनियों से नुकसान, क्लेम और पहले व बाद में किए जाने भुगतान की विधिवत रिपोर्ट मांगी है। उप निदेशक उमाशंकर सिंह ने बताया कि एक सप्ताह पहले भुगतान किया गया है। इसकी कंपनियों से रिपोर्ट मांगी है।

रबी की कटाई में खरीफ का क्लेम : खरीफ 2023-24 की फसलें अप्रैल से जुलाई तब बीमित की गईं थीं और कटाई नवंबर से दिसंबर तक हुई थी। कटाई के दौरान क्षतिपूर्ति का आकलन किया गया था। जिसका भुगतान इस रबी फसल की कटाई के दौरान किया गया है। भुगतान में भी देरी हुई।

खरीफ फसल 2023-24 में बीमा की स्थिति

किसान	23.54 लाख
बीमित क्षेत्रफल	16.09 लाख हेक्टेयर
बीमित राशि	9056.64 करोड़
कृषक प्रीमियम	181.13 करोड़
राज्य अनुदान	209.91 करोड़
केंद्र अनुदान	209.91 करोड़
कुल प्रीमियम	600.95 करोड़

मंगलवार को पार्टी मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का माला पहनाकर स्वागत करते समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

सरकार न नीति बनाएगी न करेगी नया कार्य

आचार संहिता : केंद्र व राज्य की सरकारों को खास गाइड लाइन पर कार्य करने का निर्देश

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों का पालन कराने के लिए खास गाइड लाइन भेजी है। इस दौरान सरकार को नीति बनाने और नियुक्ति-प्रतिनियुक्ति, नए कार्य और घोषणाओं के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने वाले सभी कार्यों से 4 जून तक रोका गया है। यदि चुनावी आचार संहिता के दौरान किसी तरह की नीति संबंधी एलान जरूरी है, तो राज्य या केंद्र सरकार को चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होगी।

लोकसभा की चुनावी आचार संहिता 16 मार्च से लागू हो गई है। यह 4 जून तक प्रभावी रहेगी। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून के बीच 7 चरणों में होना है। आचार संहिता लागू होने के बाद अब देशभर से शासनिक-प्रशासनिक अधिकारी की सत्तादल के लिए पक्षपात करने समेत मंत्रियों को लेकर मतदाता को प्रभावित करने की आशंकाओं की तमाम शिकायतें शुरू हो गई है। निर्वाचन आयोग की ओर से इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री के सचिव का काम देखते हुए गृह विभाग का मुखिया बने छह राज्यों के आईएएस

▸▸ चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों का पालन कराता है चुनाव आयोग

अफसरों से गृह विभाग वापस लेकर संदेश भी दिया गया है। यही नहीं पं बंगाल के डीजीपी को बदलने के बाद भी पैनल में शामिल जिस अधिकारी की नियुक्ति हुई, उसके खिलाफ राज्य सरकार के लिए मतदान प्रभावित करने की शिकायतों पर फिर बदलाव करना पड़ा।

दरअसल, चुनावी आचार संहिता मौजूदा सरकारी गतिविधियों पर किसी तरह की रोक नहीं लगाती है, लेकिन किसी तरह के नए एलान या नई नीति के लिए नई सरकार के गठन तक इंतजार करना पड़ेगा। भले ही किसी विशिष्ट योजना के लिए बजट प्रावधान आवंटित किया गया हो या उसे पहले ही मंजूरी दे दी गई हो, चुनाव अवधि के दौरान घोषणा या उद्घाटन निषिद्ध है। आपातकालीन या अप्रत्याशित आपदाओं से निपटने के लिए, जैसे कि सूखा, बाढ़, महामारी या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करना, साथ ही वृद्धों और अशक्तों के लिए कल्याणकारी उपायों को लागू करने को लेकर सरकार चुनाव से पूर्व अनुमोदन के साथ ही पहल कर सकती है। गेहूं और अन्य कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने के मामले में कोई भी निर्णय लेने से पहले चुनाव आयोग से परामर्श किया जाना जरूरी है। यह एहतियाती कदम यह सुनिश्चित करता है कि ऐसे महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय चुनावी विचारों से प्रभावित न हों। चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने के लिए चुनावों की घोषणा होने के बाद मंत्रियों और अन्य अधिकारियों को विवेकाधीन निधि से अनुदान या भुगतान को मंजूरी देने से प्रतिबंधित किया गया है। इसके अतिरिक्त किसी भी योजना के लिए सांसदों/विधायकों/एमएलसी स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत धन जारी करना चुनावी प्रक्रिया पूरी होने तक निलंबित है। इन उपायों का उद्देश्य चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों को बनाए रखना है।

सरकारों के लिए खास गाइडलाइंस

आयोग के नियमों के मुताबिक मंत्रियों और अन्य अथॉरिटी को किसी तरह के फाइनेंशियल ग्रांट की घोषणा करने या ऐसा कोई वादा करने की अनुमति नहीं होती है। मंत्री और अन्य अथॉरिटी विवेकाधीन फंड से किसी तरह के ग्रांट/भुगतान की मंजूरी नहीं देंगे। अधिकारियों को छोड़कर मंत्री या अन्य अथॉरिटी किसी भी तरह की परियोजना की आधारशिला नहीं रखेंगे। वे विकास से जुड़ी किसी भी परियोजना को शुरू नहीं कर सकते, मसलन सड़कों का निर्माण, पेय जल सुविधाओं आदि। सरकार या पब्लिक सेक्टर इकाइयों में तात्कालिक आधार पर किसी भी तरह की नियुक्ति की अनुमति नहीं होगी, इसके जरिये मतदाताओं को प्रभावित किया जा सकता है।

अब ऑनलाइन अनुरोध की सुविधा

पहले पिछले चुनावों में नियमों में ढील और आचार संहिता उल्लंघन के सभी मामले मैन्युअल तरीके से देखे जाते थे, जिसमें बहुत ज्यादा वक्त लगता था। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान इन अनुमतियों की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए विशेष पोर्टल बनाया गया। केंद्र या राज्य सरकार के मंत्रालय या विभाग सीधे तौर पर ऑनलाइन अनुरोध कर सकते हैं।

पदोन्नति और वेतनमान को लेकर भेदभाव का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस एवं मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस के पदोन्नति और वेतनमान बढ़ाने में भेदभाव के आरोप लग रहे हैं। इसे लेकर मांगी गई एक सूचना के मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय से प्रमुख सचिव गृह को पत्र लिखकर जवाब मांगा गया है।

विमल कुमार द्विवेदी (अधिवक्ता हाईकोर्ट) ने आरटीआई के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय से सूचना मांगी है। सूचना में 1998 में आरक्षी भर्ती, 2008 में मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस एवं मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस परीक्षा हुई थी। 2015 में सभी को एक साथ स्टार लगाया गया और सभी कार्मिक एक ही जनपद में नियुक्त भी रहे हैं। लेकिन विभागीय अधिकारियों ने दिसंबर 2016 में नागरिक पुलिस मुख्य आरक्षियों को उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति और 4200 का ग्रेड पे दे दिया। जबकि उसी जनपद में नियुक्त सशस्त्र पुलिस मुख्य आरक्षियों को न तो पदोन्नति दी गई और न ही ग्रेड पे। वकौल अधिक्ता विमल के मुताबिक 2015 में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली 2015 बनाई गई थी। जिसके अनुसार पुलिस एक्ट धारा-2 के अंतर्गत भर्ती सभी सदस्य नियमावली के सदस्य माने गए हैं। फिर भी पीएसी में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकरण में एक उच्च अधिकारी की भूमिका रही है।

बाजार में ग्राहकों से प्रत्याशियों के पक्ष में चर्चा करना न भूलें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में व्यापारी वर्ग अपनी दुकानदारी करते हुए भी बाजार में ग्राहकों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में चर्चा करना न भूलें। देश में लोकतंत्र, संविधान और आजादी को बचाना है।

अखिलेश यादव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी व्यापार सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में एकमत से बूथस्तर तक अपनी भूमिका तय करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 में संकल्प लिया गया कि पीडीए की विचारधारा पर आधारित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाने में व्यापारी कसर नहीं छोड़ेंगे।

बैठक में अखिलेश यादव ने

▸▸ अखिलेश यादव ने समाजवादी व्यापार सभा की बैठक को किया संबोधित

▸▸ सपा प्रमुख ने समाजवादी व्यापार सभा की विवरण पुस्तिका का किया विमोचन

दानदाता भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। बैठक की अध्यक्षता व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने की और कार्यक्रम का संचालन अभिमन्यु गुप्ता ने किया। इस दौरान सपा प्रमुख ने समाजवादी व्यापार सभा के मुख्य प्रस्ताव और सपा सरकार में हुए महत्वपूर्ण कार्यों की विवरण पुस्तिका का विमोचन किया तथा सदस्यता प्रमाण पत्र दिए।

बैठक में मुख्यरूप से अजय सूद, वोट सिंह यादव, विजय जायसवाल, यासिर सिद्दीकी, हरदीप सिंह राखड़ा, अजय चौरसिया, रामेश्वर दयाल गुप्त आदि की मौजूदगी रही।

मैनपुरी के अफसरों पर चुनाव आयोग कर सकता है कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी की शिकायत पर मैनपुरी में तैनात पुलिस व प्रशासन के अफसरों पर कार्रवाई होने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सपा की ओर से दिए गए शिकायती पत्र को भारत निर्वाचन आयोग को भेज दिया है। सपा ने बीते दिन अपने शिकायती पत्र में राज्य सरकार पर मैनपुरी में चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया था। साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव की दृष्टि से मैनपुरी से जिलाधिकारी अविनाश कृष्णा, अपर जिलाधिकारी रामजी मिश्रा, उप जिलाधिकारी संध्या शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी करहल संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक करहल ललित भाटी व एसएसआई थाना किशनी मैनपुरी अंकित कुमार को तत्काल जिले से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार, निर्वाचन आयोग की ओर से इस प्रकरण में जल्द कार्रवाई हो सकती है। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों कहना है कि वर्ष 2022 में हुए लोकसभा के उप चुनाव में सपा नेता रामगोपाल यादव ने मैनपुरी के अफसरों के खिलाफ शिकायत की थी, इस पर आयोग ने संबंधित अफसरों को हटाने के निर्देश दिए थे।

विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना ही शिक्षक अतुल का लक्ष्य

बोर्ड परीक्षा की कॉपियां चेक करने में बहाने बनाने वाले शिक्षकों के लिए नजीर हैं बीकेटी इंटर कॉलेज के अतुल

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद कॉपियों का मूल्यांकन जारी है। निर्धारित समय में मूल्यांकन हो इसके लिए विभाग से लेकर निदेशालय स्तर के अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं। एक ओर जहां अधिकांश शिक्षक बीमारी का बहाना बनाकर मूल्यांकन कार्य से दूरी बना रहे हैं। वहीं बख्शी का तालाब एडेड इंटर कॉलेज के दिव्यांग शिक्षक अतुल मिश्रा मिसाल बनते दिख रहे।

गणित का अध्यापन करने वाले शिक्षक अतुल को कॉपियों का मूल्यांकन करते हुए देखकर जेडी मध्यामिक डॉ. प्रदीप कुमार भी हैरान रह गये। ऐसे में उनकी ओर से ये कहना ही पड़ा कि मिश्रा जी आप मूल्यांकन छोड़कर कुछ दिन

दिव्यांग शिक्षक की स्थिति को देखकर जेडी माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार अवकाश लेने की सलाह देते हुए। अमृत विचार

▸▸ जेडी ने शिक्षक से कहा, मिश्रा जी आप मूल्यांकन छोड़कर कुछ दिन अवकाश क्यों नहीं ले लेते

अवकाश क्यों नहीं ले लेते हैं? इस पर शिक्षक ने जवाब दिया कि सर ये मेरा कार्य है और बच्चों के हित में मूल्यांकन समय पर पूरा हो ऐसी मेरी कोशिश है। मेरे जीवन का उद्देश्य ही है विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना।

दरअसल, जेडी माध्यमिक डॉ प्रदीप कुमार की ओर से मूल्यांकन केन्द्रों का दौरा जारी है। मंगलवार को वह गोमती नगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि एक शिक्षक केन्द्र के बाहर कार में बैठकर कॉपियां जांच रहे हैं। बाहर कॉपी जांचने की बात पर केन्द्र के कर्मचारियों ने जेडी को बताया कि उक्त शिक्षक दिव्यांग हैं, वे क्लास में कॉपी नहीं जांच सकते। जेडी ने जब पास जाकर देखा तो शिक्षक अतुल की कर्तव्यपरायणता के कायल हो गए। बताया गया कि अतुल 'मस्कुलर डिस्ट्रॉफी' से पीड़ित हैं। वह मूल्यांकन ड्यूटी से कभी पीछे नहीं रहते हैं।

> उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के समय जब लोग तरह-तरह के बहाने बनाकर ड्यूटी कटवाने में लगे रहते हैं तो अपने दायित्व के प्रति इस तरह की प्रतिबद्धता गौरवान्वित और रोमांचित करती है। ऐसे शिक्षक माध्यमिक शिक्षा विभाग के गौरव हैं। मैं इनके जज्बे और अपने दायित्व के प्रति इनके समर्पण को सलाम करता हूं। इनके सुखद और समृद्धि भविष्य की कामना करता हूं।
>
> **-डॉ. प्रदीप कुमार, जेडी, माध्यमिक लखनऊ मंडल**

शिक्षक ने अवकाश लेने से किया इनकार

जेडी ने शिक्षक अतुल मिश्रा के बारे में बीकेटी इंटर कॉलेज से जानकारी कराई तो पता चला कि वह नियमित विद्यालय आकर बच्चों को पढ़ाते हैं। जल्दी अवकाश भी नहीं लेते हैं। जेडी शिक्षक के हौसले को देखकर दंग रह गए। जेडी ने दोबारा भी कहा आप कृपया मूल्यांकन से छुट्टी ले लीजिए, लेकिन शिक्षक ने अवकाश लेने से इनकार कर दिया।

वर्ग पहेली-15

बाएं से दाएं

1. एक वजनी धातु जो मटमैले रंग की होती है, (लेड)।
3. 1. (पुराण) दुर्गा का एक रूप
6. काशी की परिक्रमा जिसमें पांच पड़ाव हैं- कंदवा
7. 1. मकड़ी द्वारा बनाया गया जाला 2. जाल, जंजाल 3. किसी के द्वारा किया गया षड्यंत्र, साजिश, फ़रेब।
9. 1. पंथ, संप्रदाय 2. जमात, समुदाय 3. वर्ग 4. गुट, दल, गिरोह, जत्था 5. जाति।
10. 1. शनि नामक ग्रह, शनैश्चर 2. (ज्योतिष) एक देवता 3. शनिवार 4. जिसके आने से कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता हो।

ऊपर से नीचे

2. 1. (काव्यशास्त्र) आर्या छंद का तेइसवां भेद जिसमें पांच गुरु और अड़तालीस लघु मात्राएं होती हैं 2. मादा सारस पक्षी।
4. 1. चमकीला, जिसमें ख़ूब चमक-दमक हो, भड़कीला 2. अलंकृत, शब्दाडंबरपूर्ण।
5. 1. जो चलायमान या गतिशील हो, चपल, जिसमें स्थायित्व न हो 2. जो किसी एक स्थिति या एक स्थान पर न रहता हो, जो स्थिर न हो
6. पंजाब राज्य की भाषा।
8. 1. पूछने वाला व्यक्ति 2. आदर करने वाला व्यक्ति 3. देखरेख या ख़ोज-ख़बर लेने वाला व्यक्ति।



वर्ग पहेली -14 का हल

	1 रो	2 मि	3 ल		4 ब	
5 रू		6 स	ट	क	ना	
ह			के		ना	
	7 स	8 ज़ी	दा			9 घ
		10 न	र	मा	ह	ट
11 पू	जि	त				वा
			12 ब	रा	ब	र

सुडोकू -94

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		5	9		2		3	
	3							9
		8				5	4	
6		2		8		3		
		1			3	9		
		4		7				2
5	8					2		
7							1	
	1		3		6	4		

सुडोकू -93 का हल

1	3	2	6	9	5	4	7	8
9	7	4	3	8	1	5	6	2
8	6	5	7	4	2	9	3	1
3	5	9	8	6	7	1	2	4
6	4	8	2	1	3	7	9	5
2	1	7	9	5	4	6	8	3
7	8	1	5	3	6	2	4	9
4	2	3	1	7	9	8	5	6
5	9	6	4	2	8	3	1	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 21 मार्च 02.22 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुष्य 22.38 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

मेष — आज अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। किसी काम को करने में जल्दबाजी न करें। आपकी योजनाओं में अचानक बदलाव आने से काम बिगड़ सकते हैं। शरीर में कोई समस्या या कमजोरी महसूस हों तो चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें।

वृष — आज आपको व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। आपका आत्मविश्वास पहले से मजबूत होगा। अपने बुद्धि-विवेक और कौशल का परिचय देंगे। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पा लेंगे।

मिथुन — आज प्रशासन से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। फाइनेन्स को लेकर स्थिति मजबूत होगी। घर-परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। लोग पीठ-पीछे आपकी आलोचना करेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें।

कर्क — आज कार्यशैली में सार्थक बदलाव ला सकते हैं। ऑफिस में आपको सीनियर्स का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आ रही परेशानी दूर होगी। आज समस्याओं का समाधान होने से आपका तनाव दूर होगा। कार्यक्षेत्र में आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे।

सिंह — आज का दिन आपको काफी परेशान कर सकता है। अपने काम पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। लंबी दूरी की यात्रा आज न करें। लवमेट्स से किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। अपने खानपान को लेकर सावधानी रखें।

कन्या — आज संपत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। आपको शरीर को काफी आराम देने की आवश्यकता है। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। बच्चों की सफलता से आपको गौरव की अनुभूति होगी। दोस्तों की सलाह आपके लिए काफी काम आने वाली है।

तुला — आज आपको पिता के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए। अपने काम की गुणवत्ता पर सुधार करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अपने कारोबार को लेकर बड़ा लक्ष्य बनायेंगे। उच्च शिक्षा संस्थान के प्रवेश में आ रही बाधा दूर होगी।

वृश्चिक — आज धार्मिक यात्राओं की प्लानिंग कर सकते हैं। आज अपने प्रेमी से दिल की बात कह सकते हैं। यदि आप नौकरी बदलना चाह रहे हैं तो यह दिन बहुत ही अच्छा है। बॉस से आपके संबंध अच्छे रहेंगे। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

धनु — आज नई संपत्ति में बड़ा निवेश करने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपके काम के बिगड़ने कि संभावना है। आपके विचारों में नकारात्मकता जगह ले सकती है। सेहत में थोड़ी खराबी आने की आशंका है। अपनी गलतियों को लेकर पछतावा हो सकता है।

मकर — आज आप अपने कार्यों को तय समय पर पूरा कर लेंगे। जीवनसाथी आपसे काफी आकर्षित रहेगा। अविवाहित जातकों का विवाह तय हो सकता है। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

कुंभ — आज पुराना कर्ज चुकाने के लिए दिन अनुकूल है। रक्त विकार उत्पन्न हो सकते हैं। जॉब में आपको नयी टीम के साथ काम करना पड़ सकता है। धैर्यवान होकर अपना काम करें फिलहाल ज्यादा अपेक्षा रखना उचित नहीं है।

मीन — आज कार्यक्षेत्र में आपके रचनात्मक विचारों और सुझाव की प्रशन्सा होगी। शाम के समय परिजनों की किसी बात पर आपको गुस्सा आ सकता है। किसी भी तरह के व्यसन व बुरी आदत से दूर रहें। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- देवता — दोपहर : 12.00
- धड़कन — शाम : 06.59

SONY PIX
- जुमांजी : द नेक्स्ट लेवल — सुबह : 11.26
- जस्टिस लीग — शाम : 06.54

SONY MAX
- बाटला हाउस — सुबह : 11.06
- फैंटम — रात : 09.23

ZEE CINEMA
- अपहरण — सुबह : 10.30
- अनजाना अनजानी — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- चमत्कार — सुबह : 08.24
- आर राजकुमार — रात : 09.36

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 09.23 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- आज ये रोटियां जली हुई कैसी हैं?
पत्नी- क्योंकि मैं आजकल खूबसूरत होती जा रही हूं।
पति- तुम्हारे खूबसूरत होने से रोटी जलने का क्या लेना-देना है?
पत्नी- रोटियां भी मेरी खूबसूरती को देखकर जलने लगी हैं।
पत्नी की बात सुनकर पति रह गया दंग।

अध्यापक ने एक छात्र से पूछा - बताओ, शाहजहां कौन था?
छात्र- जी, वह एक मजदूर था...
अध्यापक- कैसे?
छात्र- आपने ही तो कहा था कि शाहजहां ने कई इमारतों का निर्माण किया था...

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र: 10 में 10 जीतने का ब्लूप्रिंट तैयार

● महेश शर्मा, कानपुर

यूपी में मिशन 80 फतह के लिए भाजपा ने 2019 के चुनाव की तरह कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों पर एक बार फिर भगवा फहराने की तैयारी कर ली है। पिछली बार सभी 10 सीटें जीती थी। इसमें कन्नौज लोकसभा सीट भी है जहां से स्व.मुलायम सिंह यादव की बहू अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव 2014 में सांसद चुनी गयीं थी। पर उन्हें भी 2019 में भाजपा के सुब्रत पाठक ने शिकस्त दे दी थी। डिम्पल मैनपुरी सीट से प्रत्याशी हैं। कन्नौज से अखिलेश यादव के लड़ने की चर्चा है। उनके आने का असर पड़ सकता है।

मिशन 80 को पूरा करने के लिए जहां एक तरफ भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है तो वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन भी चुनावी रणनीति की धार पैनी कर रहा है। कानपुर सीट पर न भाजपा और न ही विपक्षी गठबंधन का प्रत्याशी अब तक घोषित किया गया है। जीत की रणनीति के तहत भाजपा ने छह महीने पहले ही 10 लोकसभा क्षेत्रों और इनमें आने वाले 52 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारकों की तैनाती कर दी है।

कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों को तीन क्लस्टर में बांटा गया है। कानपुर स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में बैठकों, कार्यशाला, संपर्क कार्यक्रम के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सघन दौरा कर रहे हैं। संगठन ने तीन क्लस्टर में क्षेत्र को बांटा है। बांदा क्लस्टर में हमीरपुर, बांदा और फतेहपुर लोकसभा की सीट शामिल हैं। कानपुर क्लस्टर में कानपुर महानगर, अकबरपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद और इटावा लोकसभा क्षेत्र को रखा गया है। झांसी क्लस्टर में झांसी व जालौन लोकसभा सीटें हैं। इनके केंद्रीय चुनाव कार्यालय जनवरी में ही खोल दिए गए थे।



भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में है। यूपी का मिशन 80 पूरा करने में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी 10 सीटों का योगदान होगा। यहां हर सीट 5 लाख के अंतर से जीतेंगे। माहौल राममय, मोदीमय है। सरकार के कार्य जीत का प्रमुख आधार होंगे।

प्रकाश पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष

कानपुर महानगर छोड़कर बाकी नौ सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर दिए गए हैं। प्रत्याशी वहीं हैं जो 2019 में जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इन क्षेत्रों में विपक्ष के मुद्दे जैसे इलेक्टोरल बॉंड, सीएए, महंगाई, बेरोजगारी बहुत ज्यादा असर नहीं डालते हैं। लोगों के दिलो-दिमाग पर रामलला मंदिर बसा हुआ है। इसके अलावा लाभार्थी वोट बैंक बहुत ज्यादा इस चुनाव में भी प्रभावी है जो भाजपा को मजबूती दे सकता है। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के ठाकुर, और गठबंधन के पिछड़ा प्रत्याशी के मुकाबले बसपा ने ब्राह्मण प्रत्याशी उतारकर त्रिकोणीय संघर्ष जैसी स्थिति बना दी है। हालांकि सपा-कांग्रेस गठबंधन चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद बसपा के भी विपक्षी फोल्ड में आने की उम्मीद पाले बैठा है। लेकिन इस क्षेत्र में राम मंदिर की काट आसानी से ढूंढ़ पाना विपक्ष के लिए थोड़ा मुश्किल दिखता है।

दूसरे भाजपा की तैयारियां जमीन पर हैं तो विपक्ष अभी प्रत्याशी चयन में ही उलझा हुआ है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल पांच लाख के अंतर से सभी 10 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित कर चुके हैं। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था तो अबकी सपा-कांग्रेस का। मीडिया प्रभारी मोहित पांडे कहते हैं कि भाजपा के प्रति वोटरों के विश्वास के चलते समाजवादियों कन्नौज इटावा जैसे गढ़ में 2019 में भगवा फहरा दिया था। 10 में 10 जीत ली थी। अबकी भी यही रिजल्ट होगा। इनती तैनाती 2019 लोस और 2022 विस चुनाव में विस्तारकों की भूमिका कारगर साबित रही। यहां की 52 विधासभा सीटों में से भाजपा ने 41 जीत ली थी। जबकि 11 सपा ने जीती। विस्तारकों की तैनाती छह महीने पहले ही सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों व इनमें आने वाली 52 विधानसभा क्षेत्रों में की जा चुकी है। यानी 62 विस्तारक भेजे जा चुके हैं। यह कार्य लखनऊ से एमएलसी विजयबहादुर पाठक और उनकी टीम करती है। विधायक, सांसद, पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी, बूथ कमेटी, पन्ना प्रमुख का कामकाज कैसा है, विस्तारक फीडबैक लेकर इसकी रिपोर्ट बनाकर संगठन को भेजते हैं। क्षेत्र के नौ लोकसभा क्षेत्रों में सांसदों को ही टिकट देने का फैसला विस्तारकों की रिपोर्ट के आधार पर लिया बताया जाता है। फिलहाल अखिलेश यादव के कन्नौज से लड़ने की चर्चा भाजपा के लिए थोड़ा परेशानी का सबब है।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2014

लोकसभात्र	विजयी प्रत्याशी	प्राप्त मत	पराजित प्रत्याशी	प्राप्तमत
फर्रुखाबाद	मुकेश राजपूत(भाजपा)	4,06,195	रामेश्वर यादव(सपा)	2,55,693
इटावा (सु)	अशोक दोहरे (भाजपा)	4,31,646	प्रेमदास कठेरिया(सपा)	2,66,700
कन्नौज	डिंपल यादव (सपा)	4,89,164	सुब्रत पाठक (भाजपा)	4,69,258
कानपुर	एमएम जोशी (भाजपा)	4,74,712	एसपी जायसवाल(कांग्रेस)	2,51,766
अकबरपुर	देवेंद्रसिंह भोले(भाजपा)	4,81,584	अनिलशुक्ल वारसी(बसपा)	2,02,587
जालौन(सु)	भानुप्रताप वर्मा(भाजपा)	5,48,631	ब्रजलाल खाबरी (बसपा)	2,61,429
झांसी	उमा भारती (भाजपा)	5,75,889	चंद्रपाल यादव (सपा)	3,85,422
हमीरपुर	पुष्पेंद्र चंदेल (भाजपा)	4,53,884	विश्वंभर निषाद (सपा)	1,87,095
बांदा	भैरोप्रसाद मिश्र(भाजपा)	3,42,066	आरके पटेल (बसपा)	2,26,278
फतेहपुर	निरंजनज्योति (भाजपा)	4,85,954	अफजाल (बसपा)	2,98,778
मिश्रिख(आंशिक)	अंजूबाला(भाजपा)	4,12,575	अशोक रावत(बसपा)	3,25,212

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2019

लोकसभात्र	विजयी प्रत्याशी	प्राप्त मत	पराजित प्रत्याशी	प्राप्त मत
फर्रुखाबाद	मुकेश राजपूत(भाजपा)	5,69,880	मनोजअग्रवाल(बसपा)	3,48,178
इटावा (सु)	आरएसकठेरिया (भाजपा)	5,22,119	कमलेश कठेरिया(सपा)	4,57,682
कन्नौज	सुब्रतपाठक (भाजपा)	5,63,087	डिंपलयादव(सपा)	5,50,734
कानपुर	सत्यदेव पचौरी (भाजपा)	4,68,937	एसपी जायसवाल(कांग्रेस)	3,13,003
अकबरपुर	देवेंद्रसिंह भोले(भाजपा)	5,81,282	निशा सचान (बसपा)	3,06,140
जालौन(सु)	भानुप्रताप वर्मा(भाजपा)	5,81,763	अजयसिंह पंकज(बसपा)	4,23,386
झांसी	अनुराग शर्मा(भाजपा)	8,09,272	श्यामसुंदर यादव (सपा)	4,43,589
हमीरपुर	पुष्पेंद्र चंदेल (भाजपा)	5,75,122	दिलीप सिंह (बसपा)	3,36,470
बांदा	आरके सिंह पटेल भाजपा)	4,77,996	श्यामचरण गुप्ता (सपा)	2,26,278
फतेहपुर	निरंजनज्योति (भाजपा)	5,66,040	सुखदेव वर्मा (बसपा)	3,67,835
मिश्रिख(आंशिक)	अशोक रावत(भाजपा)	5,34,429	नीलू सत्यार्थी(बसपा)	4,33,757

चुनाव कमाल का...

- 1951-52 में हुए पहले आम चुनाव से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के दौर तक कोई भी पार्टी कांग्रेस को कड़ी टक्कर नहीं दे सकी थी।
- 1962 का आम चुनाव पंडित जवाहर लाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री के देहांत से लेकर इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने का गवाह रहा। कांग्रेस ने 494 सीटों में से 361 सीटें जीतीं।
- 1984 में हुए आम चुनावों में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित कर दिया था। इस चुनाव में 415 सीटों पर जीत हासिल कर कांग्रेस इतिहास में रिकॉर्ड दर्ज कर चुकी है।

चुनावी तीर

यह विडंबना है कि वायनाड में राहुल गांधी की उम्मीदवारी के बारे में शिकायत करने वाली भाकपा तिरुवनंतपुरम में भाजपा की तरफ से खेल रही है। पिछले सप्ताह भाकपा महासचिव डी राजा ने कहा था कि राहुल गांधी को केरल के वायनाड से चुनावी मैदान में उतारना कांग्रेस का विशेषाधिकार है, लेकिन जनता की राय है कि उनके कद के नेता को ऐसी सीट से चुनाव लड़ना चाहिए था, जहां वह सीधे तौर पर भाजपा को चुनौती दे सकें।

- शशि थरूर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता

भाजपा को लगता है कि जिस समन को वह बार-बार भेज रही थी वह अदालत में विचाराधीन है इसलिए एक नए केस में नया समन भेजा गया। भाजपा के पास अदालत के फैसले का इंतजार करने का भी समय नहीं बचा है क्योंकि चुनावी बॉन्ड के जरिए भाजपा की चंदा चोरी की सच्चाई सामने आ चुकी है। आज पूरे देश में तानाशाही का राज चल रहा है, जिसको जब मर्जी जैसे भी उठा लो। भाजपा को अशोक चौहान की फाइल भी निकालवानी चाहिए।

-गोपाल राय, प्रदेश संयोजक, आप

इस बार का लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी बनाम संपूर्ण भारत होगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया को केंद्र में सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमत मिलेगा, कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से आधी से ज्यादा पर जीत मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी 400 के पार जाने का दावा खोखला है।

- भूपेश बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

मतदाताओं की बेरूखी बढ़ा रही सियासी दलों की बेचैनी

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

अमृत विचार। कुमाऊं मंडल के हिमालयी रीजन की अल्मोड़ा सीट पर पिछले 67 सालों के इतिहास में हुए 18 लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की मतदान को लेकर बेरूखी सियासी दलों के रणनीतिकारों की पेशानी पर हमेशा से बल डालती आई है। इस सीट पर सिर्फ एक बार के मिथक को छोड़ दें तो कभी भी सांसद चुनने के लिए कुल पंजीकृत मतदाताओं में से पचास प्रतिशत मतदाताओं तक ने अपने मत का प्रयोग नहीं किया। मतदाताओं की यह बेरूखी कई बार दोनों मुख्य दलों की उम्मीदों पर पानी भी फेर चुकी है।

आजादी के बाद की बात करें तो अल्मोड़ा सीट पर पहली बार 1952 में सांसद चुनने के लिए पहली बार चुनाव कराए गए और इस चुनाव में महज 27 फीसद मतदान हुआ। मतदान के प्रतिशत को देखते हुए वर्ष 1957 में हुए स्वतंत्र मतदान में प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास किए गए। लेकिन परिणाम बेहतर आने के बजाय निराशाजनक साबित हुए और इस बार मतदान का प्रतिशत केवल 19 फीसद रहा। उसके बाद 1962 में 27.30 प्रतिशत, 1967 में 28 प्रतिशत, 1971 में 29 प्रतिशत, 1977 में 44 प्रतिशत, 1980 में 38 प्रतिशत, 1984 में 45 प्रतिशत, 1989 में 44 प्रतिशत, 1996 में 43.38 प्रतिशत, 1998 में 46.45 प्रतिशत और 1999 में केवल 41.82 प्रतिशत लोगों ने लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वर्ष 2000 में पृथक उत्तराखंड राज्य बनने के बाद यहां वर्ष 2004 में लोकसभा चुनाव हुए। राज्य के इस पहले चुनाव में 49.89 प्रतिशत मतदाताओं ने बूथों तक पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। फिर 2009 में हुए दूसरे चुनाव में यह आंकड़ा घटकर 46.75 प्रतिशत पर रह गया। आखिरकार वर्ष 2014 के चुनावों में आधे कम मतदान का मिथक टूट और इस बार रिकार्ड 53.22 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। लेकिन नवोदित राज्य के चौथे चुनाव में यह आंकड़ा आगे बढ़ने के बजाय फिर पीछे खिसक गया और 2019 के चुनावों में फिर 48.78 प्रतिशत मतदाता ही मतदान के लिए अपने घरों से बाहर निकले। लोकसभा चुनावों के प्रति मतदाताओं की यह बेरूखी इस बार भी सियासी दलों के गले की हड्डी बनी हुई है।

2014 में टूटा मिथक तो पहली बार 53.22 प्रतिशत लोगों ने डाले वोट

सांसदों की अनदेखी बनी खलल

लोकसभा चुनावों में मतदान कम होने का एक कारण मतदाताओं के प्रति सांसदों की बेरूखी भी है। चुनाव के वक्त भले ही प्रत्याशी सड़क मार्गों वाले गांव कस्बों तक पहुंच जाते हों। लेकिन चुनाव जीतने के बाद वह दोबारा वहां जाना भी मुनासिब नहीं समझते। बात अल्मोड़ा लोकसभा के दुर्गम क्षेत्रों में बसे गांवों में रहने वाले मतदाताओं की करें तो आज भी अनेक ऐसे मतदाता होंगे। जिन्होंने अपने सांसद को सिर्फ तस्वीरों में ही देखा होगा।



67 सालों में सिर्फ एक बार टूटा आधी से कम आबादी का मिथक

1957 में सबसे कम 19 फीसद हुआ मतदान

चक्रव्यूह भेदने से कम नहीं होगा 75 प्रतिशत का लक्ष्य

लोकसभा चुनाव में प्रत्येक सीट पर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए राजनीतिक दल ही नही बल्कि निर्वाचन आयोग भी पूरी मशक्कत में जुटा हुआ है। लेकिन निर्वाचन के पुराने आंकड़ों पर गौर करें तो यह काम किसी चक्रव्यूह को भेदने से कम नहीं है। निर्वाचन विभाग ने इस बार लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटों पर 75 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखा है। नए और युवा मतदाताओं को रिझाने के लिए स्वीप के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा रहा है। वहीं मतदाताओं को शपथ दिलाकर मतदान के प्रति संकल्पबद्ध करने के प्रयास भी हो रहे हैं। पूर्व में केंद्र और राज्य सरकार भी मतदाताओं के रिझाने के लिए कई मोहरे चल चुकी है। ऐसे में अब यह देखना है कि इस चुनाव में सांसद चुनने के लिए आधे से अधिक आबादी अपनी दहलीज से बाहर कदम रखती है या नहीं।

बदायूं में आधी आबादी ने निभाई पूरी जिम्मेदारी

- पिछले लोकसभा चुनाव में पुरुषों के बराबर महिलाओं ने किया था मतदान
- हर विधानसभा में 57 से 58 फीसदी महिलाओं ने किया था मताधिकार का प्रयोग

● प्रदीप सक्सेना, बदायूं

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर कभी भी डुगडुगी पिट सकती है। प्रशासन से लेकर राजनैतिक पार्टियां तैयारी में जुट गई हैं। हर बार की तरह इस बार भी बदायूं लोकसभा सीट पर चुनाव रोचक होने वाला है। जिसमें महिलाओं की भूमिका अग्रणी रहेगी। पिछली बार महिलाओं ने पुरुषों के कंधों से कंधा मिलाकर मतदान किया था। इस बार भी सभी दलों के प्रत्याशी जीत के लिए महिलाओं को रिझाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जो चुनावी राजनीति में महिलाओं के बढ़ते दबदबे का संकेत है।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे आयोजनों से साफ जाहिर है कि महिला मतदाताओं की तरफ राजनीतिक दलों का इतना ध्यान पहले कभी नहीं रहा। महिला मतदाताओं की संख्या और मतदान में उनकी हिस्सेदारी भी लगातार बढ़ी है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक इस बार का चुनाव खास होगा। लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण के साथ-साथ महिला वोटरों की भूमिका अहम होगी। लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों के इस्तेमाल के मामले में महिला वोटरों में जागरूकता बढ़ी है। पहले मतदान को लेकर महिलाओं में बहुत उत्साह नहीं होता था। लेकिन अब महिलाएं खुलकर मतदान में भाग ले रही हैं।

8 लाख 64 हजार 244 महिलाएं पहुंची बूथ तक

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या 23 लाख 79 हजार 17 थी। उस समय कुल मतदान 57.15 प्रतिशत हुआ था। जिसमें 8 लाख 64 हजार 244 महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

24,01,020 कुल मतदाता

12,87,880 पुरुष मतदाता

11,12,024 महिला मतदाता

116 थर्ड जेंडर हैं बदायूं लोकसभा में

2019 में 56 से 58 प्रतिशत महिलाओं ने किया था मतदान

वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में पुरुषों ने 55 से लेकर 58 फीसद तक मतदान किया था। वहीं महिलाओं का वोट प्रतिशत भी कम नहीं था। बिसौली विधानसभा क्षेत्र में पुरुषों ने 58.84 फीसद मतदान किया था। वहीं 58.71 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह सहसवान में 57.40 प्रतिशत पुरुष, 56.15 प्रतिशत महिलाओं, बिल्सी में 55.28 प्रतिशत पुरुष और 55.50 प्रतिशत महिलाएं तथा बदायूं विधानसभा क्षेत्र में 57.77 फीसद पुरुष और 56.95 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

हर दल के प्रत्याशी को भेजा संसद पर बसपा के हाथ खाली

● सलमान खान, मुरादाबाद

- आजादी के बाद से 17 लोकसभा चुनाव में से 11 बार जीते मुस्लिम प्रत्याशी
- भाजपा के सामने पाने और सपा को सीट बचाने की चुनौती, बसपा ने उतारा है मुस्लिम प्रत्याशी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द होनी है। इसे लेकर पार्टियां पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटी हैं। मुरादाबाद लोकसभा सीट से आजादी के बाद से आज तक जनता ने सभी दलों के प्रत्याशियों को जीत दिलाकर संसद भेजा, लेकिन बसपा पर मेहरबानी नहीं की। बहुजन समाज पार्टी को आज भी जीत का इंतजार है। 2014 में जीत का खाता खोलने वाली भाजपा इस बार फिर से यह सीट वापस पाने में जुटी हैं। लेकिन बसपा को छोड़कर किसी पार्टी ने अपना प्रत्याशी अभी घोषित नहीं किया है।

पीतल नगरी से पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाने वाला जिगर का शहर चुनाव की सियासत में भी अपनी खास पहचान रखता है। यहां से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अजहरूद्दीन भी 2009 में सांसद रह चुके है। लोकसभा चुनाव में पक्ष या हो विपक्ष दोनों को वोटों का ध्रुवीकरण सुहाता है। यहां की जनता बसपा को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख दलों के चेहरों को चुनकर संसद भेज चुकी है। जनपद में अल्पसंख्यकों की आबादी लगभग 45 प्रतिशत है। नतीजों पर भी इसका साफ असर नजर आता है। अब तक हुए 17 चुनावों में 11 बार मुस्लिम चेहरों ने यहां की नुमाइंदगी की है। अंग्रेजों की गुलामी से आजाद होने के बाद हुए पहले दो चुनाव पर इसका रंग भी था।

कांग्रेस के रामसरन को लगातार दो बार जीत मिली। लेकिन 1962 में यहां पहला बदलाव हुआ और सैयद मुजफ्फर हुसैन को जनता ने निर्दलीय चुनकर संसद भेजा। जनता का फिर मन बदला और 67 और 71 में जनसंघ के प्रत्याशी को जीत दिलाकर सांसद बनाया। 77 में जनता पार्टी की आंधी में मुरादाबाद भी बहा और जनता पार्टी के गुलाम मोहम्मद खान सांसद बने। अगले चुनाव में भी जनता ने उन्हें ही मौका दिया।

1984 में कांग्रेस ने फिर जीती बाजी

13 अगस्त 1980 को ईद के दिन फैली एक अफवाह ने पीतल नगरी को दंगों की आग में झोंक दिया था। दंगे की वजह और जिम्मेदार जो भी रहे हों, लेकिन इसने यहां का मिजाज बदल दिया। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के सुर सियासी फिजा में मुखर होने लगे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में हुए चुनाव में जीत तो कांग्रेस के हाफिज मोहम्मद ने हासिल की, लेकिन चार साल पहले अस्तित्व में आई भाजपा तीसरे नंबर पर पहुंच गई और उसे 83 हजार से अधिक वोट मिले। 1989 और 91 में जनता दल के टिकट पर मुरादाबाद से गुलाम मोहम्मद खान को फिर मौका मिला लेकिन 91 के बाद यहां भाजपा स्थायी प्रतिद्वंद्वी हो गई। अब भाजपा फिर से इस सीट पर कमल खिलाने की जुगत में है।

भाजपा और सपा के बीच सिमटी लड़ाई

90 के दशक में मंडल और कमंडल के प्रयोग के बीच राजनीति में नए खिलाड़ी उभरे। अगले तीन दशक की लड़ाई एकाध मौकों को छोड़कर इनकी नुमाइंदगी करने वाले पार्टियों के बीच ही सिमट गई। मुस्लिम-यादव वोटों की जमीन पर खड़ी हुई मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी के लिए मुरादाबाद की गणित माकूल थी। 96 में सपा के टिकट पर शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत हासिल कर इसे साबित कर दिया, लेकिन उनकी जीत का अंतर महज दो हजार वोटों का ही था। इसके पीछे बड़ी वजह बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार को भी 1.12 लाख वोट मिलना था। 1998 में फिर सपा और भाजपा में मुकाबला हुआ और इस बार भी शफीकुर्रहमान बर्क 36 हजार वोटों से जीते थे। साल 1999 में भाजपा ने इस सीट पर नया प्रयोग किया और अपना उम्मीदवार खड़ा न कर अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस के चंद्रविजय सिंह को समर्थन दिया था। जिससे सपा के बर्क को 1.53 लाख वोट मिले और बसपा के मोहम्मद अकील को 1.23 लाख वोट। बहुसंख्यक वोटों का एका चंद्रविजय के पक्ष में गया और 2.53 लाख वोट से वह चुनाव जीते।

2009 में क्रिकेटर अजहर ने की बैटिंग

बल्लेबाजी के लिए चर्चित भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने 2009 में मुरादाबाद की पिच पर उतारा था। अजहरूद्दीन को यहां की जनता का भरपूर सहयोग मिला था और 25 साल बाद यहां कांग्रेस ने फिर जीत हासिल की। भाजपा दूसरे और बसपा तीसरे नंबर पर खिसक गई। सपा प्रत्याशी महज दो प्रतिशत वोट हासिल जमानत भी गंवा बैठे।

मोदी लहर से 2014 में खिला कमल

2014 में भाजपा की जीत का इंतजार मोदी लहर में खत्म हुआ। चुनाव में मोदी लहर और मुजफ्फरनगर दंगों से बदली हवा के बीच वोटों के जबरदस्त ध्रुवीकरण ने भाजपा के सर्वेश सिंह को लगभग 88 हजार वोटों से जीत दिलाकर पीतलनगरी में कमल खिला दिया। सपा के डॉ. एसटी हसन 3.97 लाख वोट पाकर भी हार गए।

2019 में सपा-बसपा गठबंधन को मिली जीत

2019 में 2014 में हुए बिखराव को रोकने के लिए सपा-बसपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था और डॉ. एसटी हसन को प्रत्या शी बनाकर मैदान में उतारा था। सपा को यहां चौथी बार जीत मिली और भाजपा 98 हजार वोटों से पिछड़ गई। जबकि कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी की जमानत जब्त हो गई थी। 96 से हर चुनाव में बसपा ने उम्मीदवार खड़े किए वह तीसरे नंबर पर रही, लेकिन पहला नंबर तय होने में उसके प्रदर्शन की भूमिका अहम रही।

इस बार सपा के लिए सीट बचाने की लड़ाई

सपा के सामने सीट बचाने और भाजपा के सामने दूसरी बार कमल खिलाने की लड़ाई है। मुरादाबाद से सपा ने अब तक उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन की मजबूत दावेदारी है। भाजपा से पिछली बार सर्वेश सिंह लड़े थे। सर्वेश सिंह इस बार भी मजबूती से टिकट की लाइन में लगे हैं। लेकिन भाजपा प्रत्याशी चयन में कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। वह हर हाल में इस सीट को अपनी झोली में डालना चाहती है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी को उतार कर दूसरों के लिए चुनौती पेश की है।

अमेठी के गांव में उठा नारा... 'रोड नहीं तो वोट नहीं' मतदान का किया बहिष्कार

अमेठी (उप्र)। अमेठी जिले के गौरीगंज तहसील स्थित एक गांव में सड़क का निर्माण नहीं होने से नाराज स्थानीय लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है। अर्से से वीवीआईपी जिला माने जाने वाले अमेठी की तहसील गौरीगंज के जामो विकासखंड में पूरे अल्पी तिवारी ग्रामसभा स्थित सरमें पुरवा के निवासियों ने गांव के बाहर एक बैनर लगाया है, जिसमें 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के नारे के साथ 'नेताओं, शर्म करो। आजादी के बाद से हम लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं लिखा है।

सरमें पुरवा गांव के निवासी ओमप्रकाश ओझा, राम अभिलाष ने मंगलवार को बताया कि गांव में जाने-आने का पक्का रास्ता न होने के कारण बहुत मुश्किल होती है और बारिश के मौसम में स्थिति बदतर हो जाती है। हालात यह है कि गांव के लोगों को अपने बच्चों की शादी का आयोजन मजबूरन किसी दूसरी जगह करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पीने के पानी का भी सही बंदोबस्त नहीं है। यह गांव उस अमेठी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है जो कई दशकों तक केन्द्र की सत्ता में दबदबा रखने वाले नेहरू-गांधी परिवार का सियासी गढ़ रहा और पिछले पांच साल से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यहां से सांसद हैं। लगातार उपेक्षा से तंग आकर अब ग्रामीणों ने पूरी तरह से मन बना लिया है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है तब तक आगामी लोकसभा चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार किया जाएगा। गौरीगंज के उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने इस बारे में पूछे जाने पर बताया कि उन्हें प्रकरण की जानकारी मिली है तथा मामले की जांच कराई जा रही है।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,012 .052	21,817 .45
नुकसान	736 .37	238 .25
प्रतिशत में	1.01	1.08

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, बुधवार, 20 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000 -2100
ज्वार	2600 -4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000 -2200

दलहन (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5800 -5900
अरहर	7500 -8000
मसूर	5500 -5600
मटर	3700 -4000
उड़दहरा	10000 -10200
उड़दकाला	6000 -8000
मूंग	8500 -8800

दाल (प्रति क्वि.)

अरहरफूल	14500-14700
अरहरस्पेशल1	12200-12300
चनादाल	7100-7200
मटरदाल	4950-5050
मसूरमलका	7000-7100
मसूरदाल	7100-7200
उड़ददाल	9000- 12000
उड़द धोवा	10500- 13000
मूँगदाल	8800 -10300
मूँग धोवा	9800-11500

चावल (प्रति क्वि.)

अरवा	2000 - 2300
बासमती नं.1	8500 - 10000
सेला	2500 - 3000
बासमती नं.2	6500 - 7500

आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)

आटा	1490-1550
मैदा	1450-1500
सूजी	1500-1550

चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)

शाहपसंद	1430-1475

तिलहन (प्रति क्वि.)

लाही	4900-4950
अलसी	4500 -4600 रुपये।

भारत की 8% की वृद्धि दर रहेगी कायम

भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन लेख में कहा गया-इससे ऊपर भी जा सकती है जीडीपी

मुंबई, एजेंसी

भारत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की आठ प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर को कायम रख सकता है या इससे भी आगे निकल सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मंगलवार को जारी 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर मार्च के बुलेटिन में कहा गया है कि देश का अनुकूल वृद्धि आर्थिक माहौल वृद्धि दर को आगे बढ़ाने का आधार बन सकता है। देश की आर्थिक वृद्धि दर 2021-24 की अवधि में औसतन आठ प्रतिशत से अधिक रही है।

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में कहा गया कि वैश्विक

अर्थव्यवस्था गति खो रही है, कुछ सबसे मजूबत अर्थव्यवस्थाओं और उच्च आवृत्ति संकेतकों में वृद्धि धीमी हो रही है। यह आने वाले समय में चीजों के और सुस्त पड़ने का इशारा कर रहे हैं।

भारत की 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि छह तिमाहियों के उच्चतम स्तर पर थी। मजबूत रफ्तार, बेहतर अप्रत्यक्ष कर संग्रह और सब्सिडी में कमी की वजह से यह वृद्धि हासिल हो सकी है। लेख में कहा गया है कि संरचनात्मक मांग और कंपनियों तथा बैंकों का मजबूत बही-खाता आगे चलकर वृद्धि को और गति देने में भूमिका निभाएंगे। इसमें कहा गया-दुनिया ढांचे और धारणा में बड़े बदलावों का सामना कर रही है। ये या तो चल रहे हैं या आने वाले हैं। लेख में कहा गया है कि माहौल में अनिश्चितता फैली हुई है, जो भू-राजनीतिक और मौसम से संबंधित जोखिमों की वजह से और बढ़ गई है।

मुद्रास्फीति को लक्ष्य तक लाने में खाद्य कीमतें बाधा

मुद्रास्फीति को तेजी से घटाकर चार प्रतिशत तक लाने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लक्ष्य की दिशा में खाद्य कीमतें बाधा बन रही हैं। केंद्रीय बैंक के मार्च महीने के बुलेटिन 'स्टेट ऑफ इकनॉमी' में मंगलवार को यह बात कही गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर से घट रही है और फरवरी में यह 5.09 प्रतिशत थी। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा की अगुवाई में एक टीम ने अपने लेख में कहा-भले ही प्रमुख मुद्रास्फीति में व्यापक नरमी के साथ महंगाई लगातार घट रही है, लेकिन खाद्य कीमतों के दबाव के चलते इसे तेजी से चार प्रतिशत पर लाने में बाधा पैदा हो रही है। लेख में आगे कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था गति खो रही है और कुछ सबसे जुझारू अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि धीमी है। उच्च आवृत्ति संकेतक आने वाले समय में इसके और सुस्त होने की ओर इशारा कर रहे हैं। भारत में वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर छह तिमाही के उच्चस्तर पर थी।

विदेशी निकासी से सेंसेक्स 736 अंक गिरा

मुंबई, एजेंसी

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली, अन्य एशियाई बाजारों में गिरावट और विदेशी कोषों की निकासी के बीच मंगलवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी एक-एक प्रतिशत तक टूट गए। जापान के केंद्रीय बैंक के 17 साल में पहली बार ब्याज दरों को बढ़ाने के फैसले से भी बाजार पर दबाव बना। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 736.37 अंक यानी 1.01 प्रतिशत गिरकर 72,012.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 815.07 अंक फिसलकर 71,933.35 अंक तक आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 238.25 अंक यानी 1.08 प्रतिशत गिरकर

- टीसीएस में हुई भारी बिकवाली निफ्टी 22,000 से नीचे आया

21,817.45 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी के 50 शेयरों में 41 शेयर नुकसान में रहे। विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले से पहले निवेशक सतर्कता का रुख अपना रहे हैं। सेंसेक्स के शेयरों में टीसीएस में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी की प्रवर्तक टाटा संस ने एक थोक सौदे में इसके लगभग 2.3 करोड़ शेयर यानी 0.65 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी बेची है। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, विप्रो, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, आईटीसी, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी उल्लेखनीय गिरावट हुई।

गिरावट से निवेशकों की 4.86 लाख करोड़ रुपये की पूंजी डूबी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट से निवेशकों की 4.86 लाख करोड़ रुपये की पूंजी कम हो गई। शेयर बाजार में गिरावट से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,86,777.98 करोड़ रुपये घटकर 3,73,92,545.45 करोड़ रुपये रह गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बैंक ऑफ जापान (बीओजे) के 17 साल बाद ब्याज दरें बढ़ाने के फैसले के बाद एशियाई बाजारों की धारणा प्रभावित हुई।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	75,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,250
गिन्नी (प्रति नग)	50,100-50,300

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,950
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,800
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	65,750
सोना जेवरात गिन्नी	64,750
चांदी पक्की	740 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	65,800
चांदी आभूषण	75,000।

अडाणी ग्रीन एनर्जी ने अमेरिका में रिश्वतखोरी की जांच की बात मानी

नई दिल्ली। अडाणी समूह की अधिकांश कंपनियों ने अमेरिका में रिश्वतखोरी के आरोप की जांच को लेकर नोटिस मिलने से इनकार किया है लेकिन समूह की ही नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी ने इस जांच से अवगत होने की बात कही है।

अडाणी ग्रीन एनर्जी ने मंगलवार को कहा कि एक असंबद्ध तीसरे पक्ष द्वारा अमेरिकी भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों के संभावित उल्लंघन की जांच से वह परिचित है। हालांकि, कंपनी ने कथित तीसरे पक्ष के साथ कोई संबंध होने से इनकार किया है।

सरफेसी, डीआरटी कानूनों में संशोधन पर उच्चस्तरीय समिति कर रही विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्ज वसूली प्रक्रिया को तेज करने के लिए वित्त मंत्रालय ने सरफेसी और डीआरटी अधिनियमों में संशोधन पर सुझाव देने के लिए एक समिति बनाई है जिसमें देनदारों को ई-नोटिस को कानूनी मान्यता देने का प्रावधान भी शामिल है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि अतिरिक्त सचिव की अध्यक्षता वाली इस समिति ने कई बैठकें की हैं और इस संबंध में चर्चा उन्नत चरण में है। पिछले महीने वित्त मंत्रालय ने कर्जों की शीघ्र वसूली के लिए ऋण वसूली न्यायाधिकरणों (डीआरटी) की दक्षता बढ़ाने के लिए बैंकों और डीआरटी के शीर्ष अधिकारियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया था। सूत्र ने कहा कि हमने प्रासंगिक संशोधनों पर निर्णय लेने के लिए अतिरिक्त सचिव के नेतृत्व में एक समिति गठित की है। इसका उद्देश्य ऋण वसूली प्रक्रिया में दिक्कतों को कम करना और इसे अधिक प्रभावी बनाना है। सूत्रों ने कहा कि हम ई-नोटिस को कानूनी मान्यता देने के लिए एक प्रावधान पेश करने की भी योजना बना रहे हैं ताकि बैंकों द्वारा भेजे गए एसएमएस और ई-मेल को वैध नोटिस माना जा सके। इससे कर्ज की तेजी से वसूली में मदद मिलेगी।

बीओआई ने आवास ऋण पर ब्याज दर 0.15 प्रतिशत घटाई

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने मंगलवार को नए आवास ऋण पर ब्याज दर को 8.45 प्रतिशत से 0.15 प्रतिशत घटाकर 8.3 प्रतिशत करने की घोषणा की। सीमित अवधि की यह योजना इस महीने के अंत तक यानी 31 मार्च तक लागू रहेगी। इसमें किसी तरह का प्रसंस्करण शुल्क नहीं लगेगा। बैंक ने दावा किया कि 8.3 प्रतिशत की ब्याज दर उसके प्रतिद्वंद्वियों के बीच इस श्रेणी में सबसे कम दर है। बैंक ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक जैसे अग्रणी बैंकों में न्यूनतम दर 8.4 प्रतिशत है। यह पेशकश सिर्फ 31 मार्च तक है।

चालू वित्त वर्ष में भारत का निर्यात 450 अरब डॉलर तक संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

लाल सागर संकट जैसी भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष के अंत तक देश का वस्तुओं का निर्यात 450 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो के निर्वाचित अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि लाल सागर संकट से पैदा हुई चुनौतियों का समाधान समुद्री बीमा और माल ढुलाई शुल्क में तर्कसंगत वृद्धि करके किया जा सकता है।

कुमार ने कहा कि देश के निर्यात

- फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने जताई उम्मीद

को बढ़ावा देने के लिए निर्यात क्षेत्र को आसान और कम लागत वाले ऋण तथा विपणन समर्थन की जरूरत है। ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को जल्द अंतिम रूप देने से भी निर्यात को मदद मिलेगी।

एक नजर

1.83 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ जब्त

जयपुर। राजस्थान के जालोर जिले में मंगलवार को जिला पुलिस की विशेष टीम और भीनमाल थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके पास से एक करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक (पाली रेंज) ओम प्रकाश ने बताया-गुप्त सूचना पर एक टीम ने भीनमाल थाने क्षेत्र के निंबावास गांव में एक घर पर छापा मारा और एक करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ की 45,960 गोलियां बरामद करके आरोपी छगन राम चौधरी को स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है।

नागपुर में बीबीए की छात्रा ने आत्महत्या की

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर में 'बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए)' की 19 वर्षीय छात्रा ने 'जंक फूड' खाने के लिए पिता द्वारा डांटे जाने के बाद घर में फांसी लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की पहचान भूमिका विनोद धनवानी के तौर पर की गयी है, वह शहर के सिंधी कॉलोनी इलाके में रहती थी। प्रताप नगर पुलिस अधिकारी ने बताया-भूमिका बीबीए की छात्रा थी और उसे 'थायराइड' की समस्या थी। उसके पिता ने उसे 'जंक फूड' खाने के लिए डांटा था, जिससे परेशान होकर उसने रसोई में एक लंबे कपड़े का इस्तेमाल कर फांसी लगा ली।

राष्ट्रीय

तमिलनाडु में आयोजित रैली में इंडिया गठबंधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमला

जो शक्ति का विनाश चाहते, वे खुद बर्बाद हो जाएंगे

सलेम, (तमिलनाडु), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के सलेम जिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'शक्ति' वाली टिप्पणी को लेकर मंगलवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर एक बार फिर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) समेत उसके सहयोगी दल इसका (शक्ति का) 'विनाश' करना चाहते हैं लेकिन वे खुद ही 'बर्बाद' हो जाएंगे।

कांग्रेस और उसकी दक्षिणी सहयोगी, तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक पर हमला बोलते हुए उन्होंने दोनों दलों को 'सिक्के के दो पहलू' करार दिया और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सलेम में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान महिलाओं से मुलाकात की। ● एजेंसी

तथा वंशवाद की राजनीति करने के आरोप लगाए।

राहुल गांधी के 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' वाले बयान पर सोमवार को विवाद खड़ा हो गया था और मोदी ने उस पर कड़ा जवाब देते हुए कहा था कि हर मां और बेटी उनके लिए शक्ति का रूप हैं और वह उनकी सुरक्षा के लिए अपना जीवन खपा देंगे। मोदी ने कहा-इंडी गठबंधन के लोग वाले बार-बार, जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में किया रोड शो

पलक्कड़ (केरल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान के तहत पलक्कड़ लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी. कृष्णकुमार के समर्थन में मंगलवार सुबह रोड शो किया। श्री मोदी सुबह 10:25 बजे कोयंबटूर से हेलिकॉप्टर से मर्सी कॉलेज मैदान में उतरे। भाजपा के केरल प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर, प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन और पलक्कड़ नगरपालिका अध्यक्ष ई. कृष्णकुमार के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने मर्सी कॉलेज मैदान में उनका जोरदार स्वागत किया।

चेन्नई के एक कॉलेज में मंगलवार को लोकसभा चुनाव से पहले मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान अपने चेहरे पर पेंट से विभिन्न आकृति बनाकर तस्वीरें खिंचवातीं छात्राएं। ● एजेंसी

शेफाली होंगी केंद्र सरकार की प्रवक्ता

नई दिल्ली, अमृत विचार: सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 1990 बैच की भारतीय सूचना सेवा की अधिकारी शेफाली शरण को केंद्र सरकार का प्रवक्ता बनाया है। वे एक अप्रैल को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महा निदेशक पद का कार्यभार संभालेंगी। इस पद पर तैनात मनीष देसाई 31 मार्च को

अवकाश ग्रहण कर रहे हैं। इससे पहले शेफाली, भारतीय निर्वाचन आयोग में सूचना महानिदेशक रह चुकी हैं। केंद्र सरकार का प्रवक्ता बनने वाली शेफाली पांचवीं महिला अधिकारी होंगी। अब तक इस पद पर जे कृष्णा, शकुंतला महावल, नीलम कपूर एवं दीपक संधू काम कर चुकी हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान शेफाली, निर्वाचन आयोग की प्रवक्ता थीं। आयोग, सरकार एवं मीडिया के बीच उनके समन्वित कामकाज की अभी तक सराहना की जाती है।

केरल में एनआईए ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने केरल में 2022 में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के एक नेता श्रीनिवासन की हत्या के मुख्य आरोपी शफीक को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

बयान के मुताबिक, 16 अप्रैल, 2022 को पलक्कड़ में श्रीनिवासन

आरएसएस नेता की हत्या का मामला

की हत्या के बाद से शफीक फरार था, जिसे एनआईए की एक टीम ने राज्य के कोल्लम जिले से ढूंढ निकाला। एनआईए ने बयान में बताया कि मामले में आरोपी की संलिप्तता के लिए सोमवार को आतंकवाद निरोधक एजेंसी ने उसे हिरासत में लिया। बयान के मुताबिक, शफीक प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का एक प्रमुख सदस्य था, जो पिछले काफी समय से फरार था। हत्या की साजिश रचने के हिस्से के रूप में कुल 71 लोगों की पहचान की गई है और एनआईए पहले ही दो आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। एनआईए ने पिछले साल 17 मार्च और छह नवंबर को आरोपपत्र दाखिल किया था। केरल के मलप्पुरम जिले का रहने वाला शफीक पीएफआई का एक प्रमुख सदस्य था।

राकांपा-शरदचंद्र पवार नाम से चुनाव लड़ेगा शरद गुट

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने उसके चिह्न तुरही बजाता आदमी को भी दी मान्यता
- अजित गुट को झटका, पार्टी के घड़ी चुनाव चिह्न पर फैसला नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में इस नाम का उपयोग करने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विश्वनाथन की पीठ ने वरिष्ठ नेता शरद पवार की अगुवाई वाले राकांपा के धड़े को 'तुरही बजाता आदमी' को उसके चुनाव चिह्न के रूप में इस्तेमाल करने की भी अनुमति दे दी। पीठ ने शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह की याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसमें अजित पवार गुट को निर्वाचन आयोग द्वारा आवंटित ''घड़ी'' चुनाव चिह्न का उपयोग करने से इस आधार पर रोकने की मांग की गई थी कि यह समान अवसर को बाधित कर रहा है। शरद पवार द्वारा स्थापित राकांपा के विभाजन से पहले इसका चुनाव चिह्न 'घड़ी' था। अब यह चिह्न अजित पवार की अगुवाई वाली पार्टी के पास है।

पीठ ने निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) को 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' और उसके चुनाव चिह्न 'तुरही बजाता आदमी' को मान्यता देने का निर्देश दिया। उसने आयोग को यह निर्देश भी दिया कि किसी अन्य पार्टी या निर्दलीय उम्मीदवार को यह चुनाव चिह्न आवंटित नहीं किया जाए। न्यायालय ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली पार्टी के धड़े से अंग्रेजी, हिंदी और मराठी में अखबारों में यह सार्वजनिक नोटिस जारी करने को कहा कि 'घड़ी' चुनाव चिह्न अदालत में विचाराधीन है और इसका उपयोग फैसले के आधार पर होगा। पीठ ने अजित पवार के धड़े से चुनाव से संबंधित सभी दृश्य-श्रव्य विज्ञापनों और बैनर तथा पोस्टर आदि में भी इसी तरह की घोषणा करने को कहा। उसने अजित पवार की पार्टी को वास्तविक राकांपा मानने के निर्वाचन आयोग के छह फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार गुट की याचिका पर अजित पवार खेमे से चार सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने पहला मंत्रिमंडल विस्तार किया

चंडीगढ़, एजेंसी

- मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल में आठ मंत्री शामिल किए

हरियाणा में नायब सिंह सैनी सरकार ने मंगलवार को आठ विधायकों को मंत्री बनाकर पहला मंत्रिमंडल विस्तार किया। सैनी और पांच मंत्रियों ने पिछले सप्ताह शपथ ली थी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने यहां राजभवन में नये मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

हिसार से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक कमल गुप्ता ने सबसे पहले कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। गुप्ता ने संस्कृत में शपथ ली। वह पूर्ववर्ती मनोहर लाल मंत्रिमंडल में भी मंत्री थे। इसके बाद फरीदाबाद के बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा, पानीपत ग्रामीण से विधायक महिपाल ढांडा, अंबाला शहर से विधायक असीम गोयल, महेंद्रगढ़ के नांगल चौधरी से विधायक अभय सिंह यादव, कुरुक्षेत्र के थानेसर से विधायक सुभाष सुधा, भिवानी के बवानी खेड़ा से विधायक बिशंबर सिंह वाल्मीकि और गुरुग्राम के सोहना से विधायक संजय सिंह ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद की शपथ ली। मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे।

केजरीवाल कानून के लंबे हाथों से बच नहीं सकते : पात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कई समन की तामील नहीं करने पर मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और कहा कि जब तक कथित आबकारी नीति घोटाले में उनकी संलिप्तता के सबूत हैं, तब तक वह कानून के 'लंबे हाथों' से बच नहीं सकते।

भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने इसी मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता का बचाव करने के लिए भी आम

आदमी पार्टी (आप) की आलोचना की और कहा कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई सबूतों पर आधारित है।

पात्रा ने कहा-राजनीतिक दल जांच एजेंसियों का गठन नहीं करते हैं। भाजपा की यह प्रतिक्रिया आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा ईडी को भाजपा की राजनीतिक शाखा बताए जाने और इसके राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के खिलाफ जांच एजेंसी के आरोपों को खारिज किए जाने के एक दिन बाद आई है। केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के एक मामले में सोमवार को ईडी के समन की अनदेखी की थी। आप ने ईडी के समन को 'अवैध' करार दिया और आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार केजरीवाल को निशाना बनाने और लोकसभा चुनाव में उनको प्रचार करने से रोकने के लिए जांच एजेंसी का 'इस्तेमाल' कर रही है।

राजनीतिक हथियार बन गई है ईडी: आतिशी

दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर 'राजनीतिक हथियार' बनने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उच्चतम न्यायालय ने एजेंसी के इस आरोप को खारिज कर दिया था कि बीआरएस नेता के. कविता अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति में लाभ के लिए आम आदमी पार्टी के नेताओं को 100 करोड़ रुपये का भुगतान करने में शामिल थीं। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि ईडी का मकसद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना है।

दो दशक बाद पूर्व पुलिसकर्मी को उम्रकैद

मुंबई, एजेंसी

फर्जी मुठभेड़ मामला

- **बॉम्बे हाईकोर्ट ने बरकरार रखा निचली अदालत का फैसला, 13 पुलिसकर्मी समेत 22 पर था आरोप**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2006 में गैंगस्टर छोटा राजन के करीबी सहयोगी रामनारायण गुप्ता की फर्जी मुठभेड़ के मामले में मंगलवार को पूर्व पुलिसकर्मी प्रदीप शर्मा को दोषी ठहराया व उम्रकैद की सजा सुनाई है।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की खंडपीठ ने शर्मा को बरी करने के सत्र न्यायालय के 2013 के फैसले को गलत और अस्थिर करार देते हुए रद कर दिया। दो दशक बाद अदालत ने कहा, ट्रायल कोर्ट ने शर्मा के खिलाफ उपलब्ध भारी सबूतों को नजरअंदाज कर दिया था। सबूतों की सामान्य श्रृंखला मामले में उनकी संलिप्तता को स्पष्ट रूप से साबित करती है। पीठ ने शर्मा को तीन सप्ताह में संबंधित सत्र अदालत के समक्ष सरेंडर करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने पुलिसकर्मियों सहित 13 व्यक्तियों को निचली अदालत द्वारा दी गई दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को भी बरकरार रखा और छह अन्य आरोपियों की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को रद कर दिया और उन्हें बरी कर दिया है। हत्या के लिए 13 पुलिसकर्मियों सहित बाईस लोगों पर आरोप लगाया गया था। 2013 में सत्र न्यायालय ने सबूतों के अभाव में प्रदीप शर्मा को बरी कर दिया और 21 आरोपियों को दोषी ठहराया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 21 आरोपियों में से दो की हिरासत में मौत हो गई। जहां अभियुक्तों ने अपनी दोषसिद्धि को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में अपील दायर की, वहीं अभियोजन पक्ष और मृतक के भाई रामप्रसाद गुप्ता ने प्रदीप शर्मा को बरी करने के फैसले के खिलाफ अपील दायर की। मीडिया के मुताबिक, विशेष लोक अभियोजक राजीव चव्हाण ने तर्क दिया था कि वर्तमान मामले में, जो अधिकारी कानून और व्यवस्था के संरक्षक थे, वे स्वयं एक चरणबद्ध निर्मम हत्या में शामिल थे। मामले में शर्मा को दोषी ठहराने की मांग करने वाले अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया था कि पूर्व पुलिसकर्मी अपहरण और हत्या के पूरे ऑपरेशन का मुख्य साजिशकर्ता और प्रमुख था। 11 नवंबर, 2006 को लखन भैया का फर्जी एनकाउंटर हुआ था। 33 साल के वसई मुंबई के रहने वाले लखन भैया पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज था, उसे 11 नवंबर, 2006 को मुंबई पुलिस की एक टीम ने छोटा राजन गैंग के संदिग्ध सदस्य के रूप में हिरासत में लिया था उसी दिन शाम को मुंबई में लखन भैया का एनकाउंटर हो गया था।

प्रशासनिक बैठक में शामिल होने पर विवादों में घिरे नवाज

इस्लामाबाद। आम चुनाव के बाद से गायब पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ ने पंजाब सरकार की तीन प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। बैठक में उनकी उपस्थिति ने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। दरअसल, नवाज के पास मौजूदा समय में कोई आधिकारिक पद नहीं है।

तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री नवाज शरीफ ने सोमवार को अपनी बेटी मरियम शरीफ के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। इस बैठक के बाद एक हैंडआउट जारी किया गया, जिसमें बताया गया कि नवाज ने अधिकारियों को परियोजनाओं के लिए निर्देश जारी किए। ऐसे में उनका बैठक की अध्यक्षता करना कई सवाल खड़े करता है।

निष्क्रिय डीमैट अकाउंट क्लोज कराएं नहीं तो देनी होगी फीस

अगर आप अपने डीमैट खाते का लगातार इस्तेमाल नहीं करते हैं तो ऐसे में आपका अकाउंट इनएक्टिव हो सकता है या फिर आपको अकाउंट के लिए मेंटेनेंस फीस चुकानी पड़ सकती है। इस तरह के अनावश्यक खर्चों से बचने के लिए बेहतर है कि इसे बंद करा दें।

कब निष्क्रिय होता है खाता

एनएसई के नियम के मुताबिक, यदि किसी ट्रेडिंग अकाउंट में 12 महीने से कोई लेनदेन नहीं होता तो स्टॉक ब्रोकर को उस ट्रेडिंग और डीमैट अकाउंट को निष्क्रिय के रूप में वर्गीकृत करना होगा। एनएसई द्वारा जारी सर्कुलर अन्य स्टॉक एक्सचेंजों पर भी लागू होता है।

कैसे बंद करें डीमैट खाता



पहले अपने सभी शेयर बेचें या दूसरे डीमैट खाते में ट्रांसफर करें। कोई चार्ज या फीस बकाया है तो उसका सेटलमेंट करें। इसके बाद अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) डीपी से क्लोजर फॉर्म लेकर भरें। पैन कार्ड की कॉपी, एड्रेस प्रूफ और आइडेंटिटी प्रूफ जैसे डॉक्यूमेंट अटैच करें। वेरिफिकेशन के बाद क्लोजिंग प्रोसेस शुरू हो जाएगी

खाता फिर से कैसे करें सक्रिय

डीमैट खाता फिर चालू करना यदि ट्रेडिंग/डीमैट अकाउंट 12 से 24 महीने तक निष्क्रिय रहा है तो अपने स्टॉक ब्रोकर को कॉल करके या ईमेल के जरिए अनुरोध करके उसे फिर से शुरू करवाया जा सकता है। इसमें ओटीपी के जरिए वेरिफिकेशन होती है। यदि निष्क्रियता 24 महीने से ज्यादा है तो री-केवाईसी और इन-पर्सन वेरिफिकेशन प्रोसेस की जरूरत पड़ सकती है। यह प्रक्रिया लगभग नए अकाउंट खोलने जितनी ही जटिल और लंबी हो सकती है। बता दें, डीमैट खाता को बंद करने की रिक्वेस्ट करने के बाद आपका खाता कुल 10 दिन के भीतर बंद कर दिया जाएगा। ध्यान देने वाली बात ये है कि इस खाते को बंद करने में आपको किसी तरह का चार्ज नहीं देना होगा। वहीं अगर आपके खाते में कुछ पैसे बकाया है तो उस शुल्क को देने के बाद ही आप अकाउंट को बंद कर सकते हैं।

एक नजर

अल-शिफा अस्पताल पर हमले में आईडीएफ सैनिक की मौत

गाजा। गाजा शहर में अल-शिफा अस्पताल परिसर पर सोमवार तड़के इजराइली सेना की। छापेमारी के दौरान एक इजराईली सैनिक की मौत हो गई, जबकि हमले में कई गाजावासी भी मारे गए हैं। आईडीएफ के अनुसार, इजराइली लोगों की मौतों की कुल संख्या 593 हो गई है। वहीं हमास ने कहा- अल-शिफा अस्पताल में घुसपैठ कर रहे इजराइली बलों के साथ झड़पों में कई लड़ाकों की मौत हुई है। हमास ने कहा- सैन्य वाहनों को निशाना बनाया जिससे मौतें हुईं। बता दें, आईडीएफ सैनिक गाजा के सबसे बड़े अस्पताल में ऑपरेशन कर रहे हैं। सेना ने 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

बलूचिस्तान प्रांत में आया 5.4 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को 5.4 तीव्रता का मध्यम भूकंप आया। इस दौरान और किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस घटना की सूचना अधिकारियों ने दी। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, भूकंप का केंद्र क्वेटा से 150 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में 35 किलोमीटर की गहराई में था। विवरण के अनुसार, भूकंप के झटके राजधानी क्वेटा, नोशकी, चागी, चमन, किला अब्दुल्ला, दलबादीन, पिशिन और प्रांत के कुछ अन्य इलाकों में महसूस किए गए। पाकिस्तान मौसम कार्यालय ने कहा कि भूकंप के झटके पाकिस्तान-ईरान सीमा क्षेत्रों में भी महसूस किए गए।

भारतीय-अमेरिकी पेशेवरों ने मोदी की जीत के लिए किया हवन

वाशिंगटन। सिलिकॉन वैली के भारतीय-अमेरिकी तकनीकी पेशेवरों ने भारत में लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत के लिए एक मंदिर में हवन-पूजन कराया। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) और यूएसए सैन फ्रांसिस्को बे एरिया चैप्टर द्वारा आयोजित हवन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मीडिया के अनुसार, यह केवल एक अनुष्ठान नहीं था बल्कि अधिकांश भारतीयों और प्रवासी भारतीयों की इच्छाओं की पूर्ति के लिए एक सामूहिक आह्वान था।

सर्जरी के बाद पहली बार केट व प्रिंस विलियम सार्वजनिक रूप से दिखे

लंदन। प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी कैथरीन का उनके विंडसर स्थित घर के पास एक दुकान का वीडियो सामने आया है, जो दो महीने पहले केट की पेट की सर्जरी के बाद उनका यह पहला फुटेज है। मीडिया की खबर के मुताबिक बताया गया है कि लंदन के पश्चिम में विंडसर में यह वीडियो शनिवार को बनाया गया। सोमवार को एक छोटा क्लिप जारी किया जिसमें विलियम और केट को मुस्कराते हुए, हाथ में खरीदे गए सामान के थैले लेकर चलते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में केट खुश दिख रही हैं। हालांकि, दोनों के केनसिंगटन पैलेस स्थित कार्यालय ने इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है।

अरुणाचल पर निराधार तर्क दोहराने से दावों पर वैधता नहीं मिलती: भारत

विरोध के बावजूद नहीं रुका चीन, रणधीर बोले-भारत का अविभाज्य हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

अरुणाचल प्रदेश पर चीन के 'बेतुके दावों' को विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'बार-बार इस संबंध में निराधार तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती है।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहेगा।

जयसवाल का बयान चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग शियाओगांग की टिप्पणियों पर मीडिया के सवालों के जवाब में आया है। दरसअल, चीनी प्रवक्ता ने अरुणाचल प्रदेश पर बीजिंग के दावे को दोहराया और इस क्षेत्र को चीन के क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा बताया था। जब झांग से अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के माध्यम से भारत की सैन्य तैयारी बढ़ाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि जिजांग का दक्षिणी भाग (तिब्बत का चीनी नाम) चीन के क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा है और बीजिंग इसे 'कभी स्वीकार नहीं करता और दृढ़ता से विरोध नहीं करता। बता दें कि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है और कहा है कि राज्य देश का अभिन्न अंग है। नई दिल्ली ने क्षेत्र को 'मनगढ़ंत' नाम देने के बीजिंग के कदम को भी खारिज कर दिया है और कहा है कि इससे वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है।

प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के बाद चीन नहीं सोया चैन की नींद

9 मार्च को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। यह रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करने की उम्मीद है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। यहां तक की बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है।

क्या है विवाद

- दोनों देशों में 3488 किलोमीटर लंबी एलएसी (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) को लेकर विवाद है। हालांकि, चीन अरुणाचल प्रदेश वाले हिस्से को भी विवादित मानता है।
- अरुणाचल प्रदेश की 1126 किलोमीटर लंबी सीमा चीन के साथ और 520 किलोमीटर लंबी सीमा के साथ मिलती है।
- चीन का दावा है कि अरुणाचल पारंपरिक तौर पर दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा है, वहीं भारत अक्साई चिन इलाके को अपना बताता है।
- 1962 के युद्ध में चीन ने अक्साई चिन वाले हिस्से पर कब्जा कर लिया था।

चीन ने अरुणाचल के स्थानों के नाम बदले

इससे पहले चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया है। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। भारत चीन की इस हरकत पर पलटवार करता रहा है।

मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकारा

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहीं तमिलिसाई सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

अब उनकी जगह झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को तेलंगाना के गवर्नर और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी रिलीज के मुताबिक, राधाकृष्णन तेलंगाना-पुडुचेरी में नियमित नियुक्तियां होने तक प्रभार संभालेंगे। गौरतलब है कि तमिलिसाई ने राज्यपाल और उपराज्यपाल पद से इस्तीफे के बाद कहा था कि उनके ऊपर ऐसा करने का कोई दबाव नहीं था। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में उन्होंने अपने कार्यकाल का आनंद लिया है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि उनका अगला कदम क्या होगा और क्या वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगी? इस पर उन्होंने कहा कि वह अपनी योजनाओं के बारे में बाद में बताएंगी।

हनुमान चालीसा बजाने पर दुकानदार को पीटा, हंगामा

बेंगलुरु, एजेंसी

- **बेंगलुरु में व्यापारी पर हमले के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन सांसद समेत पांच लोग गिरफ्तार**

बेंगलुरु के नगरथपेटे में मंगलवार को तनाव काफी बढ़ गया है। दरअसल, रविवार को अजान के दौरान अपनी दुकान में हनुमान चालीसा बजाने को लेकर कुछ लोगों ने एक व्यापारी को बेहरमी से पीटा था, इसको लेकर भाजपा ने विरोध में प्रदर्शन किया। इस घटना के सिलसिले में अब तक पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे और भाजपा विधायक एस सुरेश कुमार उन लोगों में शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने एहतियातन हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कहा कि घटना के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। भाजपा ने पीड़ित मुकेश की दुकान से शांतिपूर्ण जुलूस निकालने का आह्वान किया था, जिसमें लोगों ने 'हनुमान चालीसा' का जाप किया गया था। दरअसल, कुछ युवाओं ने रविवार को जुमा मस्जिद रोड पर अपनी दुकान में 'अजान' के दौरान लाउडस्पीकर पर मुकेश द्वारा 'हनुमान चालीसा' बजाने पर आपत्ति जताई और इसके बाद उसके साथ मारपीट की। सुरेश कुमार ने आरोप लगाया, "हनुमान चालीसा बजाने वाले व्यापारी पर इस तरह का हमला होते देखना बेहद दर्दनाक है। समाज में शांति भंग करने की कोशिश की जा रही है।

बेंगलुरु में मंगलवार को सड़कों पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता।

दरअसल, बेंगलुरु में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया।

वायुसेना बनी दूत...

लेह: खराब मौसम के कारण लेह में फंसे नागरिकों को बचाने के लिए अब भारतीय वायु सेना आगे आई है। भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान से हताहतों को एयरलिफ्ट किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इस विमान की मदद से घायलों को लेह से चंडीगढ़ पहुंचाया गया है। बता दें, बर्फ और खराब मौसम के कारण सड़कें बंद हो गई। इस वजह से भारतीय वायु सेना लद्दाख और उसके आसपास के दूरदराज के क्षेत्रों में फंसे हमारे नागरिकों के लिए एकमात्र जीवन रेखा बनी हुई है।

पिता की छोड़ी सीट से आसिफा ने भरा नामांकन

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की छोटी बेटी आसिफा अली जरदारी ने पाकिस्तान की राजनीति में कदम रखा है। उन्होंने सिंध प्रांत की नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव लड़ने के लिए अपनी उम्मीदवारी दाखिल की।

उन्होंने अपनी पिता की छोड़ी सीट से नामांकन दाखिल किया है। 31 वर्षीय आसिफा पिछले कुछ समय से राजनीति में काफी सक्रिय है, लेकिन उनके पिता और पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने उन्हें अबतक संसदीय राजनीति से दूर रखा था। आसिफा ने रविवार को सिंध प्रांत के शहीद बेंजीराबाद जिले के एनए 207 निर्वाचन क्षेत्र से उपचुनाव के लिए अपना नामांकन भरा। बता दें कि आसिफ अली जरदारी ने यहां से चुनाव जीता था, लेकिन राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने यह सीट खाली कर दी।

अवैध निर्माण ढहाने के आदेश में हाईकोर्ट का दखल देने से इनकार

कोलकाता, एजेंसी

- **कोर्ट ने कहा-अनाधिकृत ढांचों पर रोक वाली याचिका पर सामान्य प्रक्रिया से ही होगी सुनवाई**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अवैध इमारतों ढहाने के आदेश में दखल देने से इनकार किया। अदालत ने कहा कि वह याचिका पर तत्काल सुनवाई नहीं करेगी। याचिका में अनाधिकृत ढांचों को ढहाने के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। बता दें कि एक दिन पहले कोलकाता में एक निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत ढहने से नौ लोगों की मौत हो गई।

जबकि कई लोग घायल हो गए। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने विभिन्न नगर निकायों में कथित अवैध इमारतों को गिराने के आदेश में दखल देने से इनकार किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से तीन वकील अदालत में पेश हुए। उन्होंने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। उच्च न्यायालय ने कहा कि वह ऐसे मामलों की सुनवाई सामान्य प्रक्रिया से ही करेगा। जब एक वकील ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की तो अदालत ने कहा कि वह अभी विध्वंस के किसी भी मामले में सुनवाई की अनुमति नहीं दे रही है। वकील ने दावा किया कि विध्वंस की तारीख 20 मार्च है और अगर मामला बाद में सुनवाई के लिए आता है तो यह पूरी तरह कवायद व्यर्थ हो जाएगी। इस पर न्यायमूर्ति सिन्हा ने कहा, इसे व्यर्थ ही रहने दें, पहले इंसानों का जीवन बचाया जाए। अदालत दखल नहीं दे रही है। न्यायमूर्ति सिन्हा ने इसी तरह की परिस्थितियों का दावा करने वाली एक अन्य याचिका पर कहा, विध्वंस जारी रहने दिया जाए। अदालत दखल देने नहीं जा रही है।

ट्रंप मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा : उप राष्ट्रपति हैरिस

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होना है। इस चुनावी दौड़ में राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच टक्कर होती दिख रही है। ऐसे में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब ट्रंप पर अमेरिकी उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने निशाना साधा है।

उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति को लोकतंत्र और मौलिक स्वतंत्रता के लिए 'खतरा' बताया और रो बनाम वेड को बहाल करने, मतदान के अधिकारों की रक्षा करने और बंदूक हिंसा के मुद्दों को हल करने का संकल्प लिया। एक्स पर हैरिस ने कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप हमारे लोकतंत्र और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन और मैं फिर से रो को बहाल करेंगे, मतदान अधिकारों की रक्षा करेंगे और अंत में बंदूक हिंसा मुद्दे पर बात करेंगे। इस पर आखिर विरोध क्यों हो रहा है यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के अभियान प्रवक्ता जेम्स सिंगर ने कहा था कि ट्रंप छह जनवरी की घटना फिर दोहराना चाहते हैं। क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति ने कहा था, 'अगर अब मैं चुना नहीं जाता हूं तो यहां खून-खराबा होगा। कम से कम यह होगा ही। खून-खराबा देश के लिए होने जा रहा है। साल 2021 में जब ट्रंप चुनाव में हार गए थे, तब लोगों की भीड़ छह जनवरी 2021 में कैपिटल हिल में जबरन घुस आई थी।

विज्ञान लाल ग्रह की धरती पर पैदल चलने को लेकर नासा के वैज्ञानिकों ने शुरू की तैयारी

मंगल पर 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा इंसान

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : लाल ग्रह मंगल की धरती पर पैदल चलने को लेकर वैज्ञानिकों ने तैयारी शुरू कर दी है। मंगल की धरती पर इंसान कितने किमी चल पाएगा। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार मंगल पर इंसान शुरुआत में 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा। मंगल बियावान रेत का जंगल है।

जहां पृथ्वी की तरह ऊंचे पर्वत और मैदान हैं। विशाल रेगिस्तान हैं और गड्ढे भी हमारी धरती की तरह ही हैं, लेकिन नही है तो हरियाली है। साथ ही नीले महासागरों का नितांत अभाव है। इसी क्रम में वहा का वातावरण भी हमसे कुछ हद तक जुदा है। जिस कारण मंगल का शुरुवाती चरण बेहद चुनौतीभरा रहने वाला है। मगर शुरुआत तो करनी ही होगी। इस मार्ग पर आने वाली कठिनाइयों को लेकर पूर्व में जानकारी जरूरी होने के कारण वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया है।

इस कड़ी में वैज्ञानिकों का पहला सर्वे मंगल ग्रह के चारों ओर पैदल घूमने में समय का पता लगाना है। जॉर्ज मेसन विश्वविद्यालय के खगोल वैज्ञानिक प्रो एर्डल यिगिट के अनुसार इस दिशा में अनिवार्य रूप से दो मापदंडों पर ध्यान देने की सर्वाधिक जरूरत होगी। जिसमें अंतरिक्ष यात्री की गति और दिशा के साथ और दूरी को शामिल किया गया है। मंगल ग्रह के भूमध्य रेखा के चारों ओर घूमने के लिए लगभग 21400 किलोमीटर चलना होगा। इतनी लंबी यात्रा के लिए कितनी गति से मानव को चलना होगा। किस गति से चलना होगा। वहा की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। ऐसे पड़ाव भी आएंगे, जहां ठंड से गुजरना होगा। पहले अनुमान में यह तय किया गया कि सिर्फ लगभग 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा।

मंगल ग्रह पर इंसान का प्रतिकात्मक चित्र।

मंगल ग्रह पर ऑक्सीजन साथ लेकर ही जा सकते हैं

मंगल पर न कोई सड़क होगी न पानी भोजन या वाहन की कोई व्यवस्था होगी। साथ ही ऑक्सीजन की अलग समस्या होगी। लिहाजा इंसान को पर्याप्त ऑक्सीजन, पानी और भोजन साथ लेकर चलना होगा। यह चुनौती उसी प्रकार की होगी, जैसा कि आदि काल में मानव को झेलनी पड़ी थी। लिहाजा उन परिस्थितियों को ध्यान में रखना होगा, जो पृथ्वी पर आदिकाल मे रही थी।

एच-1बी वीजा पंजीकरण की घोषणा, जारी की गाइडलाइन

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय आइटी पेशेवरों में लोकप्रिय अमेरिकी एच-1बी वीजा की वित्तीय वर्ष 2025 के लिए प्रारंभिक पंजीकरण की तिथि 22 मार्च को खत्म हो रही है। अमेरिकी संघीय एजेंसी ने बताया कि यह सुविधा यूएससीआईएस की साइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

अमेरिकी तकनीकी कंपनियां हर वर्ष भारत और चीन जैसे देशों के हजारों एच-1बी वीजा धारक कर्मचारियों की भर्ती करती हैं। अमेरिकी नागरिकता व आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने सोमवार को बताया कि तय तिथि तक संभावित आवेदकों और कानूनी प्रतिनिधियों को चयन प्रक्रिया के लिए हर लाभार्थी का पंजीकरण करने और पंजीकरण शुल्क भुगतान करने के लिए दिए गए ऑनलाइन अकाउंट का उपयोग करना होगा। एच-1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी तकनीकी कंपनियों को विदेशी कामगारों की एक निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति करने की अनुमति देता है। मीडिया को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि गैर-आप्रवासी कर्मचारियों के लिए फार्म आइ-129 और प्रीमियम प्रोसेसिंग सेवा के लिए आइ-907 फार्म यूएससीआईएस पर आनलाइन उपलब्ध है। यूएससीआईएस ने बताया कि एक अप्रैल से एच-1बी कैप आवेदनों के लिए फार्म की ऑनलाइन आवेदन स्वीकार शुरू कर दिया जाएगा।